सेंसेक्स 74,248.22 ▲ +20.59
डॉलर 83.317 ▼ -0.159

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 38.0 | 24.0 | 31.0 |
| धनबाद | 40.0 | 27.0 | 33.0 |
| जमशेदपुर | 42.0 | 25.0 | 36.0 |
| पलामू | 40.0 | 23.0 | 33.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, चैत्र कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 रांची, शनिवार, 06 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-65, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
मैं कहता हूं-भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते ...12 देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 66,200

चांदी (1 किलो) 85,300

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# पहली बार मतदान करेंगे 92 वर्षीय खलील अंसारी

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का सीईओ ने अधिकारियों को दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने साहेबगंज जिला के मंडरो के दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में गांवों में जाकर वरिष्ठ और दिव्यांग मतदाताओं से मुलाकात की। बड़खोरी गांव के एक घर में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को करीब 92 साल के एक वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिक खलील अंसारी मिलें, उनसे मतदाता सूची में उनका नाम होने की जानकारी ली। बुजुर्ग खलील अंसारी ने बताया कि पूर्व में वे बिहार के पूर्णिया जिले में रहते थे, लेकिन अब बड़खोरी में रह रहे हैं। खलील ने बताया कि मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण वह आज तक मतदान नहीं किया है। इसपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खलील का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया तत्काल करने का निर्देश दिया। उन्होंने अन्य वरिष्ठ मतदाताओं से मिलकर उनके लिए मतदान केन्द्र पर उपलब्ध न्यूनतम



सुविधा एवं अन्य व्यवस्थाओं को जाना।

*(विस्तृत खबर पेज 4 पर)*

# रामदूत बन पुलिसकर्मियों ने 70 रामभक्तों को बचाया

## अयोध्या से वाराणसी होते हुए दुमका लौट रही थी बस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अयोध्या में भगवान श्री राम का दर्शन कर झारखंड के दुमका लौट रहे तीर्थयात्रियों की चलती बस में गुरूवार रात करीब 3 बजे वाराणसी के महुआडीह थाना क्षेत्र के महेशपुर के पास अचानक आग लग गई। बस में सवार सभी 70 यात्री उस समय सो रहे थे। बस में आग लगा देख यूपी पुलिस के दो कर्मियों ने बस को ओवर टेक कर रूकवाया। देवदूत बनकर आये पुलिसकर्मियों ने एक एक कर बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला।



बस में सवार सभी 70 तीर्थयात्री दुमका से अयोध्या गए थे और वाराणसी के रास्ते वापस दुमका लौट रहे थे, तभी देर रात तीन बजे ये हादसा हो गया। बस में आग लगा देख कॉस्टेबल रोहित और धर्मवीर ने बाइक से ओवरटेक कर बस को रूकवाया। दोनों ने बस में सवार तीर्थयात्रियों को बताया कि बस के पिछले हिस्से में आग लग गई है, सभी यात्री एक एक कर सुरक्षित बाहर निकले। दोनों पुलिसकर्मियों की सतर्कता की वजह से 70 तीर्थयात्रियों की जान बच गई, थोड़ी देर में देखते ही देखते पूरा एसी बस जलकर खाक हो गया, इसमें सभी तीर्थयात्रियों का सामान भी जल कर राख हो गया। तीर्थ यात्रियों के 68 मोबाइल जल गए हैं। दो तीर्थ यात्रियों के मोबाइल उनके पास थे जो सुरक्षित रह गए।

### सभी तीर्थयात्री दुमका के विभिन्न प्रखंडों के हैं निवासी

अयोध्या से वाराणसी होते हुए लौट रहे सभी तीर्थयात्री दुमका जिले के विभिन्न प्रखंडों के हैं। जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आज के मैच

समय : 06 अप्रैल, 7:30 बजे से

स्थान : जयपुर





## एक नजर

### झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का निधन



**रांची।** राज्य के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो (72) का रांची में निधन हो गया है। गुरुवार की रात 11 बजे वह रांची के लालपुर स्थित अमरावती अपार्टमेंट स्थित अपने फ्लैट के बाथरूम में बेहोश होकर गिर गये थे, जिसके बाद परिजन उन्हें लालपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लालचंद महतो झारखंड गठन के बाद बनी पहली सरकार में ऊर्जा मंत्री थे।

## वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी 7 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान

# आरबीआई ने रेपो रेट 6.50 फीसदी पर रखा बरकरार

### वित्त वर्ष 2024-25 की पहली एमपीसी की हुई समीक्षा बैठक

### होम लोन नहीं होगा महंगा, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

### महंगाई दर के अनुमान को 4.50 फीसदी पर रखा गया

**ब्यूरो। मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने लगातार सातवीं बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। रेपो रेट में बदलाव न होने से होम लोन नहीं होगा महंगा और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।
आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां तीन अप्रैल से चल रही एमपीसी की समीक्षा बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी दी। शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक समित ने 5-1 की बहुमत से रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला किया है। दास ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई दर और आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता को देखते हुए यह फैसला किया गया है।

शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर सात फीसदी पर रहने का अनुमान है। हालांकि, यह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7.6 फीसदी की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### अब यूपीआई के जरिए हो सकेगा कैश डिपॉजिट

अब लोग जल्द ही यूपीआई के जरिए नकदी जमा करने वाली मशीन में कैश डिपॉजिट कर पाएंगे। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा की घोषणा करने के दौरान यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, एटीएम में यूपीआई के जरिए कार्ड-रहित नकद निकासी से प्राप्त अनुभव को देखते हुए यूपीआई का उपयोग करके नकदी जमा करने वाली मशीन (सीडीएम) में पैसा जमा करने की सुविधा भी प्रदान करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि आरबीआई इन उपायों के बारे में जल्द ही दिशा-निर्देश जारी करेगा। उन्होंने यह कदम ग्राहकों के लिए चीजें सुगम और बैंकों में मुद्रा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। इसके अलावा प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) कार्ड धारकों को बैंक खाताधारकों की तरह तीसरे पक्ष के यूपीआई एप के जरिए यूपीआई भुगतान करने की सुविधा देने का भी प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इससे ग्राहकों के लिए चीजें और आसान होंगी और छोटी राशि के लेन-देन के लिए डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा मिलेगा।


# भूमि घोटाला : ईडी को मिले 'अर्जेंट सीएमओ पिंटू' लिखे दस्तावेज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े भूमि घोटाले मामले में ईडी को अब तक की जांच में महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं। बड़गाईं अंचल में हुई छापेमारी के दौरान तीन ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिसपर लिखी बातें काफी चौंकाने वाली हैं।

सूत्रों के अनुसार जो पहला दस्तावेज मिला है, उसपर लाल कलम से 'भुंइहरी सीएम बड़गाईं' लिखा हुआ है। इसी पेज में 'पिंटू' भी लिखा गया था, जिसे कलम से काट दिया गया। ईडी के हाथ जो दूसरा दस्तावेज लगा है, उसपर नीली कलम से 'सीएमओ अर्जेंट' लिखा हुआ है और उसके नीचे अंडरलाइन किया हुआ है। इसी पेज में 'पिंटू' भी लिखा गया था, जिसे कलम से काट दिया गया था। तीसरे पन्ने में पीले रंग के पेपर पर मोटे-मोटे अक्षरों में लाल रंग की कलम से 'सीएम बड़गाईं भुइंहरी' लिखा हुआ है। एजेंसी ने ये सभी दस्तावेज सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किए हैं।

हेमंत सोरेन व अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर





### ईडी का हाईकोर्ट से आग्रह, हेमंत सोरेन द्वारा दर्ज एससी-एसटी केस की सीबीआई जांच हो



झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विगत 31 जनवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले उनकी ओर से रांची के एससी-एसटी थाने में ईडी अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। इसके खिलाफ ईडी ने झारखंड हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। इसमें उसके अधिकारियों और मीडियाकर्मियों के खिलाफ एससी और एसटी एक्ट के तहत दर्ज करवाए गए मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आग्रह किया गया है। इस मामले की जांच फिलहाल रांची पुलिस कर रही है। रांची पुलिस ने सीआरपीसी-41ए के तहत ईडी के सहायक निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा, अनुपम कुमार और एक अन्य अधिकारी समेत ईडी अधिकारियों को नोटिस भेजा था और उन्हें पूछताछ के लिए थाना बुलाया था। हालांकि, झारखंड हाईकोर्ट ने नोटिस पर रोक लगा दी थी।

## आजकल





### झारखंड हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार से पूछा

# आदिवासियों का धर्मांतरण रोकने के लिए क्या कार्रवाई हो रही है?

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश में आदिवासियों का दूसरे धर्मों में मतांतरण रोकने के लिए क्या कार्रवाई हो रही है? सरकार की इस विषय पर क्या नीति और क्या कार्ययोजना है? कोर्ट ने शुक्रवार को इस मुद्दे से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दोनों सरकारों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 12 जून को मुकर्रर की गई है। जनहित याचिका सोमा उरांव नामक शख्स की ओर से दाखिल की गई है। इसमें बताया गया है कि झारखंड में आदिवासियों को





प्रलोभन और झांसा देकर जबरन दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। प्रार्थी के अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने कोर्ट में पक्ष रखते हुए कहा कि कुछ संस्थाएं चंगाई सभा आयोजित कर आदिवासियों को भ्रमित कर रही हैं। इसकी जांच के लिए सरकार की ओर से कमेटी गठित की जानी चाहिए। कोर्ट को यह भी बताया गया कि धर्मांतरण के मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी एक जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है।

# कांग्रेस के 48 पेज के घोषणा पत्र में दी 5 न्याय और 25 गारंटियां

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को 48 पेज का घोषणा पत्र जारी किया। यह घोषणा पत्र संयुक्त रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे घोषणा पत्र कमेटी के अध्यक्ष पी चिदंबरम, राज्य सभा सदस्य सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन द्वारा कांग्रेस मुख्यालय में जारी किया गया।

घोषणा पत्र जारी करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि व्यापक जनभागीदारी के बाद तैयार





किया गया यह घोषणा पत्र देश के राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के इस महत्वाकांक्षी घोषणापत्र में 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया गया है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां पत्रकार सम्मेलन में कांग्रेस के इस घोषणा पत्र को न्याय पत्र बताया और कहा कि यह 'न्याय पत्र' भारत के शक्तिशाली भविष्य के निर्माण का एक स्पष्ट रोड मैप है। यह गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचितों के लिए संवेदनशील और प्रगतिशील गारंटियों और योजनाओं का एक संग्रह है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### भ्रष्टाचारी व परिवारवादी पार्टियां एकजुट

# मोदी को हराने के लिए विदेशी ताकतें भी लगीं हैं : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व सीएम व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह आम चुनाव असाधारण है। प्रधानमंत्री मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारी व परिवारवादी पार्टियां एकजुट हुई है। विदेशी ताकतें भी उनका साथ दे रही हैं। लेकिन देश की जनता तो मोदी जी के साथ है। इसलिए इस बार भाजपा चार सौ पार करेगी। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में 63 प्रतिशत मत वीडी राम को मिला था। इस बार मत प्रतिशत को दस प्रतिशत बढ़ाना है। इस बार 73 प्रतिशत तक ले जाना है। इसके लिए कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं।

### यह चुनाव परिवारवाद को नकारने का है : वीडी राम

यह चुनाव राष्ट्रवादियों और भ्रष्टाचारियों के बीच है। यह चुनाव परिवारवाद को नकारने का है। यह चुनाव देश को आर्थिक - सामरिक ताकत और विकास के शिखर पर ले जाने का है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक परिवार को मिला है। उन लाभार्थियों के परिवार से मिलें और भाजपा के नीति सिद्धांतों से अवगत कराएं।

श्री मरांडी शुक्रवार डालटनगंज विधानसभा के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# 21 अप्रैल को झामुमो का 'न्याय उलगुलान रैली'

### जुटेंगे इंडी गठबंधन के कई दिग्गज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में न्याय उलगुलान रैली का आयोजन करेगा। इसमें इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल होंगे। इस रैली के जरिए झारखंड में इंडिया गठबंधन, झारखंड में लोकसभा चुनाव के अपने अभियान का आधिकारिक आगाज करेगा।

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर झामुमो विधायक दल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा का लड़ेगी उपचुनाव : महुआ माजी



झामुमो के विधायकों व सांसदों की बैठक के बाद राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन निश्चित रूप से वे गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ेंगी।

# इंडिया उद्योग में बदलते कोचिंग और पब्लिक स्कूल और पिछड़ते सरकारी स्कूल



सुनील बादल

हाल ही में पलामू के एक उपायुक्त चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक स्कूल पहुंचे तो वहां की पढ़ाई का स्तर देख कर बहुत नाराज हुए क्योंकि बच्चे उनके किसी भी आसान सवाल का जवाब नहीं दे पाए। ऐसा ही हुआ था जब एक दशक पूर्व झारखंड के शिक्षा सचिव एके सिंह बोकारो के स्कूल में एक युवा को पढ़ाता देखकर खुश हुए पर पूछताछ से पता चला कि वह भाड़े का शिक्षक है असली गुरु जी तो आते ही नहीं। सातवें वेतन आयोग के बाद किसी भी स्कूल से अधिक वेतन पाने वाले ये सरकारी शिक्षक अपने ही बच्चों को सरकारी विद्यालयों में न पढ़ाकर पब्लिक स्कूलों में पढ़ाते हैं। कभी जनगणना तो कभी पशु गणना करने वाले सरकारी शिक्षकों में पारा शिक्षक,शिक्षा मित्र जैसे प्रयोगों से पढ़ाई पिछड़ती गई और बिहार झारखंड में सबसे बड़े उद्योग के रूप में अंग्रेजी स्कूलों और कोचिंग का व्यवसाय उभरा है। जिस तरह सरकारी डॉक्टर निजी प्रैक्टिस करते हैं उसी तरह कई शिक्षक निजी कोचिंग संस्थानों में भी नियमित पढ़ते हैं। यही हाल राष्ट्रीय स्तर पर है शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2023, ग्रामीण भारत के 14 से 18 वर्ष की आयु के युवाओं के बीच शिक्षा के निराशाजनक परिदृश्य पर रोशनी डालती है। पढ़ने के कौशल में आठवीं कक्षा के 30 फीसदी ग्रामीण छात्र दूसरी कक्षा के मानक पाठ नहीं पढ़ सकते। इसी तरह अंकगणित कौशल में आठवीं कक्षा के 55 फीसदी ग्रामीण छात्र बुनियादी भाग करने में असमर्थ थे। जबकि अंग्रेजी समझ एवं कौशल में, आठवीं कक्षा के आधे ग्रामीण छात्र आसान वाक्यों को पढ़ने में असमर्थ थे और जो पढ़ सकते थे, उनमें से लगभग एक तिहाई छात्र अर्थ बताने में असमर्थ थे। स्कूली शिक्षा में सीखने के अपर्याप्त परिणामों को देखते हुए समकालीन भारत में कोचिंग संस्थानों का विस्तार होना स्वाभाविक है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2022 ने बताया कि कक्षा एक से आठवीं तक के 30.5 फीसदी ग्रामीण छात्र सशुल्क निजी कोचिंग कक्षाएं ले रहे थे। स्कूली शिक्षा में मूलभूत कौशल और गहन सोच कौशल की कमी के कारण निजी कोचिंग पर निर्भरता जरूरी हो गई है। जैसे-जैसे छात्र उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, कोचिंग पर निर्भरता बढ़ती जाती है। भारत एक कोचिंग राष्ट्र में बदल गया है, न केवल महानगरीय शहरों में, बल्कि छोटे शहरों में भी सरकारी नौकरियों की इच्छा, जो सामाजिक सुरक्षा के साथ आती है, शायद ग्रामीण छात्रों को आगे बढ़ने के लिए यही एकमात्र रास्ता हो। भारत के 91 फीसदी कार्यबल अनौपचारिक रोजगार में है, जिसे सामाजिक बीमा के बिना रोजगार के रूप में परिभाषित किया गया है, अर्थात वृद्धावस्था पेंशन, मृत्यु/विकलांगता बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ इत्यादि से वंचित रोजगार। प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अंग्रेजी कौशल की आवश्यकता होती है, जिसके लिए कोचिंग अपरिहार्य हो जाती है। माता-पिता की उम्मीदें ऊंची बनी हुई हैं और उम्मीदवारों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। सफलता और विफलता को परिभाषित करने में कोचिंग एक महत्वपूर्ण कारक साबित हो सकती है। सभ्य गैर-कृषि रोजगार की अनुपलब्धता, रुकी हुई सरकारी नौकरियां और सीमित सरकारी नौकरियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए युवाओं के बीच अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा है, जिसने छात्रों को ट्यूशन और कोचिंग में धकेल दिया है। कुल मिलाकर, शिक्षा का मौलिक अधिकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार में तब्दील नहीं हुआ है, इसलिए निजी ट्यूशन और कोचिंग संस्थान तेजी से बढ़ रहे हैं। कोचिंग संस्थान लंबे समय तक एक अनियमित बाजार बने रहे, और कई शिकायतों और छात्रों की आत्महत्याओं के बाद ही सरकार कोचिंग सेंटरों को संचालित करने के लिए दिशा-निर्देश लेकर आई है। कोचिंग सेंटर का पंजीकरण और विनियमन, 2024 दिशा-निर्देश कोचिंग सेंटरों को भ्रामक वादे करने या सफलता की गारंटी देने से रोकते हैं। हालांकि, इसका उपाय स्कूली शिक्षा, उच्च अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की नींव में सीखने के परिणामों में सुधार करना है। इसके अलावा, हर कोई कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकता और सरकारी नौकरी की आकांक्षा नहीं कर सकता। गैर-औद्योगिकीकरण और संरचनात्मक परिवर्तन के उलट होने की स्थिति में जो कुछ बचा है, वह है गिग इकनॉमी, जो बिना किसी सामाजिक सुरक्षा जाल के कार्यबल को केवल निर्वाह प्रदान करती है। इस प्रकार, समकालीन भारत में नौकरियों को पुनर्जीवित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि सरकार कोचिंग को सरकारी शिक्षा का आसान विकल्प मान रही है तो भी इसे नियंत्रित करने के लिए कुछ नियम बनाए जाने की आवश्यकता है।



## एक नजर

### गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** डेली मार्केट थाना पुलिस ने गांजा के साथ अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। वह चुटिया थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी का रहने वाला है। इसके पास से 300 ग्राम गांजा, एक स्कूटी और वजन करने वाला मशीन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचा मिली थी कि एक व्यक्ति के जरिये कैलाश बाबू स्ट्रीट के रास्ते मादक पदार्थ का परिवहन किया जाना है, जिसको चेकिंग कर पकड़ा जा सकता है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने घेराबंदी कर अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### गांजा और ब्राउन शुगर के साथ तीन धराए

**रांची।** पुलिस ने ब्राउन शुगर और गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में राज कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह और अनिल कुमार साव शामिल है। इनके पास से 114 पुडिया गांजा, दो पुडिया ब्राउन शुगर, तीन वजन करने का मशीन बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुखेदव नगर थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड नंबर पांच में ब्राउन शुगर और गांजा का खरीद बिक्री हो रहा है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी और थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।

### एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में 'सॉफ्ट स्किल एनहांसमेंट' पर सत्र आयोजित



**रांची।** एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंग्लिश स्टडीज एंड रिसर्च ने शुक्रवार को एक सत्र का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य संचार और अभिव्यक्ति के छात्रों के डर को दूर करने के लिए उन्हें प्रेरित और सशक्त बनाना था। इस सत्र के माध्यम से छात्रों ने मूल्यवान सॉफ्ट कौशल सीखे, जो उन्हें भविष्य में त्मविश्वासी संचारक और प्रभावी नेता बनने में मदद कर सकते हैं। इस पहल का सफल कार्यान्वयन एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के सम्मानित कुलपति डॉ अशोक के. श्रीवास्तव ने सत्र के लिए अपनी शुभकामनाएं साझा की।

### डीएसपीएमयू के अखड़ा में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ ने रांची के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के अखड़ा में प्राकृतिक महापर्व सरहुल के उपलक्ष्य में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में माडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी उपस्थित थीं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से जुड़े छात्र-छात्राओं ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में आदिवासी परंपरा की झलक देखने को मिली।

---

नाली निर्माण कार्य में हो रहा है घटिया सामग्री का उपयोग

# गलत रूप से कार्य किया जा रहा है, तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी : बीडीओ

**पंचायत की मुखिया सरिता सिंह मुंडा से पूछने पर उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य सही रूप में किया जा रहा है**



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड के बड़ा चांगडू पंचायत के अडाल नावाडीह गांव में मुखिया द्वारा 15वें वित्त आयोग से घासी राम मुंडा के खेत से पंचानन महतो के खेत तक लगभग 160 फीट लंबी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें वेंडर द्वारा निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले घटिया ईटा का प्रयोग किया जा रहा है। आपको बताते चले की उसी गांव के कार्तिक महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक आवेदन देते हुए शिकायत दर्ज की है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग वेंडर द्वारा किया जा रहा है। घटिया ईटा का प्रयोग नाली निर्माण में किया जा रहा है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि शिलान्यास ना करते हुए नाली का निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में पंचायत की मुखिया सरिता सिंह मुंडा से पूछने पर उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य सही रूप में किया जा रहा है। इधर इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछने पर उन्होंने बताया कि हम हमारे पास एक आवेदन आया है जिसकी जांच के लिए एक पी एस का नियुक्ति किया गया है और एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट सौपने की बात कही गई है साथ ही उन्होंने कहा अगर गलत रूप से कार्य किया जा रहा है तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

---

# राजस्थान का अफीम तस्कर रांची पुलिस की गिरफ्त में



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक रांची तथा नामकुम एवं खरसीदाग ओपी थाना के सशस्त्र बल द्वारा अभियान चला कर 116 बोरा अफीम (डोडा) पकड़ा है। इसका बाजार मूल्य 2.25 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। प्रेस वार्ता कर एसएसपी चंदन सिन्हा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खूंटी की तरफ से अफीम लदे एक ट्रेलर (आरजे19जीडी9700) के आने की सूचना प्राप्त हुई थी। 10 माइल चौक के पास वाहन चेकिंग के दौरान गाड़ी को पकड़ा गया। आलू के बोरे से दबाकर अफीम को रखा गया था। वाहन चालक रमेश बिश्नोई राजस्थान का रहने वाला है। इसके साथ ही सतबीर उर्फ सतपाल राजस्थान, लुसा पाहन खूंटी, ताहीर उत्तर प्रदेश, प्रवीण मुंडा रांची, सोमा मुंडा रांची से पकडे गए है। चालक के ब्यान पर एसएसपी ने बताया कि दशम फॉल के अलग-अलग क्षेत्र से सोम मुंडा एवं प्रवीण मुंडा तथा खूंटी के अलग-अलग क्षेत्र में लूसा पाहन एवं उत्तर प्रदेश के रहने वाला ताहिर इन लोगों से लाइजिनिंग का काम करते हैं। जमा किए गए माल को मुख्य तस्कर सतबीर सिंह राजस्थान तक पहुंचाता था। पकड़े गए अपराधी के पास से आठ मोबाइल फोन, नगद 1150000 रुपये, हुंडई क्रेटा, एक बाइक और ट्रेलर मिला है।

---

### विस सचिवालय में संयुक्त सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए मिथलेश मिश्र को दी गई विदाई

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय में मिथलेश कुमार मिश्र की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वे झारखंड विधानसभा में संयुक्त सचिव पद पर पदस्थापित थे। वे विगत 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए थे। बिहार विधानसभा से कैडर विभाजन के उपरांत उन्होंने 1 जनवरी 2005 को झारखंड विधानसभा में अपना योगदान दिए थे। उन्होंने बिहार विधान सभा में 5 दिसंबर 1988 को योगदान दिया था। झारखंड विधानसभा में संयुक्त सचिव पद पर रखते हुए उन्हें बेहतर सेवा के लिए स्वर्गीय कपिलेश्वर प्रसाद उत्कृष्ट कर्मी पुरस्कार से वर्ष 2023 में सम्मानित भी किया गया था। मिश्र विधानसभा में एक बेहतर पदाधिकारी के साथ-साथ एक अच्छे समन्वयक एवं मंच संचालक के रूप में भी जाने गए। उन्होंने झारखंड विधानसभा में लंबे समय तक विधायी शोध संदर्भ एवं प्रशिक्षण कोषांग में प्रतिनियुक्त रखते हुए पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने के दायित्व का भी निर्वाहन किया।

# स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों से विचार विमर्श



**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष शुक्रवार को स्टैंडिंग कमेटि की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित तोरपा प्रखंड अंतर्गत मतदान केंद्र भवन के नाम में परिवर्तन कें लिए प्राप्त प्रतिवेदन एवं चुनाव के दौरान टेंट, शामियाना, विद्युतीकरण, ध्वनि विस्तारक यंत्र, मुद्रण, अल्पाहार एवं भोजन, मतदान सामग्री, वीडियोग्राफी, वाहन दर सहित अन्य सामग्रियों के लिए प्रस्तावित दर के संबंध में चर्चा करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहमति प्राप्त की गई। उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि 59-तोरपा के तोरपा प्रखंड अंतर्गत बूथ संख्या-74 राजकीय मध्य विद्यालय, सुंदारी का नया नाम बूथ संख्या-74 राजकीय मध्य विद्यालय, सुंदारी (पूर्वी भाग) तथा बूथ संख्या-75 राजकीय मध्य विद्यालय, सुंदारी का नया नाम बूथ संख्या-75 राजकीय मध्य विद्यालय, सुंदारी (पश्चिमी भाग) में परिवर्तन करने का प्रस्ताव आया है।

### निर्धारित तिथि तक फॉर्म 6 अधिक से अधिक जमा करवाएं : नेहा अरोड़ा

**रांची।** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने शुक्रवार को कहा कि जिले के संबंधित पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन उन मतदान केंद्रों का दौरा करें, जहां पूर्व के चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से कम रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी से अन्यून श्रेणी के पदाधिकारी अपने क्षेत्रों के ऐसे चिह्नित मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को पूर्व में यदि कोई असुविधा हुई तो तत्काल संबंधित बीएलओ एवं संबंधित मतदान केंद्र के जागरूकता समूह के सदस्यों के सहयोग से इनका निराकरण कराएं। किन्ही का नाम यदि निर्वाचक सूची में दर्ज नहीं हो, तो उनका निर्धारित तिथि से पहले फार्म-6 जमा करवाएं। मतदान के प्रति उनकी उदासीनता के कारणों को दूर करते हुए संभावित मतदान प्रतिशत की मैपिंग कर प्रतिवेदित करें। वे आज निर्वाचन सदन, धुर्वा से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों में चल रहे स्वीप कार्यक्रमों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रमों का उद्देश्य है कि कोई भी मतदाता नहीं छूटे।

---

पांच साल बाद फिर होगा हिंदूगढ़ी चौक में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता

## आयोजन कमेटी का गठन, रंजन सिंह बिट्टी बने अध्यक्ष, महासचिव धीरज बहादुर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

पांच साल के बाद इस वर्ष फिर से रामनवमी के पूर्व संध्या पर केडी हिन्दूगढ़ी चौक में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसे लेकर केडी बाजार में स्थानीय लोगों की एक बैठक हुई। अध्यक्षता रमेश शर्मा ने किया। बैठक में चर्चा किया गया कि वर्ष 1991 से होता आ रहा यह आयोजन अंतिम बार वर्ष 2019 में हुआ था। इसके बाद कोरोना बीमारी के कारण प्रतियोगिता बंद करना पड़ा। केडी रोड के चौड़ीकरण के कारण हिन्दूगढ़ी चौक का भी पुनर्निर्माण करना पड़ा। हिन्दूगढ़ी चौक अपना आकार ले चुका है। पांच साल बाद इस साल फिर से प्रतियोगिता को लेकर स्थानीय लोग उत्साहित हैं। संचालन रतन मिश्रा ने किया। बैठक में आयोजन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें रंजनसिंह बिट्टू को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं बुकबुका के पंचायत समिति सदस्य धीरज बहादुर उर्फ मार्शल को महासचिव बनाया गया।

# ईवीएम मशीन की सुरक्षा सभी की नैतिक जिम्मेदारी : उपायुक्त



**♦उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी से एएमएफ से संबंधित जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को ससमय इसे पूरा करने का निर्देश दिया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि ईवीएम मशीन की सुरक्षा सभी चुनाव से जुड़े पदाधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी है। इसकी सुरक्षा हर हाल में करें। उपायुक्त शुक्रवार को मांडर प्रखंड कार्यालय के सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान उपायुक्त और एसएसपी ने सभी संबंधित सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और निर्वाचन से संबंधित सभी पदाधिकारी से बिंदुवार चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी सेक्टर पदाधिकारी से एएमएफ से संबंधित जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को ससमय इसे पूरा करने का निर्देश दिया और सभी चापानल को चुनाव से पहले ठीक करने, पानी के सोर्स के बारें जानकारी रखने, पोलिंग पार्टी के लिए पूरी आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया, ताकि बूथों में पोलिंग पार्टी को कोई समस्या ना हो। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांडर प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों के भ्रमण करने और सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। सभी चुनाव से जुड़े संबंधित पदाधिकारी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का भी पदाधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही, उपायुक्त ने स्कूलों में बच्चों की ओर से पोस्ट कार्ड के माध्यम से चिट्ठी लिखकर अपने परिवार के लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक कराने का निर्देश, मांडर को आदेश दिया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कराए।

---

जुलूस | थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

# रामनवमी जुलूस में चुनाव संबधी किसी तरह का कोई प्रचार नही होना चाहिए : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददपाता। बोलबा**

बोलबा थाना परिसर में शुक्रवार को विभिन्न पर्व त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी विकास कुमार महतो ने कहा कि बोलबा प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी जुलूस के दौरान चुनाव से संबंधित किसी तरह की कोई प्रचार नहीं होनी चाहिए। यदि लगे कि कोई व्यक्ति गड़बड़ी फैला सकता है ऐसे लोगों का नाम चिन्हित करें। उसके खिलाफ 107 किया जा सके। अंचल अधिकारी बलिराम मांझी ने कहा कि बोलबा सरहुल एवं रामनवमी के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित सूचना देकर आदेश लेना आवश्यक है। आचार संहिता एवं लोक सभा चुनाव को लेकर नियम का अनुपालन करना है। रामनवमी एवं सरहुल जुलूस की लाइसेंस के लिए अविलंब आवेदन जमा करें। रामनवमी जुलूस मुख्यालय एवं ग्रामीण इलाके की रूट एवं कार्यक्रम की जानकारी लिया गया। बताया गया कि जुलूस के दौरान नशे की हालत में बिल्कुल भी नहीं रहें। वनदुर्गा चैती दुर्गा पूजा की पूरी विधि ब्यवस्था पर चर्चा किया गया। अवैध शराब बिक्री पर पुलिस के द्वारा कार्रवाई किया जायेगा। इस मौके पर सुरजन बड़ाईक, सरहुल एवं रामनवमी त्योहार के बारे बताया गया बिनोद बड़ाईक ने पुलिस को सहयोग करने की बात कही। शशिकला तिर्की ने अवैध शराब बिक्री पर कड़ी करवाई करने की मांग किया। इस मौके पर अंचल अधिकारी बलिराम माँझी, थाना प्रभारी विकास कुमार महतो, एसआई सोनू पाठक, एएसआई सुनील टोपनो, प्रमुख सुनीता केरकेट्टा, मुखिया सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, शशिकला तिर्की, आमंत्रण माँझी, जैनुल अन्सारी, सतीश शर्मा, गौरीशंकर सिंह, सियाबर सिंह, सुरेश मोदी, अंटोनी टेटे, फाल्गुन नायक, राजेश प्रधान, किशोर सिंह, गुलवती देवी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### जिले के 64 हाई स्कूल 19 निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्कूल से टैग

**रांची।** रांची जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने जिले के 64 उत्क्रमित हाई स्कूल को प्रखंड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्कूल से टैग कर दिया है। 64 हाई स्कूल 19 निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्कूल से टैग हो गए हैं। इससे 64 उत्क्रमित हाई स्कूल के 600 शिक्षक और कर्मचारी लाभान्वित होंगे। अब अपने प्रखंड में ही वेतन निकासी की प्रक्रिया कर पाएंगे। पहले शिक्षकों को वेतन के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय रांची पर निर्भर रहना पड़ता था। एक साथ 600 शिक्षकों के वेतन निकासी में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस कार्य को पूरा करने में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के जेके सिन्हा और कर्मचारी संतोष साहू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्य के लिए शिक्षक प्रतिनिधी धनंजय सिंह, समीर कुमार, जावेद अख्तर, करमा उरांव, अबरार अहमद, जयंत मिश्रा, मोहम्मद आरिफ, बिरेंद्र उरांव, अनुराग सिंह और निरंजन ने विभाग का सहयोग किया और जिला शिक्षा पदाधिकारी और कार्यालय के कर्मचारियों को बधाई दी।

# दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे सूखे बेजान पेड़



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

खलारी-बीजूपाड़ा मार्ग पर सड़क किनारे लगाए गए कई पेड़ सूख गए हैं। जो बड़े खतरे को आमंत्रित कर रहे हैं। इस सूखे पेड़ की ओर वन विभाग का ध्यान कभी नहीं गया। सड़क किनारे सूखे हुए अधिकांश पेड़ शीशम और गम्हार के हैं। इस संदर्भ में बताया जाता है सड़क निर्माण के दौरान बड़ी-बड़ी - मशीनें चलती थीं। इसके कंपन के कारण इसकी जड़े - हिल गईं। इससे पेड़ कमजोर होकर सूख गए हैं। सूखे हुए पेड़ को जल्द नहीं हटाया गया, तो टूट कर सड़कों पर गिरने लगेगा। कई पेड़ तो सूखने के बाद टूटकर गिरना भी शुरू हो गया है। कहीं-कहीं तो पेड़ की छोटी दलिया टूटकर गिर के पेड़ में ही अटक गई है ऐसे में जो हवा चलने पर भी डाली टूटकर गिरने का संभावना है बताते चले कि खलारी बीजू पाड़ा राजकीय रात पद संख्या सात के अंतर्गत आता है और इस बात से काफी संख्या में गाड़ियों का परिचालन होता है खलारी से रोजाना सैकड़ो निजी गाड़ियां रांची की ओर आती जाती रहती है। साथ ही कोयला और अन्य मालवाहक गाड़ियों का भी काफी तादाद में इस सड़क में परिचालन होता है।

---

## न्यूज बॉक्स

### मंदिर पुनर्निर्माण को लेकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन



**मांडर।** श्री महावीर मंडल मुड़मा मंदिर में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा रूद्र चंडी यज्ञ एवं मंदिर पुनर्निर्माण को लेकर शुक्रवार को एक भव्य एवं विशाल जन जागरण शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ विधिवत रूप से शंखनाद कर मुड़मा हनुमान मंदिर से प्रारंभ की गई जोकि ब्राबे मलटोटी, मखमंद्रो, ब्रजपुर, रातू, ठाकुर गांव , बुढ़मू, करगे, चोरिया, बीजूपाड़ा मांडर होते हुए वापस मुड़मा पहुंची। इस शोभा यात्रा में लगभग 351 की संख्या में मोटरसाइकिल शामिल हुए। भव्य शोभा यात्रा में युवाओं का अत्यधिक उत्साह दिखा जो की आने वाले पांच दिवसीय यज्ञ की सफलता का मापदंड निर्धारित कर रहा था।

### प्रलोभन और भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें : डीडीसी



**रांची।** उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी, स्वीप रांची दिनेश कुमार यादव ने ऑल इंडिया रेडिओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे बताते हुए उन्हें जागरूक किया। वोटर आईकार्ड बनाने की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, होम वोटिंग निर्वाचन से संबंधित विभिन्न एप के बारे में विस्तार से बताया। बातचीत के क्रम उप विकास आयुक्त ने बताया कि हम सौभाग्यशाली है, जो हमारे पास वोट की ताकत है। इसी के बदौलत हम एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सरकार के गठन में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने श्रोताओं को बताया कि उन्हें किसी भी प्रलोभन या भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बीएलओ निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवार और आम लोगों को आदर्श आचार संहिता का पालन अवश्य करना चाहिए।

### खलारी में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई



**खलारी।** खलारी के जामा मस्जिद खलारी, जेहलीटांड़, खलारी बाजारटांड़, जी टाइप, धमधमिया, हुटाप सहित अन्य मस्जिदों में रमजान उल मुबारक के अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। तेज गर्मी के बावजूद नमाजियों से मस्जिद भरी रही। जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अख्तर ने नमाज ए अलविदा जुमा अदा कराया। इसे लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग खास कर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे भी नए कपड़े पहनकर नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा किए। नमाजियों को संबोधित करते हुए जामा मस्जिद के पेश इमाम नेहाल अख्तर ने कहा कि आज हम सभी रमजान-उल-मुबारक को अलविदा कहने के लिए इकट्ठा हुए हैं। हम सभी लोगों को सिर्फ रमजान-उल-मुबारक को अलविदा कहना है न कि नमाज को। उन्होंने कहा कि जिस तरह रमजान-उल-मुबारक के दौरान लोग खुदा की इबादत करने के साथ ही नमाज अदा करते थे।

### मुख्यमंत्री से मिले गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक संतोष कुमार

**रांची।** सेंट जेवियर स्कूल के गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक संतोष कुमार शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिले। इस अवसर पर फादर इग्नेशियस लकड़ा एसजे (प्रिंसिपल), फादर रवि भूषण खेस्स एसजे (वाइस प्रिंसिपल), फादर रोशन बागे एसजे (उपप्राचार्य) उपस्थित थे। मुख्यमंत्री संतोष कुमार द्वारा अर्जित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के बारे में जानकर प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि यह राज्य और राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। उन्हें वार्षिक स्कूल कैलेंडर और स्कूल पत्रिका भी भेंट की गई। वह स्कूल की विरासत को जानकर बहुत खुश हुए और विभिन्न गतिविधियों और समुदाय की सेवा में स्कूल के योगदान की सराहना की। उन्होंने छात्रों और स्कूल समुदाय के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। ज्ञात हो कि जीडब्ल्यूआर टीम ने उन्हें 'सबसे लंबे कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ' शीर्षक के लिए 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड खिताब धारक' घोषित किया है। श्री संतोष कुमार एक योग्य शिक्षक, प्रख्यात लेखक, क्विज मास्टर हैं।

### डीपीएस रांची में स्प्रिंग कैंप का समापन



**रांची।** रचनात्मकता और प्रतिभा के जीवंत प्रदर्शन में कक्षा तीसरी से नवम एवं ग्यारहवीं क्लास के विद्यार्थियों के लिए डीपीएस रांची द्वारा शुक्रवार को स्प्रिंग कैंप 'ऊर्जा - अवेकन द प्रोडिजी विदइन' के समापन समारोह का आयोजन विद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रोशन थे। इस कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों और उत्साही युवा शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। बच्चों को विभिन्न विषयों में अपनी प्रतिभा तराशने और प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ, डीपीएस रांची में स्प्रिंग कैंप का उद्देश्य सीखने को मनोरंजन और उत्साह से भरना था। छात्रों को पेंटिंग, योग, नृत्य, संगीत, वाद्ययंत्र, क्विज, रोबोटिक्स, सॉफ्ट स्किल्स, फोटोग्राफी, काउंसलिंग, कंप्यूटर, कराटे और विभिन्न प्रकार के इनडोर और आउटडोर गेम्स सहित कई गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिला। इस कैंप में विभिन्न रुचियों और प्रतिभाओं को पूरा करने वाली आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई।

### कोयला कारोबारी की जानकारी लेने पहुंचे दो अनजान

**खलारी।** खलारी नयाधौड़ा निवासी कोयला कारोबारी एजाजुल अंसारी की जानकारी लेने दो अनजान युवक उसके घर पहुंचे। इसे लेकर शुक्रवार पूरे दिन क्षेत्र में तरह तरह का कयास लगाया जाता रहा। इस संबंध में एजाजुल अंसारी ने बताया कि सुबह आठ साढ़े आठ के बीच दो अनजान युवक उसके घर आए थे। उस वक्त एजाजुल घर में नहीं थे। युवकों ने एजाजुल की मां से एजाजुल के बारे में पूछा और चले गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह तथा मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार एजाजुल के घर पहुंचकर जानकारी लिए। शाम तक सारे कयासों पर विराम लग गया।

### रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष बने जीतू यादव

**हजारीबाग।** रामनवमी महा समिति अध्यक्ष को लेकर शुक्रवार को मालवीय मार्ग अवस्थित बड़ा अखाड़ा परिसर में में चुनाव संपन्न हुआ। काफी गहमागामी के बीच संपन्न हुए इस चुनाव में जीतू यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मीत यादव को 12 मतों से पराजित कर महासमिति का ताज पहना। ऐसे में बताना अहम यह होगा कि जीतू यादव को 66 मत, मीत यादव को 54 मत, विशाल वाल्मीकि को 50 मत, मुकेश मेहता को 28 व दीपक शंकर 12 मत हासिल हुए। महा समिति अध्यक्ष के सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी चौकसी बरते हुए था। इस मौके पर पूरा प्रशासनिक अमला चाक चौबंद दिखा। इस मौके पर महंत विजयानंद दास ने बताया कि महासमिति के चुनाव में मीत यादव को 12 मतों से पराजित कर जीतू यादव महासमिति के अध्यक्ष घोषित किए गए। जिनके कंधे पर महासमिति कि अहम जिम्मेदारियां होंगी कहा कि महासमिति अध्यक्ष के अलावा सभी पूर्व अध्यक्षों, समाजसेवी संगठनों के सहयोग और समर्पण से शांतिपूर्वक माहौल में सौहार्द के साथ रामनवमी महापर्व संपन्न कराया जाएगा। अध्यक्ष चुने जाने पर जीतू यादव ने कहा कि हजारीबाग के इंटरनेशनल रामनवमी को शांति एवं सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर महासमिति की ओर से पूरी तैयारीयां की जाएगी विशेष रूप से महिलाओं के लिए काफी व्यवस्थाएं रहेगी ताकि महिलाओं को रामनवमी जुलूस में किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो उनकी सुविधा के लिए काफी तैयारी की जाएगी।

# शैक्षणिक भ्रमण पर पुरी गए रांची के बच्चे, समुद्र तट पर की मस्ती, भगवान जगन्नाथ से मांगी खुशहाली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समग्र शिक्षा अभियान के तहत यहां के नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के कक्षा 8वीं और 9वीं के 115 मेधावी बच्चों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ओडिशा के पुरी की शैक्षणिक यात्रा करवाई गई। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देश पर इन बच्चों को पुरी भेजा गया, जहां बच्चों ने पुरी की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और भौगोलिक विविधता का जमकर आनंद लिया। इन बच्चों की सुरक्षा से लेकर इनके आवासन और भोजन आदि का राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा उत्तम व्यवस्था करवाई गयी थी। प्रभाग की राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी विनीता तिर्की ने बताया कि स्कूली बच्चे पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर, समुद्र तट, कोणार्क मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, स्टेट म्यूजियम, धौलीगिरी शांति स्तूप, लाल लिंगराज मंदिर, आदि का भ्रमण कर पुरी के विविध प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान से परिचित हुए। बच्चों ने समुद्र तट में जमकर मस्ती की और भगवान जगन्नाथ से राज्य के खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य स्कूली बच्चों में 'उत्साह और उत्साह के साथ शिक्षा' की भावना को प्रोत्साहित करना है, जिससे बच्चों के भीतर शिक्षा के प्रति उत्साह एवं उत्कृष्टता की भावना विकसित हो। बच्चों ने 31 मार्च से 4 अप्रैल तक पुरी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भ्रमण टीम के साथ राज्य कार्यालय से 1 वरीय पदाधिकारी, जिला से 2 पदाधिकारी, 1 शिक्षक समेत 9 सहायक भी मौजूद थे।

## नागरमल मोदी सेवा सदन में कल मेगा स्वास्थ्य शिविर

**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन में आगामी 7 अप्रैल को निःशुल्क बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक किया गया है। इस शिविर में सदन के यूरोलोजिस्ट डॉ अरविंद अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक अग्रवाल, आंख रोग विशेषज्ञ डॉ नन्दिता अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजू कुमार अपनी सेवा देंगे। इसके अलावा इस शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ जेनरल फिजिशियन के अलावा सदन के हार्ट सेंटर के चिकित्सक द्वारा भी निःशुल्क सेवा एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में आने वाले मरीजों की बीएमडी, बीपी, हीमाग्लोबिन, पीएसए, ईसीजी की निःशुल्क जांच की जाएगी। शिविर में आने वाले मरीजों को जांचों में विशेष छूट दी जाएगी। सदन के अवलोकन एवं संवर्धन समिति के चेयरमैन आलोक तुलस्यान ने अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक लोग आकर इस शिविर का लाभ लें।

# एनसीईआरटी से तीन गुने दामों पर महंगे प्रकाशक की पुस्तकें

## एनसीईआरटी पुस्तक के नाम पर निजी प्रकाशक कर रहे हैं काली कमाई

**अमित कुमार रांची। शिक्षा का अधिकार हर बच्चे को है। इसी अधिकार के तहत गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को बेहतर निजी स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। लेकिन, महंगी किताब बेचने वाले प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने में उनके पसीने छूट रहे हैं। इन पुस्तकों की कीमत एनसीईआरटी से तीन गुनी अधिक है। निजी स्कूलों में एनसीईआरटी के समानांतर ही महंगे प्रकाशन के विज्ञान और गणित की पुस्तकें बाजार में उपलब्ध कराई गई हैं। कई निजी स्कूल तो पुस्तकों की बिक्री अधिक हो, इसके लिए एनसीईआरटी की जगह पर उसके समानांतर दो पुस्तकों को पढ़ाने की अनुमति दी है। इनमें डीएवी ग्रुप का अपना मोनोपोली चलता है।**

### बाजार में है कुछ खास प्रकाशकों का दबदबा

अधिसंख्य निजी स्कूल वैसे प्रकाशन की पुस्तकें अपने स्कूल में चलाते हैं, जो स्कूल को ज्यादा से ज्यादा कमीशन दे सके। ऐसे में शहर में कुछ खास प्रकाशक ही शहर के टॉप टेन स्कूलों को मैनेज किए हुए हैं। डीपीएस, सरला बिरला स्कूल, शारदा ग्लोबल स्कूल, जेवीएम श्यामली, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सहित शहर के सभी निजी स्कूलों में कुछ खास निजी प्रकाशकों की पुस्तकें पढ़ाई जाती हैं। अभिभावकों को पुस्तक खरीदने के लिए स्कूल से ही निर्धारित दुकान का नाम बता दिया जाता है। इनमें सबसे अधिक नाम एलिट का आता है। शहर में इसके लगभग 20 सेंटर खुले हुए हैं। ऐसे में किसी एक का बाजार में अधिकार होने से पुस्तकों की कीमतों में मोल-भाव की गुंजाइश नहीं रह जाती है।



### निजी स्कूलों में इस वर्ष शुल्क वृद्धि 15 से 20 %

रांची। शिक्षा व्यवस्था दिन-प्रतिदिन महंगी होती जा रही है। राजधानी के सभी निजी स्कूलों में दाखिला पर लगने वाला शुल्क, मासिक शुल्क, डेवलपमेंट शुल्क सहित अन्य सभी प्रकार के शुल्कों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई है। इसका सीधा असर मध्यम तथा गरीब तबके के अभिभावकों पर पड़ा है। शिक्षा अधिकारी भी इन विषयों पर मौन बने हुए है। राजधानी के सभी टॉप स्कूल इस विषय पर शांत हो कर काम कर रहे है। इस संदर्भ में उनसे पूछे जाने पर वे एकाउंट का मामला बोल कर पल्ला झाड़ ले रहे है। वर्ष 2019 में लागू नियम के तहत दो साल में निजी स्कूल शुल्क में वृद्धि कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए स्कूल के मैनेजिंग कमिटी का निर्णय जरूरी है। और, उस निर्णय पर उपायुक्त की अंतिम सहमति जरूरी है।

शिक्षा नीति पूरे देश में एक समान रुप से लागु होने की जरुरत है। इसमें क्षेत्रिय ड्डाषा शामिल हो। पहली कक्षा में बच्चों को 18-18 पुस्तके पढ़नी होती है। साथ ही कॉपी किताब का बोझ के साथ पढ़ाई का तनाव झेलना पड़ रहा है। अड्डिाड्डावक ड्डी हर साल के मनमाना शुल्क वृद्धि से परेशान है। शुल्क वृद्धि को लेकर हाइकोर्ट जाने की तैयार एसोसिएशन द्वारा की गई है।



अजय राय, अध्यक्ष, झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन।

निजी स्कूलो में पुस्तकों के प्रकाशक का मामला हो या विभिन्न शुल्क वृद्धि का, सभी में उनकी अपनी निजी विचार होते हैं। इसमें सरकारी अधिकारी को कोई खास मतलब नहीं होता है। दाखिला शुल्क में जिला के अधिकारी की सहमति जरूरी होती है।

- मिथिलेश केरकेट्टा, डीईओ, रांची।

## रांची विवि के स्कूल ऑफ मास कॉम में एआई पर हुआ सेमिनार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकशन सभागार में शुक्रवार को 'आर्टिफिशियल इंटेजीलेंस और मशीन लर्निंग का प्रभाव और उपयोगिता' विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इस सेमिनार में विशेषज्ञ मनीष सिन्हा ने मास कॉम के छात्रों को एआई के बारे में बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलरजेंस (एआई) सामग्री निर्माण, दर्शकों की सहभागिता और बाजार को बदल रहा है। जनसंचार के क्षेत्र में डाटा विश्लेषण और रचनात्मक कार्यों में एआइ की उपयोगिता के बारे में भी बताया। इसके लिये उन्होंने प्रोजेक्टर पर एआइ से स्वरचित कई सामग्रियों और एआइ से बनाए गए एंकर इंदिरा के वीडियो को दिखा कर छात्रों को इसकी उपयोगिता और चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। मास कॉम के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा ने कहा कि तकनीक में हर रोज हो रहे बदलावों का हमें जीवन में सदुपयोग करना चाहिये। उन्होंने एआइ पर आयोजित इस सेमिनार की सराहना की और छात्रों के लिये इसे आवश्यक बताया। वहीं, इस सेमिनार में वरिष्ठ पत्रकार शंभू नाथ चौधरी ने कहा कि तकनीक और डिजिटल युग में हो रहे नित नए बदलावों से डरने की बजाय इसे अपने करियर और कार्यों में सदुपयोग पर हमें ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी कंप्यूटर को भी शुरुआत में रोजगार छीनने वाला कह कर इसका विरोध किया गया, पर वास्तविकता है कि कंप्यूटर तकनीक ने रोजगार सृजित किए और आज इससे बड़े बड़े कार्य किये जा रहे हैं। इसी प्रकार आर्टिफिशियल इंटेजीलेंस को अच्छे से समझ कर हम इसका सदुपयोग कर सकते हैं। इस सेमिनार मास कॉम के सभी सत्रों के छात्रों के अलावा विभाग के शिक्षक संतोष उरांव, मनोज कुमार शर्मा, अरिंदम मुखर्जी तथा पीएस तिवारी उपस्थित थे।

## 9 अप्रैल से एक माह तक भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेती-बारी में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और खरपतवार नाशकों के उपयोग को न्यूनतम करने, कृषि कार्य में पानी की खपत कम करने तथा देशी बीज एवं देशी गोवंश का प्रसार करने के उद्देश्य से झारखंड में प्रथम चरण में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 9 अप्रैल से अक्षय तृतीया 10 मई तक भूमि सुपोषण एवं संरक्षण जन अभियान चलाया जाएगा। झारखंड और देश में कार्यरत 30 से अधिक स्वयंसेवी संगठनों एवं कृषि विश्वविद्यालयों के सहयोग से इस अभियान के कार्यकर्ता झारखंड के 250 गांव में पहुंचेंगे। सभी गांव में मिट्टी के नमूनों, देशी गोवंश और परंपरागत छोटे कृषि यंत्रों का पूजन कार्यक्रम संपन्न होगा ताकि किसानों और ग्रामीणों के बीच भूमि माता के प्रति श्रद्धा और सम्मान बढे. तथा नागरिक धरती माता के स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा जागरूक हों। रामकृष्ण मिशन रांची के सचिव स्वामी स्वामी भावेशानंद जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ग्राम विकास की राष्ट्रीय टोली के सदस्य सिद्धनाथ सिंह तथा प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ सिद्धार्थ जायसवाल ने शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान संस्थान (डीम्ड विश्वविद्यालय), मोरहाबादी में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी संरक्षण, देशी गाय के गोबर-गोमूत्र और जीवामृत आधारित कृषि तथा श्रीअन्न (स्मॉल मिलेट्स) की खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी का स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी से स्वस्थ फसल, स्वस्थ मानव और स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में पंचगव्य सिस्टम आफ मेडिसिन बहुत प्रभावी है और कई असाध्य रोगों के इलाज में कारगर है।

## संत जेवियर्स कॉलेज में शोध क्रियाविधि पर कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत जेवियर्स कॉलेज रांची के फादर प्रूस्ट हॉल में इंटरनेशनल बेनेवोलेंट रिसर्च फाउंडेशन (आईबीआरएफ) व आईक्यूएसी संत जेवियर्स कॉलेज रांची के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शोध क्रियाविधि पर तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस शोध कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने अपने स्वागत भाषण से किया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में शोध विषय से संबंधित जानकारी देने के लिए डॉ अनेर्षा गुहा व डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित किए गए थे। डॉ अर्नेश गुहा ने कहा कि शोध के करने के लिए हमें मूल बातें और कितने प्रकार से शोध किए जाते हैं, इसकी जानकारी होनी आवश्यक है। उन्होंने सामाजिक शोध करने के प्रकार और उसके विविध आयामों पर भी प्रतिभागियों को समझाया। डॉ प्रभात केनेडी सोरेंग ने बताया कि नई पीढ़ी के स्कॉलर्स शोध की प्रक्रिया, नियम व शर्तें से अनभिज्ञ रहते हैं। इस कारण से डॉक्टरेट करने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें कॉपीराइट जैसे विषयों से खुद को बचाना चाहिए। कार्यशाला में बिहार, बंगाल, झारखंड व ओडिशा से करीब 100 प्रतिभागी उपस्थित थे। इस दौरान प्रतिभागियों का प्रश्नोत्तरी सत्र भी हुआ।

## सीसीएल ने जारी किया नया लोगो और टैगलाइन

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने अपना नया लोगो और टैगलाइन जारी किया है। यह लोगो कंपनी कोयला उत्पादन के साथ साथ 'सस्टेनेबल माइनिंग' को प्रदर्शित कर रहा है। यह लोगो कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस एंड पब्लिक रिलेशंस डिपार्टमेंट द्वारा इनहाउस डिजाइन किया गया है। विभागाध्यक्ष (सीसी एंड पीआर) आलोक कुमार ने बताया कि आज से सभी आधिकारिक कार्यों के लिए यह लोगों प्रयोग में लाया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले वित्तीय वर्ष में सीसीएल ने कीर्तिमान रचते हुए रिकॉर्ड 86.1 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया था।

## एमिटी यूनिवर्सिटी में व्याख्यान और कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में शुक्रवार को 'लैंगिक समानता पर कानूनी दिशानिर्देश' पर एक अतिथि व्याख्यान और 'प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और कुलाधिपति के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, जेंडर चैंपियंस क्लब ने 'लिंग समानता पर कानूनी दिशानिर्देश' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सभी लिंगों के लिए एक समान समाज बनाने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाना था। इस दिन 'प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास' पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल समापन भी हुआ। इसे एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के आदेश के तहत सुविधा प्रदान की गई थी। पहल का सफल कार्यान्वयन एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के. श्रीवास्तव के बहुमूल्य मार्गदर्शन और आशीर्वाद से संभव हुआ। उन्होंने सभी सत्रों के लिए अपनी शुभकामनाएं साझा कीं, जिससे उपस्थित सभी लोगों में प्रेरणा की भावना पैदा हुई।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में एकादशी पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में पापमोचनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भक्तिमय वातावरण में हुआ। एकादशी के अवसर पर प्रातः से ही मंदिर में भारी संख्या में भक्तजन आए। फूलों से शृंगार करके प्रातः 8:30 बजे शृंगार आरती की गई। दोपहर 12:30 बजे मंदिर पट लगा करके खाटू नरेश, रिद्धि-सिद्धि, शिव परिवार, हनुमान जी, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों व प्राचीन तैल चित्रों का कोलकाता से मंगाए गए विशेष फूलों और फूल मालाओं से सजाया गया। इसके साथ ही मंदिर के सभी गर्भगृह को सजाया गया। इसके पहले, खाटू नरेश को नवीन बागा (पोशाक) पहनाकर गुलाब के विशेष रूह से बाबा श्याम का मसाज किया गया। मंदिर के आचार्य की टोली ने सभी गर्भगृह को



अनुपम रूप से सजाया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पापमोचनी एकादशी के अवसर पर द्वितीय विशेष शृंगार का दर्शन करने पट खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में रात्रि 9:30 बजे से पापमोचनी एकादशी का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। श्री श्याम दरबार के बाहर साकेत ढानढनिया एवं नेहा ढानढनिया ने खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, दूध, रबड़ी, संतरा फल, नारियल, विभिन्न मिष्ठान, पंचमेवा, मगही पान का भोग अर्पित कर बाबा की चौखट पर अपना मथा टेका। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। अन्नपूर्णा सरावगी ने रबड़ी प्रसाद, संजय कुमार, शिखा कुमारी एवं शौर्य कुमार ने विशेष शृंगार सेवा, अभिषेक सरावगी ने पंचमेवा तथा एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। इसके बाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में 3 घंटे का भजन कीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। झरिया के सुप्रसिद्ध भजन गायक कृष्णा अग्रवाल ने बाबा के दरबार में भजनों का गायन कर सभी को भाव विभोर कर दिया।

### एकादशी पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर की हुई पूजा-अर्चना

रांची। चैत्र कृष्ण पक्ष की पाप मोचनी एकादशी व्रत को ले शुक्रवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में प्रातः 4:30 बजे ब्रह्म मुहूर्त के समय भगवान वेंकटेश्वर का विश्वरूप दर्शन हुआ। इसके बाद विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात घंटानाद के बीच श्रीभगवान दंपति को बालभोग में फलाहारी व्यंजनों का नैवेद्य भोग लगा। आज के महाभिषेक के यजमान संजय-सुनीता चौधरी रांची निवासी थे, जबकि पुष्प शृंगार निवेदन अमरेश कुमार- उषा गुप्ता लातेहार ने किया। सत्यनारायण गौतम और नारायण दास ने मिलकर अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया। इस अवसर पर रामअवतार नारसरिया, राजेश सुल्तानिया, प्रदीप नारसरिया, रंजन सिंह, गौरीशंकर साबू, प्रभाष मित्तल, शम्भू नाथ पोद्दार समेत बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा-अर्चना कराई और भगवान से मंगल प्रार्थना की।

## न्यूज बॉक्स

### रांची में ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वाले 995 लोगों का कटा चालान

**रांची।** राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले पांच दिनों में कुल 995 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 178, 150, 260, 219 और 188 चालान शामिल है ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, अनधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुए चालान काटा जा रहा है।

### बीआइटी मेसरा में थर्मो-फ्लूड्स और सिस्टम डिजाइन पर शोध पत्र प्रस्तुत



**रांची।** बीआइटी मेसरा के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग में थर्मो-फ्लूड्स और सिस्टम डिजाइन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के शोधार्थी, प्रोफेसर एवं वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को शोध पत्र प्रस्तुत किए। संस्थान के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने सम्मेलन में आए आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर डॉ पीपी बंद्योपाध्याय, डॉ जीवन ज्योति चक्रवर्ती एवं साउथम्प्टन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ तन्मय मुखोपाध्याय को धन्यवाद दिया। आइआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर डॉ जीवन ज्योति चक्रवर्ती ने एनसिस, कोनसोल, पाइथन का विस्तृत उपयोग छात्रों के बीच प्रस्तुत किया। सम्मेलन के संयोजक डॉ लखबीर सिंह बराड़, डॉ ओम प्रकाश एवं आयोजक सचिव डॉ अरकादेब मुखोपाध्याय, डॉ सौरव चक्रवर्ती और डॉ सुशांत घोकु ने बताया कि शोध पत्र विभिन्न क्षेत्र के हैं, जो वैज्ञानिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### डीएसपीएमयू के वोकेशनल विभाग की नई बिल्डिंग में आई दरार



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कुलपति को अवगत कराया गया कि वोकेशनल विभाग की नई बिल्डिंग अभी कुछ ही समय पहले बनी है, लेकिन पूरी बिल्डिंग में दरार आ गई है। यह दरार दूर से दिखाई पड़ती है। बिल्डिंग के सामने ऊपर की ओर छत अभी कुछ समय पहले ही टूट कर गिर गई। वहां उस समय कोई नहीं था, नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। छात्र आजसू ने डीएसपीएमयू के कुलपति से आग्रह किया है कि इस भवन में अविलंब मरम्मत कार्य कराया जाए। साथ ही, एक जांच कमेटी बनाकर संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए।

### समाजशास्त्री डॉ सीताराम अकिंचन का निधन



**रांची।** झारखंड-बिहार के प्रसिद्ध समाजशास्त्री डॉ सीताराम अकिंचन का निधन शुक्रवार को रांची में हो गया। उन्होंने रिम्स के क्रिटिकल केयर सेंटर में दिन में 10:45 बजे अंतिम सांस ली। डॉ अकिंचन रांची विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के फाउंडर प्रोफेसर होने के साथ कई वर्षों तक समाज शास्त्र विभाग के अध्यक्ष भी रहे। वे वर्ष 1996 में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए थे। पिछले वर्ष ही इनकी धर्मपत्नी मालती अकिंचन का देहांत हुआ था। डॉ अकिंचन अपने पीछे अपने दो बेटियां-दामाद यामिनी अकिंचन - डॉ मधुरेंदु गुप्ता, आभा अकिंचन, दो बेटे सौरभ आलोक, ध्रुव आलोक, पुत्रवधू डॉ मीरा सोनी, पोता स्वास्तिक सौरभ, विहाग, उत्कर्ष, विश्रुत, विभव, वत्सला सहित नतीनी-नातियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सशस्त्र सीमा बल के सहायक कमांडेंट शिवम कुमार सम्मानित किए गए



**रांची।** विधायक क्लब सभागार में राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित शिवम कुमार, सहायक कमांडेंट, सशस्त्र सीमा बल के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में रवींद्र नाथ महतो, अध्यक्ष, झारखंड विधान सभा, चंदेश्वर प्रसाद सिंह, नवीन जायसवाल, अमित मंडल एवं कुशवाहा शशि भूषण मेहता तथा पूर्व पार्षद अरुण झा ने शिवम कुमार को आशीर्वचन देते हुए सम्मानित किया। स्वागत भाषण सह विषय प्रवेश मिथिलेश कुमार मिश्र ने किया। सभी अतिथियों ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपनी सेवा में पदस्थापन के मात्र 8 महीने के अंदर नक्सली मुठभेड़ में दो नक्सली को मौका ए वारदात पर गोलियों से मार गिराना तथा अर्जुन कोड़ा जैसे दुर्दांत नक्सली को गोली से घायल कर देना निश्चित रूप से काबिले तारीफ है। इसके अलावा भी कई कार्य किए, जिसके लिए गणतंत्र दिवस, 2024 की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्वारा इन्हें वीरता पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई।

### डीआइजी नौशाद आलम पहुंचे ईद एक्सपो, परिसर का निरीक्षण के साथ ईद की खरीदारी की

**रांची।** डोरंडा उर्स मैदान में दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा आयोजित ईद एक्सपो बाजार में शुक्रवार को डीआइजी नौशाद आलम पहुंचे और परिसर में लगे सभी स्टॉलो का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों का हौसला बढ़ाया। साथ ही, ईद के मौके पर ईद एक्सपो बाजार में लगे स्टालों से खरीदारी भी की। ज्ञात हो कि 31 मार्च को आए भीषण-आंधी तूफान से ईद एक्सपो परिसर पूरी तरह से तबाह हो गया था। इससे टेंट लाइट से लेकर सभी दुकानदारों का लाखों का नुकसान हुआ था। परंतु, दुकानदारों और जन सुविधा को देखते हुआ ईद एक्सपो बाजार को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया। इसके बाद 3 अप्रैल से पुनः ईद एक्सपो बाजार को शुरू किया गया, जो अब ईद के चांद रात तक चलेगा। प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान के बाद डीआईजी नौशाद आलम ईद एक्सपो परिसर पहुंचे और दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर की टीम के साथ ही दुकानदारों से हाल चाल लिया।

### गौ सेवा से हुई रांची समर्पण शाखा के नए सत्र की शुरुआत

**रांची।** रांची समर्पण शाखा के नए सत्र (2024 - 25 ) की शुरुआत शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्षा विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में हरमू रोड गौशाला में गौसेवा के साथ हुई। निवर्तमान अध्यक्षा श्वेता भाला ने शाखा की बागडोर नई अध्यक्ष को सौंपते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। शाखा अध्यक्ष ने कहा, शाखा सालों से नित नए कार्य करती आ रही है। आने वाले दिनों में भी सामाजिक एवं धार्मिक कार्य अच्छे से हों, इसके लिए शाखा भरपूर कोशिश करेगी और एक नया कीर्तिमान हासिल करेगी। हमारे मारवाड़ी समाज में गौसेवा को सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। हम सदियों से गौसेवा करते आए हैं। गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। इसलिए इस सत्र की शुरुआत गौसेवा से की गई। गौसेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गौसेवा की सारी तैयारियां की। मौसम को देखते हुए गौ माता को खीरा और तरबूज खिलाया गया। नए सत्र के पहले कार्यक्रम सभी बहनें भरपूर जोश में थीं।

## सांसद पुत्र ने लिया संन्यास, तो पिता हो गए सक्रिय

# सांसदी के लिए भाजपा के दो विधायकों के बीच मुकाबला

**उपेंद्र गुप्ता रांची। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इस बार भाजपा के ही दो विधायकों के बीच दिलचस्प मुकाबला होगा। मनीष जायसवाल और जयप्रकाश भाई पटेल दोनों भाजपा के विधायक हैं, एक माह पूर्व झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में दोनों एक साथ विपक्षी खेमें बैठक राज्य सरकार पर हमला कर रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही दोनों की राह जुदा हो गई। सांसद बनने के लिए अब दोनों एक-दूसरे पर हमला करने के लिए तैयार हैं। हजारीबाग लोकसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर मनीष जायसवाल चुनाव लड़ रहे है, तो जेपी पटेल पाला बदल कर कांग्रेस के टिकट पर ताल ठोक रहे हैं। दोनों विधायकों के बीच सांसद बनने की होड़ लगी है, लेकिन हजारीबाग की जनता किसे संसद भेजेगी यह तो 4 जून को ही पता चलेगा।**

### विस चुनाव में दोनों नेता टकरा चुके हैं एक बार



चुनावी मैदान में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल दूसरी बार एक दूसरे के आमने - सामने होंगे। इसके पहले 2011 के उपचुनाव में जेपी पटेल को जीत हासिल हुई थी, अपने विधायक पिता टेकलाल महतो के निधन के बाद झामुमो के टिकट पर जेपी पटेल ने जीत दर्ज की थी, इसी उपचुनाव में मनीष जायसवाल झारखण्ड विकास मोर्चा (बाबूलाल मरांडी की पार्टी) के टिकट पर मांडू के मैदान में उतरे थे, स उपचुनाव में जेपी पटेल ने मनीष जायसवाल को पटखनी दे दी थी। जेपी पटेल को जहां 53 हजार वोट मिला, तो मनीष जायसवाल को 23 हजार मिला था। बाद में दोनों भाजपा में शामिल हो गए।

### बेटे को बेटिकट किया तो नाराज पिता उतरे मैदान में



हजारीबाग लोकसभी सीट पिछले तीन दशक से अधिक समय से यशवंत सिंहा और उनके बेटे ज?ंत सिंहा चुनाव जीतते रहे हैं। 2014 में यशवंत सिंहा की जगह भाजपा ने उनके बेटे जयंत सिंहा को मैदान उतारा था और उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया, लेकिन 2019 में जीत के बावजूद जयंत सिंहा को मंत्री नहीं बनाया गया। 2024 में तो उनका पत्ता ही साफ हो गया। जिससे जयंत सिंहा ने राजनीति से संयास लेने की घोषणा कर दी, लेकिन पिता के दिल में इसकी कसक चुभ रही थी, लेकिन बोल नहीं पा रहे थे, मौका मिलते ही उनका दर्द बाहर भी आ गया। कांग्रेस ने जैसे ही जेपी पटेल को अपना प्रत्याशी घोषित किया, तो यशवंत सिंहा ने खुले मंच से अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी। अपने आवास पर इंडी गठबंधन के साथ बैठक के बाद यह भी भविष्यवाणी कर दी कि भाजपा को 150 से अधिक सीट नहीं मिलने वाली है।

### सांसदी के लिए पहली बार हैं दोनों मैदान में



भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल और कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल पहली बार लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमा रहे हैं। दोनों युवा है और अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं। भाजपा विधायक मनीष जायसवाल बेहद आक्रमक नेता माने जाते हैं, 2023 के बजट सत्र में विधानसभा में अपना कुर्ता फाड़ कर वे काफी सुर्खियों में आए थे। हेमंत सरकार के खिलाफ उनका आक्रमक अंदाज से भाजपा आलाकमान काफी प्रभावित थे, जिसके कारण ही उन्हें जंयत सिंहा की जगह लोकसभा का टिकट इनाम में मिला। दूसरी तरफ जेपी पटेल अपने पिता के विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, उनके पिता टेकलाल महतो झामुमो के कद्दावर नेता माने जाते थे, उनकी सहानुभूति के बल पर जेपी आगे तो बढ़ते गए, लेकिन उन्हें घर में भाई से हमेशा चुनौती मिलती है। 2011 और 2014 में जेपी पटेल झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते, लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में वे भाजपा में शामिल हो गए।

## ससुर-दामाद भी एक साथ चुनाव मैदान में : मथुरा महतो



**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व में राजनीतिक परिवारों के लोगों का एक साथ या अलग-अलग चुनाव लड़ना कोई नई बात नहीं है। इस बार लोकसभा चुनाव में झारखंड से ससुर-दामाद एक साथ चुनावी मैदान में नजर रहे हैं। ससुर मथुरा महतो जहां झामुमो के टिकट पर गिरिडीह सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, तो दामाद जयप्रकाश भाई पटेल हजारीबाग से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में है। मथुरा महतो गिरिडीह के टुंडी विधानसभा से झामुमो के विधायक हैं। झामुमो की सरकार में में मंत्री भी रह चुके हैं, उनके दामाद भी मंत्री रह चुके हैं। मथुरा महतो झामुमो के कद्दावर नेता माने जाते हैं और गिरिडीह के कुर्मी समाज में उनकी अच्छी पकड़ है। 2004 लोकसभा चुनाव में गिरिडीह सीट से उनके समधी टेकलाल महतो की जीत में उनकी बड़ी भूमिका थी। इस बार वे खुद लड़ रहे हैं।



## जयराम की उम्मीदारी से किसकी होगी जय-जयकार : जयराम महतो



गिरिडीह सीट से छात्र नेता जयराम महतो के चुनाव लड़ने की संभावना है, जयराम के मैदान में उतरने से गिरिडीह का रोमांच काफी बढ़ जाएगा। यहां तीन बड़े कुर्मी नेताओं के बीच जंग देखने को मिलेगी। एनडीए के घटक दल आजसू के प्रत्याशी के रूप में निर्वतमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी फिर से मैदान में हैं। तो मथुरा महतो इंडी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। इन दोनों की लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने के लिए छात्र नेता जयराम महतो भी मैदान में उतरने के लिए उतावले हैं। जयराम महतो की उम्मीदवारी से किसको फायदा होगा, किसको नुकसान, या फिर जयराम ही बाजी ना मार लें, यह कहना तो अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन कद्दावर कुर्मी नेताओं को एक युवा कुर्मी छात्र नेता से कड़ी टक्कर मिलेगी, इसमें की संदेह नहीं है।

## जमीन लूट की परतें खुलने से बेनकाब हो रहे सफेदपोश : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। शाहदेव ने कहा कि झारखंड में जो जमीन लूट के बड़े-बड़े कारनामे हुए हैं, उसका कवरअप ऑपरेशन अभी जारी है। ईडी की चार्जशीट के तुरंत बाद रिकॉर्ड रूम से चोरी की घटना जमीन घोटाले को छुपाने की बड़ी साजिश है। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता शाहदेव ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि रिकॉर्ड रूम से जमीन के कई दस्तावेजों को अलमारी के ताले तोड़कर चुरा लिया गया। इस परिसर में पुलिस कर्मियों की हमेशा तैनाती रहती है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जमीन लूट की परतें खुलती जा रही हैं, एक के बाद एक सफेदपोश बेनकाब होते जा रहे हैं। शाहदेव ने अविलंब इस मुद्दे पर सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस परिसर में पुलिसकर्मी मौजूद हैं, वहां ऐसी चोरी कैसे हो गई? वह भी तब जब ईडी जमीन लूट से संबंधित कागजात की ही जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि ईडी की चार्जशीट के बाद तो हेमंत सोरेन और बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन की लूट का सीधा नाता जुड़ता हुआ दिख रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बार-बार कहती थी कि हेमंत सोरेन को जमीन से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन चार्जशीट ने नेक्सस को स्पष्ट कर दिया कि यह उनकी ही बेनामी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि ईडी के चार्जशीट में खुशबू मुंडा के दो बिलों का जिक्र है। खुशबू मुंडा संतोष मुंडा की बेटी है। 2017 में फ्रिज और 2022 में स्मार्ट टीवी खरीदा है।




## शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाएगा आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि चुआड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ महतो का उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वीर शहीद रघुनाथ महतो के शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना एवं उनके परिचय को बड़े दायरे में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें उन्होंने रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर बुढ़ाम चौक, सिल्ली स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जब झारखंड के नायकों की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष और विद्रोह की चर्चा होती है, तो इस सूची में 1769 का चुआड़ विद्रोह का नाम सबसे पहले आता है। इस विद्रोह के नायक रघुनाथ महतो थे। मानभूम से लेकर धालभूम, नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई का नेतृत्व करने वाले वीर शहीद रघुनाथ महतो हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। रघुनाथ महतो के परिचय को बड़े दायरे में लाने की हमारी कोशिशें जारी है। मौके पर उपस्थित नेहा महतो ने कहा कि रघुनाथ महतो के संघर्षों से हमें प्रेरणा मिलती है। उनकी जीवनी आने वाली कई पीढ़ियों को जुल्म और अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने को प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर संजय सिद्धार्थ, सुनील सिंह, सुशील महतो, गौतम साहु, बीना देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रवींद्रनाथ महतो ने राज्य के पहले ऊर्जा मंत्री को दी श्रद्धांजलि

# लालचंद ने दी झारखंड को नई दिशा : स्पीकर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो के निधन पर शुक्रवार को विधानसभा परिसर में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रांची के लालपुर स्थित अमरावती अपार्टमेंट से उनका पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा परिसर लाया गया था। इससे पहले मंत्री बेबी देवी ने भी शोकाकुल परिवार से रांची के लालपुर स्थित अपार्टमेंट में मुलाकात कर ढांढस बंधाया और निधन पर शोक जताया। उनका पार्थिव शरीर रामगढ़, गोला, पेटरवार होते हुए बोकारो के बेरमो पहुंचेगा। दामोदर नद के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शोक जताते हुए कहा कि पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो ने राज्य गठन के बाद प्रदेश को दिशा देने का काम किया था। झारखंड के विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे हमेशा हमारे जेहन में रहेंगे। उनके निधन से वे मर्माहत हैं। झारखंड के इतिहास में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

### पूर्व मंत्री लालचंद महतो के आकस्मिक निधन पर राजद ने शोक जताया



**रांची।** राजद प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने एकीकृत बिहार-झारखंड के वरिष्ठ विधायक रहे झारखंड सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो के आकस्मिक निधन होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं श्रीचरणों में उच्चतम स्थान दें। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि लालचंद महतो अपनी पूरी राजनीतिक जीवन पिछड़े दलित बहुजन समाजवादी नेता के रूप में आवाज बुलंद करते रहे। यादव ने कहा कि लालचंद महतो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर के समूह में राजनीति करने वाले लोगो में से करीब नेताओं में शुमार रहे हैं। विदित हो की विगत समय विधानसभा गेस्ट हाउस में लालचंद महतो के साथ गौतम सागर राणा, रामचंद्र केशरी, संजय कु सिंह यादव, कैलाश यादव ने शिष्टाचार बैठक कर झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालात पर चिंतन मनन कर वाता की थी। कैलाश यादव ने बैठक की तस्वीर शेयर कर शोक व्यक्त किया है।

मंत्री बेबी देवी ने कहा कि लालचंद महतो के निधन से उन्होंने अपना अभिभावक को खो दिया। निधन की सूचना पर वे शुक्रवार की सुबह रांची के लालपुर स्थित अपार्टमेंट पहुंचीं और शोक संतप्त परिवार से मिलीं व ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि बोकारो के बेरमो के बैदकारो स्थित पैतृक आवास से अंतिम संस्कार के लिए पार्थिव शरीर रामविलास उच्च विद्यालय के समीप दामोदर नद के तट पर लाया जाएगा। पूर्व मंत्री लाललंद महतो के मंझले भाई हिंद मजदूर किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव इंद्रदेव महतो ने जानकारी दी। कि पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी।

### झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति : राजेंद्र प्रसाद

रांची। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह मूलवासी सदान मोर्चा के संरक्षक व पिछड़ों के मसीहा लालचंद महतो के आकस्मिक निधन पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने गहरा दुख व्यक्त किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि इस दुःख को सहन करने की शक्ति उनके परिवार और उनके शुभचिंतकों को दें। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि लालचंद महतो गरीब-गुरुबा और पिछड़ों के आवाज थे। वे हमेशा पिछड़ों के अधिकार के लिए मुखर रहे। राजेंद्र प्रसाद ने लालचंद महतो के निधन को झारखंड के लिए अपूरनीय क्षति बताया है।

# राज्य के 29 हजार 521 मतदान केंद्र मॉडल बूथ होंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। मतदाताओं को सुविधा देने को लेकर काफी कुछ तैयारी की जा रही है। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य के सभी 29 हजार 521 मतदान केंद्र मॉडल बूथ होंगे, जहां मतदाताओं के लिए कई तरह की सुविधा प्रदान की जाएंगी। चुनाव आयोग ने इन मतदान केंद्रों पर दी जाने वाली सुविधा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है।

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र पर एक आम मतदाता के लिए बिजली, पानी, शौचालय के अलावा छोटे बच्चों को लेकर वोट देने में आने वाली माताओं को उनके बच्चे के लिए पालना की सुविधा मुहैया कराने की तैयारी है। मतदान केद्रों पर तीन तरह की कतार लगाई जाएंगी। महिला, पुरुष के अलावा एक अलग कतार दिव्यांग, गर्भवती महिला और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए होंगी। इन मतदाताओं के बैठने के लिए समुचित कुर्सी की व्यवस्था होगी। भीषण गर्मी को देखते हुए चुनाव के दिन वैसे मतदान केंद्र जहां बरामदा की सुविधा नहीं है, वहां 15 गुणा 15 का शेड लगाया जाएगा। इसमें लंबी लाइन के वक्त मतदाता उस शेड में वोटिंग के लिए प्रतीक्षा करेंगे। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर पानी और मेडिकल किट की सुविधा रहेगी। दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए मतदान केंद्र पर रैंप की सुविधा भी रखने की तैयारी की गई है। साथ ही, उन्हें घर से परिवहन सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी।

### चुनाव आयोग मतदाताओं के लिए सुविधाएं मुहैया कराएगी




चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं के लिए कई प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके लिए मतदाता को तत्पर रहना पड़ेगा। मतदान के लिए 85 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग यानी वोट फ्रॉम होम के अलावा मतदान केंद्र पर जाने के लिए निःशुल्क आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए उन्हें अपने नजदीकी बीएलओ से संपर्क करना होगा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में 85 बुजुर्ग वोटर्स की संख्या- 1 लाख 39 हजार 445 है। वहीं, दिव्यांग वोटर्स की संख्या 3 लाख 60 हजार 91 है।चुनाव आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में सरकारी कर्मचारी के साथ ही मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए पोस्टल बैलेट से वोटिंग की विशेष सुविधा दी है। इसके लिए पत्रकारों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ऑफिस में एक फॉर्म भरकर देना होगा। वोटिंग से पांच दिन पूर्व से निर्धारित मतदान केंद्र पर वोटिंग की व्यवस्था की जाएगी।

## एक किलोमीटर पैदल चल मतदान केंद्रों का सीईओ ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने पैदल पहुँच पथ वाले सुदूर मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। एक किलोमीटर से अधिक दूर तक पैदल चलकर साहेबगंज के उत्क्रमित उच्च विद्यालय आमझोर दक्षिण, मंडरो के मतदान केन्द्र संख्या 4 का भी निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित बीएलओ से मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुविधाओं एवं मतदाता जागरूकता हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मतदान केन्द्र जागरूकता समूह के सदस्यों की सूची एवं मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए मतदान केन्द्र जागरूकता समूह एवं स्वयंसेवकों की सूची अलग-अलग तैयार रखने, मतदाता सूची में नये मतदाता का नाम जोड़ने से संबंधित प्रपत्र 6 संग्रह कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया के ससमय निष्पादन करने का निदेश दिया। साथ ही मतदाता सूची को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अनुपस्थित, विस्थापित एवं मृत(एएसडी) का नाम मतदाता सूची से हटवाने संबंधित प्रक्रिया ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया।



### सभी मतदान कक्षों में लगाएं पंखा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कक्ष में मतदान अधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य को बैठने एवं ईवीएम/वीवीपैट रखने के लिए चिन्हित स्थानों की भी जानकारी ली। मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमियों को दूर करते हुए मतदाताओं के लिए गर्मी के मद्देनजर मतदान कक्ष में पंखा लगवाने तथा मतदान केंद्रों पर शेड निर्माण कराने का सख्त निर्देश दिया।

## न्यूज बॉक्स

### मेरा तो गउना हो गया है, मैं कैसे यहां मतदान करूंगी?



साहेबगंज । संथाल भ्रमण के क्रम में शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने पाकुड़ जिला के फुलपहाड़ी क्षेत्र में पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात जनजातीय समूह की मारनकुड़ी हांसदा से हुई, उन्होंने उसके मतदाता पहचान पत्र के बारे में पूछा। तब उसने बड़ी मासूमियत के साथ कहा कि मेरा तो गउना हो गया है, मैं कैसे यहाँ मतदान करूंगी ? मेरी ससुराल दूसरे जगह पर है कुछ दिन बाद मेरे पति मुझे ससुराल ले जाएंगे।

### विवाह की रस्में पूरी होने के बाद करूंगी मतदान



इसी क्रम में अपनी सासू मां के साथ खरिहानी में कार्य कर रही नई बहू से उनका मतदाता पहचान पत्र के बारे में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पूछा जिसपर उनका कहना था कि अभी विवाह की कुछ रस्में शेष है, जिसके उपरांत वो यहाँ की हो जाएंगी। ( इस जनजाति में विवाह प्रथा में महिला एक वर्ष पूर्व ही अपने ससुराल में आ जाती है बाद में फिर सभी परिजनों को खान पान कराकर विवाह को सम्पूर्ण माना जाता है )। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार संथाल के आदिम जनजाति क्षेत्रों के मतदाता से मिलकर लोक सभा मतदान को लेकर उनके क्षेत्रों में चल रही तैयारियों पर उनकी प्रतिक्रिया जान रहे हैं। इन सभी मामलों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए बीएलओ को वोटर हेल्पलाईन ऐप से इन मतदाताओं को जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही यदि कोई नई बहू बीएलओ के क्षेत्र अंतर्गत आई हैं तो उनके मतदात पहचान पत्र बनवाने के लिए आवेदन अवश्य ले लें।

### बीआईटी मेसरा में विकसित भारत कार्यक्रम संपन्न




**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा द्वारा आयोजित विकसित भारत 2024 के तीसरे दिन शुक्रवार को कार्यक्रम की शुरूआत क्रिएटिव आर्ट्स के विद्यार्थियों द्वारा एक सुरमयी प्रस्तुति से हुई। इसमें प्रेम कात्यायन ने कीबोर्ड पर एवं निशु, आर्या और रागिनी ने अपनी आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद अमृत सेक्टोरियल, ऑस्ट्रेलिया के आचार्य हरीशानंद अवधूत द्वारा एक ऑनलाइन सत्र हुआ, जिसमें उन्होंने वेदों और हिंदू धार्मिक ग्रंथों के उद्धरणों के माध्यम से मानव जातियों में विविधता पर बात की। रांची के आवास और शहरी विकास निगम के क्षेत्रीय अधिकारी बिश्वजीत सॉय ने सामाजिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में शहरी समूह पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने संसाधनों को संरक्षित रखने की आवश्यकता और विकास के मार्ग में आने वाली चुनौतियों पर बात की। इसके बाद सामाजिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में शहरी समूह पर एक पैनल वार्ता हुई, इस सत्र का संचालन वास्तुकला एवं योजना विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ ऋतु अग्रवाल ने किया। अन्य कई विषयों पर भी पैनल चचाएं हुईं। इसके बाद, क्रिएटिव आर्ट्स के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन शाम 7 बजे पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ।

### ममता भुइयां पलामू से राजद की होंगी प्रत्याशी



**पलामू ।** राष्ट्रीय जनता दल ने पलामू से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है । ममता भुइयां आरजेडी की प्रत्याशी होंगी । पलामू में उनका सामना भाजपा के दो बार सांसद बीडी राम से होगा। ममता भूइयां पहले बीजेपी में थीं और करीब क माह पहले पटना में लालू यादव के समक्ष आरजेडी का दामन थामा है । ममता भुइयां पलामू के मेदिनीनगर के सिंगरा की निवासी हैं । राजीनति से उनका पारिवारिक नाता है । ममता भुइयां के जेठ दुलाल भुइयां मंत्री भी रह चुके हैं । भाई रवींद्र भुइयां पलामू के छतरपुर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं । ममता भुइयां को बीजेपी से टिकट की उम्मीद थी, लेकिन टिकट नहीं मिलने के बाद आरजेडी से टिकट हासिल कर लिया । ममता भुइयां ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और मीसा भारती से मुलाकात की थी। मुलाकात करने के बाद से ही ममता भुइयां पलामू के इलाके में सक्रिय रही हैं।

### आजसू नेता सुदेश महतो ने लालचंद के निधन पर जताया शोक

**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पूर्व उर्जा मंत्री लाल चंद महतो के निधन पर दुःख जताया। उन्होंने कहा कि झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री एवं राज्य के वरिष्ठ नेता आदरणीय लाल चंद महतो जी के निधन की खबर अत्यंत दुःखद है। उनके असामयिक निधन से झारखंड की राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

### कांग्रेसियों ने लालचंद महतो दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रांची ।** झारखंड के पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस विषम परिस्थिति को सहने की शक्ति परिवार को देने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

लालचंद महतो के निधन को झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वर्गीय महतो एक जुझारू प्रवृत्ति के संघर्षील व्यक्ति थे उन्होंने जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया उसके विकास के लिए अनवरत प्रयासरत रहते थे। वे स्वभाविक रूप से झारखंड में पिछड़ों के बड़े नेता थे और पिछड़ी जाति के हक- हूकूक के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि विगत दिनों स्वर्गीय महतो ने मुझसे और प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मिर से मिलकर देश की परिस्थितियों के संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा की थी और झारखंड में भाजपा को हराने के लिए अपना पूर्ण समर्थन ₹इंडिया₹को देने की चर्चा की थी और इस पर बातचीत भी चल रही थी परंतु इस बीच हुए इस दुखद घटना ने हमें झकझोर कर रख दिया। स्वर्गीय महतो का निधन ₹इंडिया₹ के लिए क्षति है।

## एक नजर

### ग्रामीणों ने उन्नत तकनीकी से ओवरब्रिज के पिलर निर्माण की रखी मांग

**रामगढ़।** पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के निकट हो रहे ओवरब्रिज और उसके पिलर का निर्माण उन्नत तकनीकी के पिलर से कराने की मांग पतरातू के ग्रामीणों ने की है। इसको लेकर गुरुवार को पतरातू के ग्रामीण बीडीओ और सीओ से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि रेलवे की क्रॉसिंग के ऊपर से जल्द ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बाधा बने अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से हटाया जा रहा है। साथ ही सड़क किनारे की जमीन में लोगों की ओर से बनाए गए दुकान, मकान के आगे सीटा से बने बरामदा और चहारदीवारी को स्वयं हटा रहे हैं। ताकि ओवर ब्रिज निर्माण में बाधा उत्पन्न ना हो। जबकि इस क्षेत्र के लोगों ने प्रभावित हो रहे दुकान और मकान को बचाने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण, उन्नत तकनीक के पिलरों से कराने की मांग की है।

### बड़कीपोना घटना को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक

**रजरप्पा।** बड़कीपोना पंचायत के जानहे टुंगरी में कुंआ निर्माण के दौरान दो समुदाय के बीच झड़प को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एसडीओ आशीष गांगवार, बीडीओ परमेश्वर प्रसाद, सीओ दीपक मिंज, थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। इस मामले में रजरप्पा पुलिस ने हिरासत में लिए गए तीन लोगों में से दो लोग पर कागजी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने कहा कि घायल युवक के परिजनों ने मारपीट का मामला दर्ज कराया गया है। उसी को लेकर तीन लोगों को हिरासत में लिया था। उसमें से जियाउल हक, पिता मुबारक हुसैन व सूफियान रजा पिता जियाउल हक पर मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### 1954 के कानून को भारत सरकार हटाये : प्रमोद लाल

**रामगढ़।** भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रमोद कुमार लाल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय रामगढ़ में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से योग शिविर लगाने, स्वास्थ्य का लेकर जागरूकता फैलाने व 1954 के कानून को हटाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रभारी ने कहा कि जिला में अधिक से अधिक संख्या में गांव-गांव में योग शिविर लगाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति व आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। इस पद्धति का वर्णन वेंदों में निहित है। इस पद्धति को सरकार लगातार प्रमोट भी कर रही है। जिससे इसका लाभ भी आम लोगों को मिल रहा है, लेकिन इसमें पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के लाये गए 1954 के कानून के कारण बाधा उत्पन्न हो रहा है। इसके तहत किसी को भी 54 प्रकार की बीमारियों के ठीक होने पर बोलने पर पाबंदी है।

---

**अलविदा माहे रमजान : मस्जिद में नमाजियों की उमड़ी भीड़**

# सच्चे दिल से मांगी गई दुवा होती है कुबूल : पेशिमाम

♦ **अब ईद का इंतजार, 12 बजे से ही मस्जिद पहुंचने लगे थे रोजेदार**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
माह-ए-रमजान की आखिरी जुमा, और रमजान की विदाई के समय रोजेदार अपने आंसू नहीं रोक पाए. रोजेदारों को इस बात का गम था कि बरकत वाला महीना हमसे जुदा हो रहा है. शुक्रवार को बरही के जामा मस्जिद सहित मक्का मस्जिद, दरगाह मोहल्ला, रसोईया धमना, कोयली, देवचंदा, गौरियाकरमा, मलकोको आदि विभिन्न मस्जिदों अलविदा की नमाज अदा की गई. जामा मस्जिद के पेश इमाम ने जैसे ही खुतबा पढ़ा हजारों की संख्या में मौजूद रोजेदारों की आंखें भर आईं. पेशीमाम ने सभी रोजेदारों से अपील किया कि रमजान की तरह ही मे यह संख्या आगे भी बरकरार रहनी चाहिए. इसी तरह पूरे साल मस्जिद में रौनक रखें . रमजान में जिस तरह बुराइयों से दूर रहे, उसी तरह अन्य दिन भी कभी बुराई के करीब नहीं जाएं. आज हमारे ऊपर जितनी परेशानियां हैं, उसकी यही वजह है कि हम अल्लाह और उसके रसूल को भूलते जा रहे हैं. जिसे याद रखने की जरूरत है. उन्होंने बताया कि पाक माह रमजान के अंतिम जुम्मे की नमाज में सच्चे दिल से जो जायज दुआ मांगते है, अल्लाह उसे कुबूल करते हैं. इस अवसर रोजेदारों से पर सभी मस्जिदें फूल रही. नमाजियों ने मस्जिद के बाहर नमाज अदा किया. अलविदा के नमाज के बाद सबों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दिया. इस अवसर पर प्रशासन भी पूरी तरह चुस्त था. जामा मस्जिद के पास विशेष बल की व्यवस्था की गई थी.

### डाड़ी प्रखंड के पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**रामगढ़ / गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। डाड़ी प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अनुप्रिया के निर्देश पर विभिन्न पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जेएसएलपीएस, एसएचजी ग्रुप के सदस्यों और बीएलओ ने प्रखंड के गिद्दी, कनकी, हेसालौंग, रबोध पंचायत में हाथो में मेहंदी लगाकर, रंगोली बनाकर, मतदाताओं को शपथ दिलाकर और रैली निकाल कर मतदाताओं से आवश्य मतदान करने के लिए जागरूक किया। साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल लोगों ने लोकसभा चुनाव में कम से कम 80 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य पूरा करने की अपील किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण कुमार, सरफराज, प्रमोद कश्यप, निशा कुमारी, पुष्पा कुमारी सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायत के बीएलओ ने योगदान किया।

## रमजान को लेकर मस्जिदों में अलविदा जुम्मा की नमाज पढ़ी गई



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पवित्र माह रमजान के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई। रजा जामा मस्जिद बरकट्ठा में पेश इमाम मौलाना अताउल रहमान ने जुमा की नमाज अदा कराई। अलविदा जुमा की नमाज में बरकट्ठा, शिलाडीह, डोंडहरा, बनवारी, लेवड़ा, कोनहरा, तरबेचवा, घंघरी समेत अन्य मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी शामिल होकर क्षेत्र में अमन चैन की दुआएं मांगी। इमाम अताउर रहमान ने लोगों की खुशहाली, अमन-चैन और शांति की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि जो भी मुसलमान इस माहे रमजान रोजा रखा है और पांच वक्त की नमाज की व वक्त अदा किया है तो अल्लाह उसका अजर जरूर देगा। रमजान एक ऐसा माह जो रोजे की हालत में गुजारा जाता है और अल्लाह उसकी दुआवों को कबूल करता है। इस माह में रिज्क की कमी नहीं होती है। अल्लाह रोजेदारों के घरों में रिज्क बढ़ा देता है और उसके घरों में रहमत की बारिश करता है। इस माह में आखिरी माह शबे कद्र की रात होती है जो वजीलत की रात कही जाती है। इस रात में दुआएं कबूल होती है।

### इतिहास के शिक्षक राजनीतिक विज्ञान की कॉपियों की कर रहे हैं जांच

**रामगढ़।** इतिहास के शिक्षकों से राजनीतिक विज्ञान की कॉपियों का मूल्यांकन करा जिले में जैक के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ झारखंड की ओर से बताया गया। संघ के आलोक कुमार में बताया कि रामगढ़ जिला के केवी प्लस टू हाई स्कूल लारी में इंटरमीडिएट का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। जिसमें जैक के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है और छात्रों की भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। राजनीतिक विज्ञान की कॉपियां को अपग्रेड हाई स्कूल के शिक्षकों एवं इतिहास के शिक्षकों से मूल्यांकन कराया जा रहा है। बताया कि ये मनमाना रवैया अपनाया जा रहा है। इंटरमीडिएट का मूल्यांकन कार्य के लिए एमए पास होना जरूरी है। लेकिन बीए व बीएड के शिक्षक और इतिहास के शिक्षक राजनीति विज्ञान की कॉपी का मूल्यांकन कर रहे हैं।

---

**बालू लदे ट्रैक्टर ने मजदूर को कुचला**

# परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



> बालू उठाव से सरकार का लाखों का राजस्व नुकसान हो रहा है। बालू वाहन से कई लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
चलकुशा, बरकट्ठा, गोरहर थाना क्षेत्र होते हुए टाटीझरिया, इचाक थाने से होकर हजारीबाग तक बालू की तस्करी की जा रही है। गोरहर थाना क्षेत्र के बंडासिंघा के खैरा होते हुए दर्जन से अधिक ट्रेक्टर सुबह से रात तक बालू लाद कर गुजरती है। घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार चलकुशा थाना क्षेत्र के बालू घाट से बीते रात को बालू लोड कर ट्रैक्टर आ रहा था। इसी बीच ग्राम जमुआ -बंडासिंगा मार्ग के बीच बालू लदा ट्रैक्टर पर बैठा मजदूर गिर गया। जिससे ट्रैक्टर का पीछे का चक्का मजदूर पर चढ़ गया।जिससे मजदूर की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की सूचना गोरहर पुलिस को मिलते ही शव को जब्त कर लिया। शव की शिनाख्त साजन शर्मा 28 वर्ष, पिता ईश्वर शर्मा ग्राम खैरा, कर्मा, थाना टाटीझरिया निवासी के रुप में की गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजन सीएचसी बरकट्ठा पहुंचे। जहां परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता ईश्वर शर्मा ने बताया कि बीते रात को गांव के ही ट्रैक्टर बालू लाने के लिए चलकुशा थाना क्षेत्र के घाट निकला था। ट्रैक्टर से ही उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। विदित हो की चलकुशा थाना क्षेत्र के बालू घाट से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन निकलती है। जिससे सरकार का लाखों का राजस्व नुकसान हो रहा है। बालू वाहन से कई लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। लगातर घटना के बावजूद भी प्रशाशन मौन हैं। सबसे खास बात है की बालू ट्रैक्टर दिन में कम और रात में अधिक चलते हैं। अब लोगों का मन में सवाल है की बालू माफियाओं के सामने प्रशाशन कमजोर क्यों पड़ रही है।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया सरहुल का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्र गोरहर में सरहुल पूजा शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनायी गई। वहीं पलाश के पत्ते एवं फुल के इस त्योहार में सभी वर्ग के लोग भेद-भाव भुलाकर एक दूसरे से गले मिले। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कॉल ने लोगों को बधाई दिया। इस मौके पर गली-मुहल्लों में नवयुवक व बच्चे मंदार की थाप बाजते और लोक गीतों की धुनों पर थिरकते नजर आए। छोटन कॉल ने कहा कि सरहुल पर्व झारखंड का मुख्य त्यौहार है। इसमें आदिवासी भाई-बहन प्रकृति की पूजा करते हैं। लोगों के बीच बड़े-छोटे, गरीब-अमीर और जाति धर्म का भेद समाप्त कर हर्षोल्लास के साथ पर्व को मानते हैं ।वहीं जगह जगह लोग सड़कों पर नाचते-गाते और झूमते नजर आ रहे हैं। मौके पर राजाराम मांझी हाडम,महेश टुडू नायके हाडम, महेश्वर जोग मांझी, सुरेंद्र मांझी, लखन मांझी, अर्जुन मांझी, छोटन मांझी, कामेश्वर टुडू, लखीराम बेसरा, जितेंद्र सोरेन, शिवराम टुडू, मणिलाल हसदा, अनिल पौंदा , साहेबराम बेसरा समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### डाड़ी प्रखंड के 10 पंचायतों के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर मनीष ने मांगा समर्थन



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्रांतर्गत डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायतों के दर्जनों गांवों का तुफानी दौरा किया और अपने एवं भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए लोगों के बीच जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के बलसगरा, हुवाग, होन्होमोढ़ा, मिश्राइनमोढ़ा, रेलीगढ़ा (गिद्दी), डाड़ी, कनकी, रबोध, हेसालोंग, रेलीगढ़ा पंचायत के झुमरी महुआ, पटरंगी, बलसगरा, विनोद बिहारी महतो चौक, शर्मा टोला, चैनपुर लंगड़ा मोड़, बड़कीटांड़, चैनपुर, खपिया, कुर्रा, रिकवा, मिश्राइनमोढ़ा, वाशरी कॉलोनी, डाड़ी, होसिर, कनकी, रबोध, रियांग, सेनेगढ़ा, हैसालोंग बस्ती, हैसालोंग माइंस, एमपीआई रेलिगढ़ा और रेलीगढ़ा चांदनी चौक में जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया। सभी जगहों पर ताशा की पुरनूर झंकार और तड़तड़ाहट के बीच फूल माला पहनाकर और तिलक- चंदन लगाकर भाजपा और आजसू कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से स्थानीय लोगों संग मिलकर अभूतपूर्व स्वागत किया और इस क्षेत्र से पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। जायसवाल ने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से कहा कि कांग्रेस ने इस देश में करीब 62 सालों तक सत्ता में रहकर देश को गरीबों को ठगने का काम किया लेकिन भाजपा के महज करीब 15 साल के कार्यकाल में जहां देश का सर्वांगीण विकास हुआ वहीं देश की जनता के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाने का सकारात्मक पहल किया गया।

### पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने सेवा निवृत्त बीएसएफ जवान का किया स्वागत



**हजारीबाग।** अलौंजा खुर्द के भारतीय जवान पंकज मेहता 22 साल बीएसएफ में सेवा देकर सेवानिवृत हुए ।मौके पर पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के द्वारा गर्म जोशी से उनका स्वागत कर उनके निवास स्थान प्रेम नगर हजारीबाग तक बैंड बाजे के साथ पहुंचाया गया ।बताते चलें पंकज मेहता मेघालय में पोस्टेड थे सेवा के दौरान दुर्गम इलाकों में तैनाती हुई और अपने कर्तव्यों को अच्छे से पूरा करते हुए सेवानिवृत हुए। मौके पर सेवानिवृत सैनिक पंकज मेहता ने कहा कि इस तरह का सम्मान मिलना अविस्मरणीय है वही पत्नी नीलम देवी ने कहा कि दुसरे राज्यों में इस तरह का सम्मान देखकर अच्छा लगता था आज पति का भी हो रहा है तो बहुत अच्छा लग रहा है। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि संगठन का ये रूटीन वर्क है और सेवानिवृत्ति सैनिकों का सम्मान निरंतर जारी रहेगा। वहीं हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह ने कहा कि इस तरह के सम्मान के लिए हम तत्पर हैं।

### निर्वाचन कार्य में लगे सभी पदाधिकारियों की भूमिका है अहम : उपायुक्त

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई निर्धारित है। जिले में सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के आयोजन के लिए अब तक हुए कार्यों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से निर्वाचन कार्य में लगे प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, सभी उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों, थाना प्रभारियों, सेक्टर दंडाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों से उनके किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन के सफल आयोजन में आप सभी अधिकारियों की भूमिका बेहद अहम है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों के अधिकारियों को उनके किए जाने वाले हर कार्य को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न करने, निर्वाचन आयोग से जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने निर्वाचन में सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को अपने मन में किसी भी प्रकार की कोई दुविधा ना रखने तथा कोई भी दुविधा सामने आने पर त्वरित अपने वरीय अधिकारियों के साथ संपर्क कर निर्णय लेने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान के दिन मतदान केंद्र पर सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया।

---

**रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

## अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले बिगुल फूंकने वाले शहीदों में शुमार होता है : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के सिरु बुधबाजार में शुक्रवार को अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ विद्रोह की आवाज को बुलंद करनेवाले शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा की अंग्रेजो के खिलाफ सबसे पहले बिगुल फूंकने वाले शहीदों में शुमार किए जाते थे। अंग्रेजों ने उनके विद्रोह को रास्कल मूवमेंट का नाम दिया था। चुआड़ विद्रोह के प्रथम नायक रघुनाथ महतो ने अंग्रेजों के खिलाफ पहला बिगुल फूंका था। अंग्रेजों से लोहा लेते हुए रघुनाथ महतो अन्य साथियों के साथ पांच अप्रैल 1778 को इसी धरती पर शहीद हुए थे। झारखंड के जल, जंगल, जमीन और उसकी संस्कृति की रक्षा के लिए उन्होंने ही सर्वप्रथम हथियार उठाया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरूआती पारंपरिक तौर पर 1857 से मानी जाती है।

# संकुल संसाधन केंद्रों में वार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के विभिन्न संकुल संसाधन केंद्र (सीआरसी) में वार्षिक परीक्षा (एस ए2) का मूल्यांकन कार्य शुक्रवार से प्रारंभ किया गया। विदित हो कि झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची द्वारा वर्ग 1 से 7 तक के बच्चों का परीक्षा 2 अप्रैल से 4 अप्रैल तक ली गई थी। इस निमित विभागीय आदेशानुसार परीक्षा समाप्ति के तुरंत बाद उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया गया। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार ने बताया कि मूल्यांकन कार्य 5 अप्रैल से संकुल स्तरीय किया जाना है। इसके लिए संकुल साधन सेवी को गाइड लाइन दिया गया है। मध्य विद्यालय बरकट्ठा के सीआरपी अनंत कुमार पांडेय ने बताया कि संकुल के विद्यालय के आधे शिक्षकों को संकुल विद्यालय में बुलाकर मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। मूल्यांकन तीन दिनों तक किया जाएगा। तत्पश्चात परीक्षा परिणाम घोषित कर बच्चों को अगले कक्षा में प्रोन्नत किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय बरकट्ठा, कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिलाडीह,प्लस टू यूएचएस बेलकपी, प्लस टू यूएचएस कपका, प्लस टू यूएचएस कल्हाबाद,यू एम एस तुर्कबाद में किया जा रहा है।

---

**सुविधा** | **चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के लिए जारी किया है सुविधा ऐप**

# एप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा



> अब प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। अनुमति के लिए सुविधा एप्प के माध्यम से राजनीतिक दल ऑनलाइन परमिशन ले सकेंगे।

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन और अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 'सुविधा' नामक वेब एप्लिकेशन को लांच किया है जो एनकोर के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि अब समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल /एप के माध्यम से प्राप्त की जाएगी तथा सम्बन्धित अधिकारियों की ओर से उक्त एप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। सुविधा एप भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। नामांकन की तिथि से मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व तक अनुमति प्रदान की जाएगी। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मीटिंग, रैली, माइक, हेलिकॉप्टर, हेलिपैड आदि की अनुमति लेने के लिए अब प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। अनुमति के लिए सुविधा एप्प के माध्यम से राजनीतिक दल ऑनलाइन परमिशन ले सकेंगे। यह कार्य 48 घंटे के पहले आवेदन देना होगा अगर राजनीतिक दल ऑनलाइन आवेदन करने ने असमर्थ है तो आदर्श आचार संहिता सेल के काउंटर पर जाकर ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते है। एनकोर, ईएसएमएस, ईटीपीबीएस, पोस्टल बैलेट, सी विजील एवं अन्य आईटी एप्लिकेशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुराना सूचना भवन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी,सभी संबंधित विभाग के नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सदर एवं अनुमंडल पदाधिकारी, नेशनल लेवल ट्रेनर मृत्युंजय कुमार, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन, ई डिस्टिक मैनेजर धनंजय कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया ताकि ससमय अनुमति प्रदान किया जा सके।

**पिछले छह दिनों से करसो गांव अंधेरे में डूबा,ग्रामीण परेशान**

## दो बार मरम्मती का किया गया प्रयास पर ग्रामीण नए ट्रांसफार्मर की कर रहे हैं मांग : जेई



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पिछले छह दिनों से प्रखंड मुख्यालय से महज 2 किलोमीटर दूर स्थित करसो गांव अंधेरे में डूबा है. ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जल गया है. इसकी सूचना विभागीय एसडीओ व जेई को दिया गया है. बाबजूद अब तक ट्रांसफार्मर नही बदला गया है. प्रचंड गर्मी में भी पूरा गांव अंधेरे में है. जिससे आम जनमानस परेशान है. ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से समस्या यथाशीघ्र निदान करने की मांग की है. अन्यथा बाध्य होकर कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य हो जाएंगे. मामले के संबंध में कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि ग्रामीण ट्रांसफार्मर मरम्मती के लिए तैयार नहीं है. दो बार मरम्मती करवाने का प्रयास किया गया परंतु ग्रामीण नए ट्रांसफार्मर की मांग कर रहे है. जो उनके अधिकार क्षेत्र का नही है. इसके लिए वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया जा चुका है, उपलब्ध होते ही ट्रांसफार्मर लगाए जायेंगे.

## एक नजर

### केतुंगा धाम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन पूजन के साथ नामांकन प्रारंभ

**बानो।** प्रखंड के केतुंगा धाम में नये सत्र में नामांकन हेतु हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन पुजारी प्रदीप गोस्वामी के द्वारा हवन पूजन संपन्न कराया गया.हवन पुजन कार्यक्रम के साथ नामांकन प्रारंभ किया गया. इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य महेंद्र देहरी,शिक्षक एवं प्रबंधन अधिकारी मनोज गोस्वामी ,बिमल कुमार आदि लोग उपस्थित थे। विद्यालय के अध्यक्ष ने कहा नये सत्र में। कंप्यूटर प्रशिक्षण की भी सुभिधा उपलब्ध रहेगा ।मौके पर आयोजित हवन पूजन में समापन पर आरती में काफी संख्या स्कूल के बच्चे भाग लिया।

### स्वीप गतिविधि के तहत शिक्षण संस्थानों में डिजिटल स्वीप कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को स्वीप गतिविधि के तहत जिले के सभी कॉलेजों समेत अन्य शिक्षण संस्थानों में डिजिटल स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा जेजे कॉलेज में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुई। लोकसभा चुनाव 2024 में युवा मतदाताओं से सक्रिय भागीदारी निभाने, मतदान के दिन सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने, सोशल मीडिया के अफवाहों, फेक न्यूज पर ध्यान न देने का आह्वान किया गया।

### छापेमारी में बडी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त,चार लोगों को जेल

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव-2024 को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के निर्देश पर अधीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में अवैध महुआ शराब के ठिकानों पर छापेमारी की गयी। इसमें अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल, अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-टू ने डोमचांच थानान्तर्गत सपही,पारहो और कोडरमा थानान्तर्गत निरो पहाड़ी स्थित अवैध शराब के व्यापार के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी में बडी मात्रा में अवैध चुलाई शराब जब्त किया गया। साथ ही अवैध शराब के व्यापार में संलिप्त कुल चार व्यक्तियों बालदेव साव, कैलाश तुरी, राजेश सिंह, खीरू साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बिना आदेश के सूखे पेड़ काटे जाने के मामले की हुई जांच

**मरकच्चो ।** प्रखंड के कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग स्थित मरकच्चो बाजार के समीप एक सूखे पेड़ को बिना आदेश के काट लिए जाने के मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि उक्त पेड़ सतीश बरनवाल के घर के सामने था। जब इसकी सूचना अंचलधिकारी को मिली तो उन्होंने मामले को संज्ञान मे लेते हुए लेकर अंचलधिकारी परमेश्वर कुशवाहा ने संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को जांच प्रतिवेदन सौंपा है।

## सिमडेगा में अलविदा जुमा की अदा की गई विशेष नमाज

# मस्जिदों में शांति और अमन की दुआएं मांगी गई



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिले के सभी मस्जिदों में शुक्रवार को रमजान के अलविदा जुमा की विशेष नमाज अदा की गई। इस दौरान सिमडेगा शहर के जामा मस्जिद, नूर मस्जिद, मदिना मस्जिद, फातमा तुज जोहरा, मस्जिद ए बेलाल, मक्का मस्जिद आदि इबादतगाह में इमाम द्वारा दो रकाअत की विशेष नमाज अदा कर देश में शांति और अमन की दुआ मांगी। रजा मस्जिद में नमाज अदा करने के पूर्व मौलाना रौशनुल कादरी ने तकरीर के दौरान कहा कि रमजानुल मुबारक का यह पाक महीना अब अपने आखिर पर आ गया है और अब भी हम इसकी बेहतर एहतमाम नही कर अपनी मगफिरत नही करा सके। उन्होंने कहा कि बचे हुए रमाजन का एहतेमाम करते हुए ज्यादा से ज्यादा नेकी का कार्य करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी रमजान के बचे हुए दिनों में अल्लाह से माफी मांगकर अपने गुनाहों से मगफिरत कराने की कोशिश करें। साथ ही उन्होंने कहा कि रमजान के अखिर अशरों के दौरान इत्तेकाफ का बहुत मायने है। इत्तेकाफ का सबसे बड़ा फायदा तो यह है कि जो इंशान अल्लाह की बंदगी के नियत से इत्तेकाफ को बैठता है उसे शब-ए कद्र मिल जाती है, जिसमें इबादत करना कई हजार माहीना इबादत करने से बेहतर व अफजल है। साथ ही उन्होंने कहा कि इंसान को अपने जबान पर काबू रखनी चाहिए। जो इंसान जो जी में आए किसी को भी कोई बात कहता है और किसी का दिल दुखाता है तो उसे इस बात को याद रखनी चाहिए कि अल्लाह उसे देख रहा है और उसे उसके किए का सजा इसी दुनिया में भुगतनी होगी। इसके अलावा उन्होंने लोगों को चुगली, गीबत, हसद आदि से बचकर पैगम्बर मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने की बात कही। तत्पश्चात नमाज अदा की। प्रखंड के जामा मस्जिद में शुक्रवार को अलविदा रमजान के अंतिम जुमा का विशेष नमाज अदा की गई। इस दौरान इमाम मो. मोख्तार द्वारा विधिवत ढंग से विशेष नमाज आद की गई। जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों के लोगों ने भाग लिया।

### ईद-उल-फितर की नमाज का समय निर्धारित

ईद की नमाज के समय निर्धारण को लेकर ईदगाह कमेटी की बैठक हुई। बैठक में ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। जबकि जामा मस्जिद सिमडेगा में सुबह सात बजे नमाज अदा की जाएगी। मौसम खराब होने पर मदीना मस्जिद, ईदगाह मुहल्ला स्थित मक्का मस्जिद और खैरनटोली स्थित नूर मस्जिद में सुबह आठ बजे ईद-उल फितर की नमाज अदा की जाएगी। वहीं हक्की मस्जिद आजाद बस्ती और खैरनटोली स्थित मस्जिद-ए- खदिजतुल कुबरा में 7:30 बजे, वहीं मस्जिद-ए-बेलाल खैरनटोली और मस्जिद-ए- फातिमा खैरनटोली में सुबह 7:45 बजे ईद-उल- फितर की नमाज अदा की जाएगी।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन

**कोडरमा / झुमरी तिलैया।** माहुरी वैश्य मंडल के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मां मथुरासनी महोत्सव का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इसके पूर्व स्थानीय श्री माहुरी भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। मौके पर उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मां मथुरासिनी महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के द्वारा तीन दिवसीय आयोजन में बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अनूठा पहल है। ऐसे आयोजन से बच्चों का प्रतिभा निखर कर सामने आता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ ही अलग अलग एक्टिवटी में भी शामिल करने की बात कही। इसके उपरांत कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने क्लासिकल, राजस्थानी, हिप हॉप, बॉलीवुड, रोबोटिक डांस द्वारा धमाल मचाया। बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति से सतरंगी छटा बिखेर दी। कार्यक्रम को किड्स, जूनियर और सीनियर तीन ग्रुप में बांटा गया था।

## लोकसभा चुनाव से संबंधित उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक

# मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में एएमएफ एवं मतदान के दिन मैनेजमेंट से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का ससमय बहाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मतदान केंद्रों का निरीक्षण करें अगर किसी मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का उपलब्ध नहीं हो पाया है, तो उसकी उपलब्धता जल्द से जल्द सुनिश्चित करवाएं। अगर किसी मतदान केंद्र पर पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, रैंप, आवश्यक फर्नीचर टेबल कुर्सी की व्यवस्था नहीं हुआ है तो उसका त्वरित समाधान करें। सीआरपीएफ के निवासन स्थान पर रनिंग वाटर को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को लेकर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। मतदान के लिए इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं जो मतदान केंद्र तक पहुंच पाने में असमर्थ है, के लिए वाहन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। मतदान के दिन जिला के सभी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सहायता को लेकर वॉलेंटियर तैनात करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वॉलेंटियर 14 से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के एन.एस.एस., एनसीसी, स्काउट एंड गाइड के सदस्य होंगे। वैसे मतदान केंद्र जहां 400 से कम मतदाता हैं वहाँ दो वॉलेंटियर एवं जहाँ 400 से अधिक मतदाता हैं वहाँ चार वॉलेंटियर को चिन्हित कर सूची तैयार करें एवं मतदान के दिन उनके दायित्व के बारे में बताए। सुनिश्चित करें कि सभी वॉलिंटियर्स का आई.डी. कार्ड मतदान दिवस से पूर्व अनिवार्य रूप से निर्गत करा दिया जाय।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हवन पूजन के साथ नए सत्र की हुई शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा में शुक्रवार को हवन पूजन के साथ नए सत्र का शुभारंभ हुई ।स्कूल में अध्यनरत छात्रो के द्वारा हवन-पूजन कर नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 का सत्र आरंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अलग-अलग 24 स्थान पर हवन कुंडों का अधिष्ठापन कर सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने हवन पूजन किया तथा सामूहिक रूप से विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती, भारत माता तथा ओउम् के तस्वीर के समक्ष बल, बुद्धि, विद्या, नैतिकता, समरसता, आध्यात्मिक तथा सद्बुद्धि की याचना करते हुए विश्व शांति की मंगल कामनाएं अर्पित की। इस अवसर पर सुंदर कांड, हनुमान चालीसा आदि का पाठ किया गया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने छात्र छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि हवन पूजन और प्रार्थना कर सत्र आरंभ करना विद्यार्थियों के लिए अति शुभ फलदायक होता है । सभी आचार्य-आचार्या ने भी हवन में भाग लेते हुए आरंभ हो रहे नए सत्र विद्यालय के लिए हितकारी तथा सभी के लिए अति शुभ हो ऐसी मंगल कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकुल प्रमुख संतोष दास,शिक्षक मनोज प्रसाद, आशीष बड़ाईक, मनोज कुमार, ओमप्रकाश आलोकनाथ साहू, निरंजन सिंह, गौरी देवी, सीता कुमारी, सीमा कुमारी, सोनिया कुमारी, सुषमा प्रधान, गीता कुमारी, सुलोचना कुमारी, मुदित टोप्पो, ममता कुमारी, सीता देवी, प्रमिला किंडो, ममता कुमारी, आशा मुंडा, शारदा मिश्रा ,चंपा मांझी ,सरिता कुमारी , मीरा कच्छप, रश्मि बड़ाईक, पूजा अनुरागिनी, संतोषी कुमारी ,अलका कुमारी, रोशनी कुमारी आदि उपस्थित थे

# आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ मनाएं त्योहार : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** थाना परिसर में चैती दुर्गा पूजा, रामनवमी, सरहुल एवं ईद त्यौहार को लेकर शांति समिति सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बीडीओ सह सीओ डा प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी 9 अप्रैल से मां शैलपुत्री दुर्गा मंदिर में चैती नवरात्र का पुजन शुरू किया जाएगा वहीं 11 अप्रेल को ईद उल फितर का त्योहार जबकि 17 अप्रेल को रामनवमी का त्यौहार आपसी सौहार्द में शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। जलडेगा मुख्यालय समेत कोनमेरला, गांगूटोली और परबा में रामनवमी शोभायात्रा निकाला जाएगा वहीं कोनमेरला, कोलमडेगा मस्जिद में ईद की नमाज अदा की जाएगी। जलडेगा में अपराह्न 4 बजे पारम्पारिक भेष-भूषा में गाजे बाजे,ढोल नगाड़े, अस्त्र-शस्त्र एवं बजरंगबली झण्डा के साथ बजरंगबली मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए पंचदेवालय मंदिर से दुर्गा मंदिर स्थित रामनवमी शोभायात्रा यात्रा का समापन्न से पुर्व दुर्गा मंदिर अखाड़ा स्थित पारम्पारिक अस्त्र-शस्त्र चालन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने कहा सभी त्योहारों का सभ्य पुर्वक कार्यक्रम का आयोजन करें एवं भड़काऊ भाषण देने से बचें वहीं थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने कहा की आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखकर शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार संपन्न कराया जाएगा।

# धारदार हथियार से महिला की निर्मम हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**वहीं छोटी बेटी जब गांव वालों को बुलाने गई , इसी दौरान हत्या करने के पश्चात अपराधी दरवाजा खोला और मृतका के पिता को धक्का देते हुए भाग गया**



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** थाना क्षेत्र के सियादोहर गांव में बीती रात एक महिला की अज्ञात व्यक्ति के द्वारा घर मे घुसकर धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। महिला की पहचान किरण कल्लू के रूप में हुईं। मामले की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा ठेठईटांगर पुलिस को दी सूचना मिलने पर पुलिस शुक्रवार की सुबह घटनास्थल पहुंची जहां पर उन्होंने देखा कि महिला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई है। इधर सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार भी घटनास्थल पहुंचे और उन्होंने मामले की बारीकी से छानबीन की पूछताछ के क्रम में उन्होंने बताया कि मामले की पड़ताल जारी है और इसके लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया जिसके बाद फॉरेंसिक टीम द्वारा सभी बिंदुओं पर घटनास्थल पर जांच कर रही थी। महिला के हत्या के मामले में महिला के वृद्ध पिता ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार देर रात करीब 1:00 अचानक घर में शोर का आवाज सुनाई दिया तब उसकी छोटी बेटी के द्वारा उसे जगाया और जैसे ही वहां पर जाने कोशिश की इस दौरान अंदर से दरवाजा बंद था और महिला चीख रही थी और उसे अपराधी के द्वारा मारपीट कर रहा था । वहीं छोटी बेटी भाग कर आसपास के गांव वालों को बुलाने गई ,इसी दौरान हत्या करने के पश्चात अपराधी दरवाजा खोला और मृतका के पिता को धक्का देते हुए भाग गया। अंधेरे में होने की वजह से मृतका के पिता उसे पहचान नहीं पाए ।हालांकि ग्रामीणों ने कयास लगाया है की हत्या आपसी विवाद की वजह से हुई होगी। वही बताया जा रहा है।

## सिमडेगा में शुरू हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# 18 वर्ष पूरा होने पर अपना नाम मतदाता सूची में नामांकित करा लें : कोषांग प्रभारी



**मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूवात की गई एवं उपस्थित विद्यार्थियों को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोकसभा चुनाव को लेकर सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन, सिमडेगा के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूवात की गई एवं उपस्थित विद्यार्थियों को मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत जिला नियोजन पदाधिकारी सह स्वीप कोषांग की प्रभार आशा मैक्सिमा लकड़ा, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, स्वीप कोषांग के काशी नायक, सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के संचालक निशांत कुमार और बिपुल प्रसाद की उपस्थिति में शपथ दिलाकर की गई। स्वीप कोषांग प्रभारी सुशी आशा मैक्सिमा लकड़ा ने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि आप लोग जिनका भी 18 वर्ष पूरा हो चुका है और मतदाता सूची में नामांकित हो गए है वे अपना आने वाले 13 मई को अपना मतदान जरूर करें और जिनका उम्र 18 वर्ष पूरा हो चुका है लेकिन मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं कराएं हैं वे 15 अप्रैल तक अपना नाम दर्ज करा सकते है। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोंनबेगी ने भी अपना विचार व्यक्त की कहा कि पूर्व के चुनाव में आइकॉन जिन्हें बनाया जाता था जिन्हें हम सिर्फ पर्दे या टीवी में ही देखा करते थे तब हमारे जिला का मतदान का प्रतिशत 67-68 प्रतिशत हुआ करता था लेकिन अब इस बार के चुनाव का आइकॉन हमारे ही जिला और राज्य की बेटियो अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे, संगीता कुमारी,निक्की प्रधान,ब्यूटी डुंगडुंग इत्यादि को बनाया जा रहा है ।

### छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**डोमचांच।** नगर पंचायत स्थित बैजनाथ प्रसाद स्नेही बीएड कॉलेज में गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र ठाकुर ने मतदाता हेल्पलाइन ऐप को सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के मोबाइल में डाउनलोड करवाया। बैजनाथ प्रसाद स्नेही के सचिव हिमांशु कुमार ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावक अपना बहुमूल्य वोट देकर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएं। उन्होंने यह कहा की आपका एक वोट से अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। इसलिए अपने एक वोट का महत्व को समझें और अपना मत अवश्य दें। प्रो. हरीश कुमार नीरज ने मतदाता शपथ दिलाते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र का महापर्व तभी सफल होगा, जब लोग जागरुक होकर मतदान कर सही प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे,जिससे हमारा देश उन्नति के शिखर की ओर आगे बढ़ सकेगा।

## मीडिया/एमसीएमसी सेल के कार्मिकों का प्रशिक्षण आयोजित

# मीडिया सेल के कार्मिकों को चुनाव संबंधी दी गयी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो एवं प्रभारी पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो की अध्यक्षता में मीडिया सेल के कार्मिकों को पेड न्यूज, राजनीतिक विज्ञापन का प्रमाणन एवं सोशल मीडिया पर निगरानी संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी के कर्मियों को राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन से पूर्व उसकी सामग्री के प्रमाणीकरण एवं पेड न्यूज की पहचान कर राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों को नोटिस करना, नोटिस का ससमय जवाब न आने पर अभ्यर्थी के खाते में उस खर्च को जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए मानदंड, सिद्धांत पर प्रमाण पत्र की प्रक्रिया, अभ्यर्थी ,मतदान अभिकर्ता के द्वारा समर्पित विज्ञापन सामग्री के कंटेंट व क्रिएटिव की स्कूटनी, सोशल मीडिया से सम्बंधित रिपोर्ट आयोग को भेजे जाने वाले दैनिक एवं सप्ताह प्रतिवेदन आदि के प्रेषण के बारे में जानकारी दी गई।

## न्यूज बॉक्स

### आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**बानो।** बाल विकास परियोजना कार्यालय बानो में महिला सुपरवाइजर संगीता देवी के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान का शपथ दिलाया गया ।संगीता देवी ने आंगनबाड़ी सेविकाओं से कहा कि अपने अपने गाँव मे स्वीप कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं ।सभी मतदाता को जागरूक करते हुए मतदान करने की अपील करें ।मतदान के दिन समय पर मतदान केंद्र जा कर मतदान करें। मतदान के लिए आवश्यक पहचान पत्र अपने पास सुरक्षित रखे ताकि मतदान में कोई दिक्कत न हो ।मौके पर महिला सुपरवाइजर वीणा पहान ,बृंदा बड़ाईक, बृजलाल पाल ,ग्रेसी भुइयाँ, चंद्रमणि नायक आदि लोग उपस्थित थे।

### गिरदा ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



**बानो।** बानो सर्किल के गिरदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षत थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह ने किया।बैठक में ईद,सरहुल,व रामनवमी पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया । इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप पर भ्रामक पोस्ट ना करें सरहुल, ईद व रामनवमी पर्व मेल जोल और भाईचारे के साथ बनाएं। गाँव मे शान्ति बनाये रखें।मौके पर एएसआई रामनाथ सिंह, मुखिया सोमा पाहन,नामजन जोजो, घनश्याम सिंह, अमीन सिंह ,राजेश बड़ाइक, मदन सिंह, शिवचरण सिंह संतोष बड़ाइक,नंदलाल साहु ,विनय साहु बालेश्वर नाग के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### चार दिवसीय अखंड हरिकीर्तन के मौके पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बानो।** कोलेबिरा के लचरागढ़ में श्री शिव शक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में चार दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ कार्यक्रम आरंभ किया गया। कार्यक्रम के दुसरे दिन कलश स्थापना ,अधिवास व? नामकरण के साथ अंखड हरि कीर्तन आरंभ किया गया.अंखड हरि कीर्तन लचरागढ़,बोरसलोया,बानो बड़केतुङ्गा सहित उड़ीसा के कीर्तन मंडली ने भाग लिया। पुरोहित के रूप पंडित भारतु दुबे प्रदीप पांडा और रंजीत पांडा शामिल हैं।यजमान के रूप में गाजी साहू और रुक्मणी देवी शामिल हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय साव,टोनी अग्रवाल ,नंदिनी देवी ,गोवर्धन दास ,आशुतोष कुमार, विनय अग्रवाल ,जगन्नाथ पांडा दुर्योधन सोनी, धनंजय सोनी,संजय मिश्रा,संजय द्विवेदी,सुरेश दिवेदी के अलावा श्री शिव शक्ति महिला मंडल के सदस्य उपस्थित थे.सात अप्रैल को नगर भ्रमण और पूणार्हुति कार्यक्रम के साथ चार दिवसीय अखंड हरी कीर्तन सह यज्ञ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### सी-विजिल एप से संबंधित कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सिमडेगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, पारदर्शी एवं स्वतंत्र रूप से संपादित कराने के उद्देश्य से जिला अंतर्गत प्रशिक्षण कोषांग के माध्यम से चुनाव आयोग द्वारा आम नागरिकों के लिए जारी किए गए सी-विजिल एप के क्रियान्वयन को लेकर एमसीसी एवं सी-विजिल टीम को शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रेजेन्टेशन के माध्यम से सी-विजिल एप की पूर्ण जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर ने बताया कि चुनाव में होने वाली गड़बड़ियां को रोकने के उद्देश्य से सी-विजिल एप को तैयार किया गया है। इस एप के जरिए चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी वोटर दे सकते हैं। इसके अलावा प्रशिक्षण कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### झुंड से बिछड़े जंगली हाथी का कहर जारी, अब लोगों में प्रशासन से सहयोग की उम्मीद टूटी



**जलडेगा।** प्रखण्ड के विभिन्न हाथी प्रभावित गांवों में लगातार कई दिनों से गरीबों का आशियाना उजड़ रहा है। हाथी को क्षेत्र से भगाने के लिए प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मी सांत्वना के तौर पर सिर्फ एक दो बोरा, मोबिल देकर और फोटो खींचा के चले जाते हैं।इसलिए प्रशासन के प्रति विश्वास और भरोसा टूट चुका है। लोग कहते हैं कि शायद प्रशासन किसी का मौत का तमासा देखना चाहते हैं तब क्षेत्र से हाथी को भगाने का पहल किया जाएगा ।गुरूवार रात को फिर से जलडेगा प्रखण्ड के कुटुंगिया डुड़िंग टोली में महिला करमी सिंह पति स्व लोधा सिंह और सेरेंगदा नोबेल सुरिन का घर को हाथी द्वारा अपना निशाना बनाया। घर के दीवार और को छत को तोड़कर घर में रखे अनाज को खा गया। कई घरेलु सामान भी बर्बाद हो गया। पीड़ित परिवार का नुकसान का जायजा लेने कुटुंगिया पंचायत की मुखिया जानकी देवी पहुंच कर मुआवजा हेतु कागजी प्रक्रिया में सहयोग करने की बात कही। विगत कई दिनों से कुटुंगिया, पैतानो, हुटुबदा, रामजाड़ी, सेरेंगदा, परबा, सिहरमुंडा, जोनोदा, बेंदोसेरा और ओड़गा पहाड़ टोली को अपना निशाना बनाया हुआ है।

## एक नजर

### शहर के बीच नाले में तैरता मिला अज्ञात शव

**धनबाद।** धनबाद सदर थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी स्थित शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ नित्यानंद के आवास के बगल में नाले में शुक्रवार की दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों की माने तो आज दोपहर यहाँ से गुजर रहे लोगों ने नाले में एक व्यक्ति की लाश तैरता हुआ देखा। जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। शव पूरी तरह से फूल गया था, जिससे लोगों को लग रहा था कि यह कोई पुतला है। अन्ततः इसकी सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाल उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की पहचान फिलहाल नही हो सका है। व्यक्ति की उम्र 35 से 40 साल के बीच बताई जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि इस व्यक्ति को कल शाम बैठा हुआ देखा गया था। उस वक्त यह शराब के नशे में था। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान करने में जुटी है।


### शांतिपूर्ण तरीके से अलविदा जुम्मा किया अदा

**बिरनी।** रमजान महीना तीसरे शुक्रवार को अलविदा जुम्मा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में अदा की। इस अवसर पर चिरुडीह, बलगो, मदनगुडीह, जमडीहा, डबरी, भरकट्टा, मनकडीहा, कपिलो, दलंगी, गुड़ीटाँड, थाँरिया, आदि गाँव मे अलविदा जुम्मा अदा किया गया। साथ ही साथ ईद उल फितर के दिन में समय को भी तय किया गया।। बता दे कि रमजान महीना मुस्लिम समुदाय के लिए पवित्र महीना माना जाता है।। जिसमें रमजान महीना में पूरे 30 रोजे रखते हैं।

### बागबेड़ा में एलबीएसएम के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत जटा झोपड़ी निवासी 18 वर्षीय बाजू मार्डी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी मिलने पर परिजन उसे फंदे से उतारकर टीएमएच लेकर पहुंचे. वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया. परिजनों ने बताया कि बाजू मार्डी एलबीएसएम कॉलेज में पार्ट वन का छात्र था. गुरुवार दोपहर वह अपने कमरे में था। इसी दौरान उसने कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगा ली। बाजू ने आत्महत्या क्यों की, इसके बारे में परिजन कुछ नहीं बता पा रहे हैं।

### आदिवासी महिला के साथ दुराचार करते युवक धराया, पुलिस को सौंपा



**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के चेंगादाहा गांव में एक युवक विनोद मंडल एक आदिवासी महिला के साथ दुराचार करते पकड़ा गया. घटना गुरुवार शाम की है. ग्रामीणों ने युवक को बांधकर रखा और मामले की जानकारी गोविंदपुर थाना पुलिस को दी. इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आरोपी को पकड़ ले गए. महिला के बयान पर विनोद मंडल के खिलाफ गोविंदपुर थाने प्राथमिकी दर्ज की गई है. प्राथमिकी के अनुसार, महिला को 2 बच्चे हैं. पति की मौत के बाद महिला अपने मायके चेंगादाहा में रहने लगी. गुरुवार को बागसुमा गांव निवासी विनोद मंडल उसके घर पहुंचा और उसकी मांग में जबरन सिंदूर डाल दिया. फिर उसके साथ दुराचार किया. महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए और विनोद मंडल को पकड़ लिया. वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. महिला न बताया कि युवक उसे अक्सर परेशान करता था. इधर, पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है.

### लोकसभा चुनाव को लेकर आजसू गिरिडीह नगर कमेटी की हुई बैठक संपन्न

# कार्यकताओं को दिया गया जीत का मंत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी है।सभी पार्टियां अपने-अपने कार्यकताओं के मनोबल को बढ़ाने में जुटी है इस बाबत आजसु नगर कमेटी की एक बैठक नगर अध्यक्ष विश्वजीत राय की अध्यक्षता में मोदी धर्मशाला में की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह जिला प्रभारी अजय सिंह, दुमका से शिरकत करने गिरिडीह पहुंचे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गिरिडीह जिला अध्यक्ष गुड्डु यादव उपस्थित रहे। बैठक में तय हुआ कि मोदी जी के 400 पर के सपने को साकार करना है।







जिला अध्यक्ष ने कहा कि हर हाल में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन को जीत दिलानी है, वहीं जिला प्रभारी अजय सिंह ने कहा कि मिशन 2024 की जीत को तय करना है। इस मौके पर आजसू के प्रखंड व नगर प्रभारी मनोज शर्मा, उदय शर्मा, प्रवक्ता वीरेंद्र राम,अजीत यादव, अमित यादव, विनोद रजक, ज्योति शाह, प्रियंका शर्मा, डोली प्रवीण, दीपू यादव, मुकेश पंडित, पीकलू, भोला राणा, विशाल, गोलू, प्यारी यादव समेत गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड के महिला और पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित हुए वहीं कार्यक्रम का संचालन सुमन विश्वकर्मा ने किया।

## कस्तूरबा बालिका विद्यालय में शिक्षिका नियुक्ति में गड़बड़ी

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में संविदा के आधार पर विभिन्न विषय के शिक्षिकाओं की नियुक्ति में अनियमितता का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की गई है. स्थानीय आवेदिका अनिता महतो, सुनीता महतो, प्रमिला महतो व जुही कुमारी ने इस नियुक्ति प्रक्रिया के विरोध में मुख्यमंत्री, ईचागढ़ के विधायक, जिला के उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला परिषद के उपाध्यक्ष व कुकड़ू के प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र सौंपा है. आवेदिकाओं ने पत्र सौंपकर नियुक्ति प्रक्रिया की जांच करते हुए आवश्यक कारवाई करने का आग्रह किया है. विज्ञापन की काडिका 5 के अनुसार उपरोक्त नियुक्ति पूर्णतः मेरिट के आधार पर होना था. विभाग द्वारा मेरिट लिस्ट बनाने के बाद इंटरव्यू लिया गया और आनन-फानन में बिना परीक्षाफल प्रकाशित किए ही अभ्यथीर्यों को लोकसभा चुनाव 2024 आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद विद्यालय में योगदान करा दिया गया।

## क्रांतिवीर रघुनाथ महतो का जीवन प्रेरणादायक : अजीत

**चांडिल।** क्रांतिवीर रघुनाथ महतो की 246वीं शहादत दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी के सोनाडुंगरी में उनकी आदमकद मूर्ति स्थापित किया गया. मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि आदिवासी कुड़मी समाज के मुलखूंटी मूल मानता अजीत प्रसाद महतो के द्वारा किया गया. क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो मूर्ति स्थापना संकल्प समिति झिमड़ी की ओर से शुक्रवार को आयोजित महानायक क्रांतिवीर वीर शहीद रघुनाथ महतो की 246वीं शहादत दिवस पर उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# पूर्व ऊर्जा मंत्री के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने उमड़ी लोगों की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो का पार्थिव शरीर जैसे ही रांची से डुमरी अनुमंडल कार्यालय परिसर आया, लोगों की भीड़ पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। फुलों से सजे शव वाहन गाड़ी में दिवंगत लालचंद महतो के साथ उनके परिजन व शुभचिंतक और मंत्री बेबी देवी के पुत्र अखिलेश महतो राजू थे। उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं समाज के वर्गों के लोगों ने दिवंगत लालचंद महतो को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पोरैया मुखिया राजकुमार महतो, राजकुमार पांडेय, बरकत अली,कैलाश चौधरी, डेगनारायण महतो भाजपा नेता प्रदीप साहू, कामाख्या गिरि जदयू जिलाध्यक्ष त्रिभुवन दयाल, डुमरचंद महतो बहुजन सदान मोर्चा के बैजनाथ महतो झारखंड आंदोलनकारी राजकमल महतो, भाजपा नेता निर्मल महतो, अधिवक्ता अशोक कुमार जैन, छत्रधारी महतो मुखिया जागेश्वर यादव, लालमणि साव, जगरनाथ ठाकुर अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि डुमरी सह आजसू जिला प्रधान सचिव छक्कन महतो, आजसू पार्टी के डुमरी विधानसभा प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी पंसस शंभुनाथ महतो, आजसू बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष रामाकांत गोविन्द सेवा भारती के उतरी छोटानागपुर प्रभारी नीलकण्ठ महतो, हिन्द मजदूर किसान यूनियन के अनुमंडल अध्यक्ष गंगाधर महतो, करमचंद महतो, रवीन्द्र महतो आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

**बिरनी।** आगामी लोकसभा चुनाव लेकर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान राजमनियाँ गांव में अवैध महुआ शराब एवं जावा महुआ को नष्ट किया गया। जानकारी देते हुए बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि अवैध महुआ शराब के खिलाफ लगातार क्षेत्र में छापेमारी की जा रही है। गुरुवार शाम को राजमनियाँ में छापेमारी कर 200 किलोग्राम जावा महुआ एवं 60 लीटर महुआ दारू को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि राजमनियाँ गांव के किनारे बने पुराने मिट्टी के घर में महुआ शराब बनाने की सूचना प्राप्त हुई थी मौके पर जाकर देखा तो मिट्टी का घर खंडहर की तरह था। जिसमें 8-10 कमरे थे परन्तु सभी में ताला बंद था । जांच पड़ताल के लिए कमरों में लगे ताले को तोड़ा गया एक कमरे में जावा महुआ एवं शराब मिला ।



# राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा - राज

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दावा किया है कि आज भी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है और हर कीमत पर झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए को विजय दिलाने के लिए पूरी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड इकाई अपने मजबूत संगठन के बदौलत एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेगी तथा नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में तीसरी बार बनने वाली सरकार में सहयोगी रहेगी।

श्री राज ने कहा की अपेक्षा का अनुरूप सीट बंटवारे में स्थान नहीं मिलने से कार्य कताओं में निराशा जरूर है। लेकिन गुस्सा में जहर नहीं खाना है और हर कीमत पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को झारखंड के 14 में से 14 सीटों पर विजय दिलाना है श्री राज ने कहा है की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का एक भी अधिकृत बयान एनडीए के खिलाफ अभी तक नहीं आया है। इसलिए तमाम पार्टी के कार्यकर्ता अपने आप को एनडीए का हिस्सा मानकर सभी प्रत्याशियों को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे श्री राज ने कहा कि उन्होंने सभी 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारियों की घोषणा पूर्व में ही कर दिया है जो एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे। श्री राज ने कहा कि पूरे 5 वर्ष एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करने के बाद कहीं से कोई कार्यकर्ता एनडीए के विरुद्ध जाने वाला नहीं है।



इसलिए एनडीए घटक दल की प्रमुख साथी भारतीय जनता पार्टी और आजसू के नेताओं और कार्यकताओं से आग्रह है कि जहां कहीं भी राष्ट्रीय लोग जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी हैं। उनका चुनाव संचालन समिति में सम्मिलित करने का काम करें '

# मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा निर्वाचन- 2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार स्वीप एक्टिविटी के तहत समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सभी बीपीओ/बीआरपी/सीआरपी व अन्य के साथ बैठक आयोजित किया गया। तथा सभी संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कैंपस एम्बेसडर को निर्वाचन प्रणाली, मतदान के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा सभी से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया।





साथ ही सभी कैंपस एम्बेसडर को मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही बताया गया कि मतदाता अपने मतदान केन्द्र में जाकर अथवा स्वयं वोटर हेल्पलाईन एप्प के माध्यम से अपना एवं अपने परिवार के अन्य अर्हतायुक्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत है, का जाँच कर सकते हैं, यदि किसी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के अन्य अर्हतायुक्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नही है तो वे अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकते हैं।

# झारखंड में वाहन चेकिंग के दौरान फिर 39 लाख बरामद

### धनबाद के मैथन में कार में मिले 34.74 लाख

### बिलासपुर चेक पोस्ट पर दो वाहनों से मिले 5 लाख



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद/गढ़वा।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान फिर करीब 39 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस ने जब्त रक लिया है। धनबाद के मैथन में वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार से 34.74 लाख रुपये बरामद किए हैं। आशंका है कि इस रकम का इस्तेमाल चुनाव कार्य को प्रभावित करने के लिए किया जाना था। दूसरी ओर, झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित बिलासपुर चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहनों से पांच लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

धनबाद में एक कार से 34.74 लाख रुपये बरामदगी के मामले में बताया गया कि कार पर सवार लोगों से प्रारंभिक पूछताछ में जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार यह रकम बंगाल के दुगार्पुर से झारखंड के हजारीबाग ले जाई जा रही थी। कार सवार दो लोगों को पुलिस मैथन ओपी लाकर पूछताछ कर रही है। इसकी सूचना आयकर विभाग को दी गई है। पुलिस को रकम के स्त्रोत के बारे में फिलहाल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। बता दें कि इसके पहले बुधवार की देर रात गिरिडीह जिले में जीटी रोड पर वाहनों की चेकिंग के दौरान एक यात्री बस से 1.09 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे।

इधर, विशुनपुरा सीओ सह फ्लाइंग स्क्वॉयड संदीप मधेशिया ने बताया कि बिलासपुर चेक पोस्ट से गुरुवार रात दो वाहनों से पांच लाख रुपये बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि चेक पोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट जितेंद्र कुमार और पुलिस टीम की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला अंतर्गत ओबरा के शिव नगर कॉलोनी निवासी कृष्णा गुप्ता के वाहन से चार लाख रुपये और रेलवे फाटक नगर ऊंटारी के रहने वाले मंजीत कुमार चौधरी के वाहन से एक लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। दोनों वाहनों से नकदी को जब्त कर चुनाव एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सेल के अध्यक्ष डीडीसी गढ़वा को आगे की कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है।

## तिसरी बीडीओ ने गिट्टी लदे दो ट्रकों को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलधिकारी मनीष कुमार ने गिट्टी लदे दो ट्रकों को जब्त किया है। गुरुवार की देर रात बीडीओ द्वारा यह कार्यवाई की गई है। बताया जाता है कि ट्रक संख्या बीआर 01 जीडी 1914 और बीआर 01 जीई 7612 में गिट्टी लोड कर तिसरी - खिजुरी मुख्य मार्ग से होते हुए बिहार जा रहा था। इसी बीच रास्ते में ही बीडीओ ने दोनों ट्रकों को रुकवाकर लोडिंग की जांच की। इस दौरान ओवरलोड होने के कारण दोनों ट्रैकों को जब्त कर तिसरी थाने को सुपुर्द कर दिया गया।दोनों ट्रकों में गिट्टी को तिरपाल से ढक के ले जाया जा रहा है। जिसके कारण ट्रक के अंदर कुछ और भी होने का अंदेशा भी लगाया जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ मनीष कुमार ने बताया कि ओवरलोडिंग के कारण दोनों ट्रैकों को जब्त कर थाने को सुपुर्द किया गया है। वहीं चालान के मामले पर उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को जानकारी दी गई है चालान की जांच डीएमओ करेंगें।



## चुनाव को लेकर अलर्ट मोड में रहे स्वास्थ्य महकमा : डीसी

**बोकारो।** बोकारो की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव ने लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों (एमओआइसी) व एमपीडब्ल्यू के साथ बैठक की. उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अलट मोड में रहने का निर्देश दिया. बैठक में बूथों पर मेडिकल टीम की तैनाती के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया. डीसी ने गर्मी को देखते हुए जरूरी दवाइयां, ओआरएस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. वहीं, स्वास्थ्य संस्थानों को भी सभी जरूरी तैयारी करने को कहा। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो समेत अन्य चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सभी मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

25 वें रमजान के आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा की नमाज शुक्रवार को घाटशिला के सभी मस्जिदों में अदा की गई। इसमें बहुत से मस्जिद में अरबी में एक नज्म भी पढ़ी गई, अलविदा अलविदा या शहर ए रमजान जिसमें हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया साथ ही रमजान के जाने का गम भी उसे सताने लगा। उर्दू के उस्ताद डाक्टर कमर अली ने बताया कि इधर कुछ दिनों से बहुत ही शदीद गर्मी पड़ रही है ऐसे में रोजदारों का प्यास से बुरा हाल है। लेकिन सारे मुसलमान यह सोच कर काफी खुश हैं कि जितने ज्यादा उन्हें तकलीफ होगी अल्लाह ताला उन्हें उतना ही ज्यादा सवाब देंगे।



साथ ही डॉ कमर अली ने कहा कि भूख और प्यास की शिद्दत जब आदमी के अंदर होती है तब उन गरीबों को समझने का मौका मिलता है जो रोजाना तीनों वक्त भरपेट भोजन नहीं कर पाते या कभी अच्छा भोजन नहीं कर पाते। रोजेदार जिंदगी में भी खुशहाल होता है और आखिरत में भी कामयाब होता है। रोजा से अपने देश और समाज की अच्छी तरह से सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। रमजान त्याग और बलिदान का प्रतीक है। रमजान में हम सब कुछ अपना न्योछावर कर देना चाहते हैं । उल्लेखनीय है कि इस बार 75 रुपया प्रति व्यक्ति फितरा निकलना था।

## न्यूज बॉक्स

### लूजर्स क्लब ट्रॉफी में जूनियर ब्वॉयज व नाइट किंग ने अपने-अपने मैच जीते



**किरीबुरु।** लूजर्स क्लब एवं मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में 10वां फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम आर पी सेलबम, विशिष्ट अतिथि महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलबम, सीएमओ डा नन्दी जेराई, महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, महाप्रबंधक भी के सुमन, सहायक महाप्रबंधक अवधेश कुमार, अजीत कुमार, कुंवर वीरेन्द्र बहादुर आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं बल्लेबाजी कर किया। यह प्रतियोगिता किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के स्थानीय खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने हेतु हर वर्ष आयोजित किया जाता है. प्रतियोगिता का उद्घाटन व प्रदर्शनी मैच छोटे छोटे मासूम बच्चों की दो टीमों जूनियर ब्वायज एवं जूनियर स्टार लाईन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये जूनियर स्टार लाईन ने 8 ओवर में 2 विकेट खोकर 53 रन बनाया। इसमें सलमान ने 25 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जूनियर ब्वायज ने 5 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत प्राप्त किया। इसमें प्रतीक ने 26 एवं विशाल ने 16 रन का योगदान दिया। दूसरे मुकाबले में नाईट किंग ने शिवाजी आरडी क्लब को 22 रनो से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुये नाईट किंग ने 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 89 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाजी आरडी क्लब ने 9 विकेट खोकर 67 रन हीं बना सकी। इस दौरान प्रभात मिंज, कुलदीप सिंह, बीरबल गुड़िया, राहुल कुमार सेन, राजू, जगजीत सिंह गिल, राजनारायण शर्मा, अरविन्द लाल, जे साशमल, अफताब आलम, शहनाज, शैलेश बारी, विजय कुमार, नेहाल, संतोष लोहरा, पीयुष गोप, बंटी, शुभम साहू, एवरेस्ट, अविनाश, अमित, अमन, गुलशन, दीपक आदि सैकड़ों मौजूद थे।

### 42 डिग्री तापमान में रह रहे आशा सेंटर के अनाथ बच्चों को प्रेस क्लब ने दिये दो एयर कूलर



**आदित्यपुर।** 42 डिग्री तापमान में रह रहे कांड्रा के डुमरा गांव स्थित आशा सेंटर के अनाथ बच्चों को प्रेस क्लब ने शुक्रवार को दो वाटर कूलर सौंपी है. कल गुरुवार को प्रेस क्लब ने अपने तीसरे स्थापना दिवस पर आश्रम में रह रहे 35 बच्चों के लिए कूलर देने की घोषणा की थी. बता दें कि यह सेंटर उन अनाथ बच्चों के लिए वरदान है जिनके माता पिता किसी कारणवश दुनिया में नहीं हैं.गुरुवार को अपना प्रेस क्लब ने इन्हीं अनाथ बच्चों के संग तीसरा स्थापना दिवस मनाया था, उन्हें कई उपहार दिए गए थे. इस मौके पर बच्चों को गर्मी में झुलसते देख क्लब के सदस्यों ने बच्चों को कूलर देने की घोषणा की थी. इसी वायदे के तहत शुक्रवार को क्लब ने दो वाटर कूलर बच्चों को सौंपा है. कूलर पाते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे इसमें एक वाटर कूलर क्लब के सदस्यों ने आपस में सहयोग राशि इकट्ठा कर खरीदा जबकि दूसरा कूलर वरिष्ठ पत्रकार कवि कुमार ने कविवर कौशल समाजसेवाह्व के सौजन्य से मुहैया कराया है. बता दे कि सरायकेला- खरसावां जिले के एकमात्र मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावांह्व है जो पत्रकारों के हितों के साथ सामाजिक गतिविधियों का भी निर्वहन करता है. क्लब के निर्णय की जानकारी जब वरिष्ठ पत्रकार कवि कुमार को मिली तो उन्होंने इसे सराहते हुए अपनी ओर से एक कूलर अपनी ओर से देने का निर्णय लिया. शुक्रवार को प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य संतोष कुमार, उपाध्यक्ष विपिन वार्ष्णेय के. दुर्गा राव, सुमित सिंह एवं बलराम पांडा कूलर लेकर सेंटर पहुंचे जिसे देखते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे. केंद्र की वार्डन रानी उरांव ने बताया कि पत्रकार बंधुओं का प्रयास काफी सराहनीय है. गर्मी में कूलर मिलने से यहां के बच्चों को काफी राहत मिलेगी. बच्चे गर्मी में रहने को विवश थे.

### बंद खदान में प्रशासन ने की छापामारी

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन व परिवहन पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा छापामारी जारी है. जिला के उपायुक्त के निर्देश पर एक सप्ताह में जिला खनन पदाधिकारी और चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है अवैध खनन एवं परिवहन पर पाबंदी लगाने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में शुक्रवार को तड़के चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी और जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी ने चांडिल प्रखंड अंतर्गत घातकीडीह गांव में स्थित एक पत्थर खदान में छापामारी की। छापामारी के दौरान खदान बंद पाया गया। छापामारी के वक्त ना तो पत्थर खनन हो रहा था और ना खदान व आसपास के क्षेत्र से किसी तरह की मशीन या वाहन पाया गया। वहीं दूसरी ओर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह समाजसेवी हरेलाल महतो ने बताया कि उन्हें बदनाम करने के उद्देश्य से विरोधियों द्वारा राजनीतिक षड्यंत्र रचा गया है। खदान में खान पर प्रशासन की ओर से रोक लगाए जाने के बाद से पत्थर नहीं निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे षड्यंत्र के तहत बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

# कच्चातिवु द्वीप पर विवाद

चुनाव के मौसम में भारत और श्रीलंका के बीच स्थित छोटा सा कच्चातिवु द्वीप पर आरोप प्रत्यारोप का बाजार गर्म है। लगभग 50 साल पहले इंदिरा गांधी की सरकार ने समझौते पर हस्ताक्षर कर इसे श्रीलंका को सौंप दिया था जिसे भारत की ऐतिहासिक भूल और घातक बताया जा रहा है ।इस मुद्दे पर अन्नाद्रमुक के महासचिव एडापड्डी के. पलानीस्वामी ने विगत दो अप्रैल को कच्चातिवु की 'पुनर्प्राप्ति' के लंबित मामले में भाजपा को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर करने की चुनौती दी। इसे जयललिता ने दायर किया था। पलानीस्वामी ने मोदी सरकार को चुनौती दी कि केंद्र सुप्रीम कोर्ट को बताए कि कच्चातिवु द्वीप को सौंपने के मामले पर पुनर्विचार किया जाएगा। वह जानते हैं कि केंद्र श्रीलंका के साथ ताजा विवाद नहीं चाहता है। इसलिए हमारे पास बहस का तीसरा पक्ष है। तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई के एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) जवाब को लेकर है। उन्होंने कहा है कि भारत का महत्वपूर्ण टुकड़ा देने से तमिलनाडु के मछुआरे भाइयों और बहनों के लिए परेशानी पैदा हो गई है।

**मीडिया के एक वर्ग द्वारा सामने लाए गए नए तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मोदी ने उन्हें आंखें खोलने वाला और चौंकाने वाला बताया और इंदिरा गांधी सरकार पर राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। उनकी पार्टी और गठबंधन के अन्य लोग भी इसमें शामिल हो गए।**

एक वीडियो में, उन्होंने श्रीलंका को कच्चातिवू सौंपने में मिलीभगत के लिए कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा। वह जानते हैं कि केंद्र श्रीलंका के साथ ताजा विवाद नहीं चाहता है। इसलिए हमारे पास बहस का तीसरा पक्ष है। तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई के एक आरटीआई (सूचना का अधिकार) जवाब को लेकर है। उन्होंने कहा है कि भारत का महत्वपूर्ण टुकड़ा देने से तमिलनाडु के मछुआरे भाइयों और बहनों के लिए परेशानी पैदा हो गई है। एक वीडियो में, उन्होंने श्रीलंका को कच्चातिवू सौंपने में मिलीभगत के लिए कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा। मीडिया के एक वर्ग द्वारा सामने लाए गए नए तथ्यों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मोदी ने उन्हें आंखें खोलने वाला और चौंकाने वाला बताया और इंदिरा गांधी सरकार पर राष्ट्रीय हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। उनकी पार्टी और गठबंधन के अन्य लोग भी इसमें शामिल हो गए। प्रधानमंत्री मोदी की बयानबाजी का जवाब देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूछा कि क्या मोदी सरकार एक पुराने समझौते और एक ऐसे मुद्दे को फिर से खोलना चाहती है, जो श्रीलंका के साथ संबंधों को खराब कर सकता है। यह बयानबाजी भी है, लेकिन एक चेतावनी भी, क्योंकि कोलंबो में मछुआरे और सरकार, दोनों इस मुद्दे पर काफी संवेदनशील हैं। भारतीय क्षेत्र में मछली उत्पादन तेजी से कम हो रहा है और कई ट्रॉलर चलाने वाले भारतीय मछुआरों पर श्रीलंका तट के करीब पानी में मछली पकड़ने के आरोप लगाए गए हैं। स्वाभाविक रूप से इससे श्रीलंका परेशान है। यह कभी नहीं खत्म होने वाला मुद्दा है। इस क्षेत्र में सदियों से मछली पकड़ने वाले तमिलनाडु के मछुआरे कई बार कच्चातिवु से आगे श्रीलंकाई पानी में चले जाते हैं और वर्ष 2008 में अन्नाद्रमुक और वर्ष 2013 में द्रमुक ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन केवल यह बताया गया कि द्वीप की वर्तमान स्थिति एक समझौता है, जिसे पलटा नहीं जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि तमिलनाडु की सरकारें केंद्र सरकार से शिकायतें करती रही हैं। तमिलनाडु में यह मुद्दा क्यों चर्चा में है, सिवाय इसके कि अभी लोकसभा के चुनाव हैं? यह मुद्दा मछुआरों के अधिकारों और वोट व सत्ता के लिए होड़ करने वाली दो द्रविड़ पार्टियों के बीच राजनीतिक बयानबाजी तक ही सीमित है। वर्ष 2009 में जातीय हिंसा खत्म होने के बाद से श्रीलंका के साथ भारत के रिश्ते धीरे-धीरे सुधरे हैं। क्या कच्चातिवु का मुद्दा इस रिश्ते को बिगाड़ने वाला है? सबसे महत्वपूर्ण बात है कि चीन पूरे दक्षिण एशिया में भारत को घेरने का प्रयास कर रहा है। इस पूरे क्षेत्र में खींचतान को देखते हुए हमें सोचना होगा कि क्या इस तरह के घरेलू और चुनावी मुद्दे हमारे राष्ट्रीय हित में हैं!

राजनीति

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के



रमेश सर्राफ धमोरा



***बिहार*** में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। कहते हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते। बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी। इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है। कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है। खुद को सन ऑफ मल्लाह कहलाने वाले विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा। पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था। कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू प्रसाद यादव ने पप्पू यादव को माफ नहीं किया था और उसके साथ खेला कर दिया। लालू यादव ने बिहार में सीट बंटवारे के दौरान पूर्णिया की सीट अपनी पार्टी राजद के खाते में रखकर वहां से जदयू की विधायक बीमा भारती को राजद प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके चलते पप्पू यादव का पूर्णिया से कांग्रेस प्रत्याशी नहीं बना पाई। अब पप्पू यादव ने घोषणा की है की जान चली जाएगी तब भी पूर्णिया को नहीं छोड़ेंगे और वह पूर्णिया से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। पप्पू यादव के बयान पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उनसे कन्नी काटते हुए कहा है कि पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया है लेकिन खुद पार्टी के सदस्य नहीं बने हैं। ऐसे में वह कहीं से भी चुनाव लड़ने को स्वतंत्र है। कांग्रेस पार्टी को उनसे कोई लेना देना नहीं है। पूर्णिया से टिकट नहीं मिलने के बाद पप्पू यादव की हालात देखते ही बनती है। वह न घर के रहे ना घाट के उल्टे उनके बने बनाये समीकरण और बिगड़ गए हैं। हालांकि पिछले चुनाव में पप्पू यादव ने मधेपुरा से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जहां उनकी जमानत जप्त हो गई थी। उन्हें मात्र 97631 यानि 8.51 प्रतिशत वोट ही मिले थे। जबकि 2014 में वह मधेपुरा से चुनाव जीते थे। मधेपुरा में पिछली बार जमानत जब्त होने के चलते पप्पू यादव इस बार पूर्णिया से चुनाव लड़ रहें हैं। पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय सचिव है। पूर्व में वह सहरसा व सुपौल से सांसद भी रह चुकी हैं।

**बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### भुलाये नहीं भुलता सिनेमा का वह दौर

मेरा शहर मेदिनीनगर आधुनिक प्रभाव से अछूता नहीं है, लेकिन अभी यहां सिनेमा हॉल या मल्टी प्लेक्स की कमी खलती है। अभी फिलहाल हमारे शहर में एक भी सिनेमा हॉल या मल्टी पैलेस नहीं हैं। मनोरंजन के नाम दो पार्क और एक कोयल रिवर व्यू है। लोग अच्छी फिल्मों को देखने से वंचित रह जा रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि लोग अब अपनी मोबाइल पर या अपने टीवी पर घर पर आराम से फिल्म देख ले रहे हैं। लेकिन, जो यह बातें कर रहे हैं शायद वे सिनेमा का वह दौर नहीं देखा है जब फिल्म की पोस्टर देखने के लिए लोग छहमुंहान पर गुरुवार की रात आठ बजे शुक्रवार को कौन सी फिल्म लगनेवाली है, यह देखने जाया करते थे। उसके बाद दौर शुरू होता था कार्ड देखने का। सिनेमा हॉल का गेट खुलते ही लोग उस कार्ड को देखने के लिए धक्का-मुक्की किया करते थे। हमारे शहर में दो सिनेमा हॉल हुआ करते थे, एक मोहन दूसरा नवकेतन। डाल्टनगंजवासी उसे नयका और पुरनका के नाम से जानते थे। वैसे ही जैसे कोई अपने लंगोटिया और जिगरी दोस्तों का नाम मजाक और मुहंलगा होने के कारण रख देते थे। बात जब मोबाइल में फिल्म देखने की हो रही है तो शहरवासी मोहन सिनेमा लगनेवाली 'फिल्म शोले' नहीं देखी है। यह फिल्म 70 एमएम में बनी थी। इसका पर्दा काफी बड़ा हुआ करता है। लेकिन, उतना बड़ा पर्दा मोहन सिनेमा हॉल के पास नहीं था तो उसने पर्दा को बड़ा करने के लिए पर्दे के अगल-बगल धोती सिलवा कर पर्दा बड़ा किया था। फिर भी लोग उसे मजे लेकर देख रहे थे। नौबत यह थी कि गब्बर सिंह की रिवाल्वर धोती वाले पर्दे पर दिखाई देती थी।

**बात जब मोबाइल में फिल्म देखने की हो रही है तो शहरवासी मोहन सिनेमा लगनेवाली 'फिल्म शोले' नहीं देखी है। यह फिल्म 70 एमएम में बनी थी। इसका पर्दा काफी बड़ा हुआ करता है।**

लोकसभा चुनाव

# बंद हो किसी भी भारतवासी को 'बाहरी' उम्मीदवार बताना



आरके सिन्हा


***आगामी*** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने और चुनाव प्रचार का काम प्रतिदिन गति पकड़ता जा रहा है। इसके साथ ही सभी दल अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी करते जा रहे हैं। संयोग से अभी तक किसी प्रत्याशी पर 'बाहरी' उम्मीदवार होने का आरोप नहीं लगा है। हालांकि, हमारे यहां किसी को भी बिना किसी कारण के बाहरी उम्मीदवार बता दिया जाता है। याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव के समय जब नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से चुनाव लड़ने का फैसला किया था तो कांग्रेस के नेता उन्हें 'बाहरी' बताने में लगे थे। इसी तरह अरुण जेटली के 2014 में अमृतसर से चुनाव लड़ने पर विवाद खड़ा हो गया था। उन्हें भी कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवार कहा था। यह आरोप उस कांग्रेस के नेताओं ने लगाए थे जिस पार्टी ने देश के 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाहरी दिल्ली सीट से मलयाली सज्जन सी.कृष्ण नायर को अपना उम्मीदवार बनाया था। दिल्ली उन्हें गांवों का गांधी कहती थी। सी.कृष्ण नायर की दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को स्थापित करने में अहम भूमिका रही थी। वे लोकसभा के 1957 में हुए चुनाव में भी जीते थे। जिस कांग्रेस ने नायर साहब को टिकट दिया था उसी ने 1957 के लोकसभा चुनाव में अंबाला में जन्मी बांग्ला परिवार से संबंध रखने वालीं सुचेता कृपलानी को नई दिल्ली सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। सुचेता जी आगे चलकर उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री भी बनीं। सच में अपने ही देश में कोई बाहरी उम्मीदवार कैसे हो सकता है। सारा भारत हम सबका है। यहां हरेक भारतवासी नागरिक को कहीं भी रहने या कहीं से भी चुनाव लड़ने का पूरा अधिकार है। तब किसी को बाहरी कहना हर लिहाज से निंदनीय है। सुचेता जी के पति और प्रख्यात स्वाधीनता सेनानी आचार्य कृपलानी बिहार के भागलपुर और सीतामढ़ी से सांसद रहे। यानी एक सिंधी बिहार से सांसद बना। अब जार्ज फर्नांडीज को लें। जार्ज साहब भले ही दक्षिण भारत से आते थे, पर बिहार उन्हें अपना मानता था और वे बिहार को अपना मानते थे। बिहार ने उन्हें तहेदिल से आदर भी दिया। उन्होंने भी बिहार को पूरी तरह अपना लिया था। वे भोजपुरी भाषा और मैथली भाषा भी मजे की बोल लिया करते थे।

**याद करें 2014 के लोकसभा चुनाव के समय जब नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से चुनाव लड़ने का फैसला किया था तो कांग्रेस के नेता उन्हें 'बाहरी' बताने में लगे थे। इसी तरह अरुण जेटली के 2014 में अमृतसर से चुनाव लड़ने पर विवाद खड़ा हो गया था।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

Manohar Lal
8 h




41 · 6 comments 1 share
Like Comment Send Share

## X- से

Abhishek Kumar Srivastav
20 h

श्रीकृष्ण शास्त्री · Follow
1 d

निषादराज गुह और श्री राम एक साथ गुरुकुल में पढ़े थे, एक ही गुरु से। दूसरा, यह कि निषादराज गुह एक राज्य के राजा भी थे। इसका अर्थ है कि.....

- शूद्रों को पढ़ाई का अधिकार था।
- उसी जगह पढ़ाई का अधिकार था, जहां अन्य वर्ण के लोग पढ़ते थे।
- उसी गुरु से पढ़ने का अधिकार था, जिससे अन्य सवर्ण बच्चे पढ़ते थे।
- शूद्रों को राजकाज चलाने का भी अधिकार था, शूद्र वर्ण के लोग भी राजा बन सकते थे।

और, इन दुष्ट वामपंथियों ने इतिहास लिखते समय ये लिख दिया कि सनातन धर्म में शूद्रों को पढ़ने का अधिकार ही नही था।

बहुत ज़हर भरा है, इन वामपंथी लेखकों ने दलितों के मन में...

जय श्री राम



अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# लोकतंत्र को कमजोर करती है अवसरवादी राजनीति



ललित गर्ग

***कांग्रेस*** में लगातार वफादार नेताओं का पलायन जारी है, नये नामों में कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ, महाराष्ट्र के जिम्मेदार एवं पूर्व मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम, बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, निशाना साधने वाले मुक्केबाज विजेंदर, आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं, जिन्होंने कांग्रेस को बाय-बाय कर दी है। इन सभी ने कांग्रेस के मुद्दाविहीन होने, मोदी के विकसित भारत के एजेंडे, राहुल गांधी की अपरिपक्व राजनीति एवं कांग्रेस की सनातन-विरोधी होने को पार्टी से पलायन का कारण बताया है। कुछ भी कहे, यह राजनीति में अवसरवाद का उदाहरण है, इस तरह का बढ़ता दौर चिंताजनक है। भारत की राजनीति में दलबदल की विसंगति एवं विडम्बना आजादी के बाद से लगातार देखने को मिलती रही है। पिछले साढ़े सात दशक के भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पराभव के अक्स गाहे-बगाहे उजागर होते रहे हैं। दलबदल के बढ़ते दौर ने अनेक सवाल खड़े किये हैं। कल तक विपक्ष में जो नेता दागी होते थे, सतारूढ़ दल में शामिल होने के बाद ऐसा क्या हो जाता है कि उनके दाग दाग नहीं रहते। राजनीति में निष्ठाएं बदलने की स्थितियां आम नागरिकों को उद्वेलित कर रही हैं कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि दागी नेता सत्ता की धारा में डुबकी लगाकर दूध का धुला घोषित हो जाता है। हर बार चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों में 'आयाराम-गयाराम' का खेल शुरू हो जाता है। विभिन्न दलों के प्रभावी नेताओं को अपने दल में शामिल कराने की होड़ मची है, कभी कोई एक दल बाजी मारती हैं तो कभी कोई दूसरा दल। सभी सेलिब्रिटी आखिर सत्ता की तरफ ही क्यों भागते हैं? पूर्व न्यायाधीश हो, पूर्व अधिकारी हो, अभिनेता हो या खिलाड़ी राजनीति में अपना भविष्य आजमाते रहे हैं। अगर भाजपा की विचारधारा किसी विजेंदर, गौरव या अनिल शर्मा जैसे लोगों हो क्यों अच्छी लगती है तो सवाल यह भी है कि पिछले पांच साल तक वे कांग्रेस में क्यों रहे? ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है जो गत वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनावों में एक पार्टी के चुनाव चिह्न पर उम्मीदवार थे तो अब दूसरी पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर मैदान में उतरते दिख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इनदिनों भाजपा में जो विभिन्न दलों के तीस के लगभग राजनेता शामिल हुए हैं उनमें कांग्रेस, राकांपा, शिवसेना, टीएमसी, टीडीपी, एसपी और वाईएसआर कांग्रेस के नेता शामिल हैं। क्या यह भाजपा के निश्चित जीत की संभावनाओं का परिणाम है या केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के डर का परिणाम है। निश्चिय ही यह स्थिति किसी लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिये शुभ नहीं कही जा सकती। देश में लंबे समय से चुनाव सुधारों पर चर्चा चल रही है लेकिन चर्चा इस पर भी होनी चाहिए कि दलबदल का बढ़ता दौर कैसे रूके। राजनीति एवं राजनेताओं में नीति एवं सिद्धान्तों की बात प्रमुख होनी चाहिए लेकिन ऐसा न होना लोकतंत्र की बड़ी विसंगति है। राजनीति में सबकुछ जायज है वाली सोच एवं स्वार्थ की नीति दुर्भाग्यपूर्ण है।


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

ये शिलालेख, कला में महाबोधि मंदिर के चित्रण, और शाही व विदेशी प्रायोजित बहाली कार्यक्रमों के अन्य सबूत 1 के दौरान बोधगया में वृक्ष मंदिर से मंदिरों, तीर्थस्थलों और मठों के निर्माण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का सुझाव देते हैं।



**महाबोधि मंदिर आज**

महाबोधि मंदिर जैसा कि आज दिखाई देता है, ज्यादातर 19वीं सदी के अंत में किए गए जीर्णोद्धार का परिणाम हैः पहले एक बर्मी मिशन द्वारा और फिर हाल ही में स्थापित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा इसकी देखरेख की गई (उपरोक्त समयरेखा देखें)। बोधगया में आज देखे गए विशाल ईंट, प्लास्टर और कंक्रीट के मंदिर में एक बड़ा प्राथमिक सीधा-तरफा शिखर (संस्कृत, शिखर) शामिल है, जो एक केंद्रीय छवि कक्ष (संस्कृत, गर्भ-गृह ) से बाहर निकलता है। चार छोटे शिखर मुख्य कक्ष के कोने पर स्थित हैं और इनमें से प्रत्येक, प्राथमिक शिखर की तरह, एक बौद्ध अवशेष टीले (संस्कृत, स्तूप ) के आकार से घिरा हुआ है । मंदिर की सतह पर बुद्ध की छवियों के घटते स्तर हैं जो गोलाकार 'गाय की आंखों वाली खिड़कियों' के साथ बारी-बारी से स्थापित हैं, जो चीनी तीर्थयात्रियों के खातों और कला में इस इमारत के शुरूआती चित्रणों के विपरीत नहीं है। हालाँकि, 19वीं सदी के अंत में बोधगया में महाबोधि मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार ने स्थल में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# अब घर बैठे पासपोर्ट ऑनलाइन रिन्यू करें

पासपोर्ट का समय-समय पर रिन्यू करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें अन्य देशों में यात्रा के लिए अनुमति देता है और हमारी पहचान की पुष्टि करता है। पासपोर्ट का निर्माण अनेक प्रकार के संदर्भों में किया जाता है, जैसे कि यात्रा, व्यापारिक कार्य, शिक्षा, आदि।

पासपोर्ट हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह न केवल हमें अन्य देशों में यात्रा के लिए अनुमति देता है, बल्कि यह हमारी पहचान का प्रमुख साक्षी भी है। पासपोर्ट की समय-समय पर नवीनीकरण की आवश्यकता होती है ताकि इसकी मान्यता बनी रहे और हम बिना किसी समस्या के अंतरराष्ट्रीय यात्रा कर सकें। इस लेख में, हम जानेंगे कि कैसे हम अपना पासपोर्ट ऑनलाइन रिन्यू कर सकते हैं और किन दस्तावेजों की जरूरत होती है।

**पासपोर्ट रिन्यू क्यों जरूरी है?**



पासपोर्ट का समय-समय पर रिन्यू करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें अन्य देशों में यात्रा के लिए अनुमति देता है और हमारी पहचान की पुष्टि करता है। पासपोर्ट का निर्माण अनेक प्रकार के संदर्भों में किया जाता है, जैसे कि यात्रा, व्यापारिक कार्य, शिक्षा, आदि। इसलिए, पासपोर्ट को अपडेट करना आवश्यक है ताकि हम इन सभी क्षेत्रों में सक्रिय रह सकें। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### आत्मनिर्भर राज्य के निर्माण के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी : मुख्यमंत्री धामी

**टिहरी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य की पांचों लोकसभा सीटों पर जीत के लिए भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में रोड शो और चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी टिहरी लोकसभा क्षेत्र के थत्यूड़ पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने टिहरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि थत्यूड़ ने ठान लिया है कि इस बार फिर से कमल को खिलाना है और टिहरी का विकास करना है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की जनता इस बात से भली-भांति परिचित है कि सशक्त, समर्थ व आत्मनिर्भर राज्य के निर्माण के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है। जनता जनार्दन का मिल रहा प्रचंड समर्थन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार में प्रदेश का तीव्र विकास सुनिश्चित हुआ है।

### ईडी ने एचडीआईएल प्रमोटर्स पर कसा शिकंजा, 40.37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचडीआईएल के प्रमोटर राकेश वधावन और सारंग वधावन के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 'प्रोवीजनल कुर्की आदेश' जारी किया है। इसमें विक्रम होम्स प्राइवेट लिमिटेड की 40.37 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, कुर्क की गई संपत्ति एक वाणिज्यिक संपत्ति है। इसमें कलेडोनिया बिल्डिंग, अंधेरी पूर्व, मुंबई में कार्यालय शामिल हैं। वित्तीय जांच एजेंसी ने राकेश वधावन और सारंग वधावन और अन्य के खिलाफ सीबीआई (एसीबी), मुंबई द्वारा दर्ज केस के आधार पर जांच शुरू की है। यस बैंक द्वारा मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड को 200 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी।

# बंगाल के राज्यपाल ने आचार संहिता 'उल्लंघन' पर शिक्षा मंत्री को हटाने की सिफारिश की

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने गुरुवार को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) उल्लंघन के आरोप में राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु को तत्काल प्रभाव से हटाने की सिफारिश की। राजभवन के सूत्रों के अनुसार, राज्यपाल ने 30 मार्च को उत्तर बंगाल के गौर बंगा विश्वविद्यालय में हुए तृणमूल कांग्रेस के एक सम्मेलन में बसु की मौजूदगी पर ध्यान दिया, जो एमसीसी का उल्लंघन है। तृणमूल से संबद्ध वेस्ट बंगाल कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी प्रोफेसर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूबीसीयूपीए) का सम्मेलन गौड़ बंगा विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था, जिसमें शिक्षा मंत्री बसु मौजूद थे, क्योंकि वह डब्ल्यूबीसीयूपीए के अध्यक्ष भी हैं। उस सम्मेलन में बसु की मौजूदगी को राज्यपाल कार्यालय ने एमसीसी का उल्लंघन माना और उन्हें शिक्षा मंत्री के पद से तत्काल हटाने की सिफारिश की है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए बसु ने राज्यपाल की सिफारिश को 'हास्यास्पद' बताया, जिसमें कहा गया कि यदि उन्होंने एमसीसी का उल्लंघन किया है, तो मामले को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के ध्यान में लाया जाना चाहिए था।

### ईडी ने शेख शाहजहां से जुड़ी दो कॉपोरेट संस्थाओं के खिलाफ शुरू की कार्रवाई

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शेख शाहजहां से जुड़ी दो कॉर्पोरेट संस्थाओं के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि ये दो कॉर्पोरेट इकाइयां मेसर्स मैग्नम और मेसर्स अरूप सोम हैं। सूत्रों के मुताबिक ईडी अधिकारियों ने इन दो कॉर्पोरेट संस्थाओं से जुड़े बैंक खातों की पहचान की है और संबंधित बैंक अधिकारियों को उन खातों में लेनदेन की सुविधाओं को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया है।

# लालू प्रसाद ने कवि के अंदाज में केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**एजेंसी। पटना**



राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए झूठ को लेकर घेरा है। उन्होंने मोदी सरकार को झूठ का दरबार बताते हुए कहा कि जनता ने ठाना है, मोदी सरकार का झूठ मिटाना है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने सोशल मीडिया एक्स पर कविता के अंदाज में लिखा, झूठ का अंबार- मोदी सरकार, झूठ का दरबार- मोदी सरकार, झूठ का भंडार- मोदी सरकार, झूठ का व्यापार- मोदी सरकार, झूठ की बयार-मोदी सरकार, झूठ की बहार-मोदी सरकार, झूठ की कतार-मोदी सरकार।

उन्होंने आगे आरोप लगाते हुए लिखा कि मोदी सरकार का झूठ शानदार, जानदार, जोरदार, लगातार, वजनदार और बारम्बार है। मोदी सरकार को घेरते हुए लालू यादव ने आगे कहा कि नौकरी पर झूठ, इतिहास पर झूठ, विकास पर झूठ, वादों और इरादों में झूठ, हर जगह हर बात, हर सोच विचार में झूठ, इधर झूठ, उधर झूठ, दाएं भी झूठ, बाएं भी झूठ, परिवारवाद पर झूठ, भ्रष्टाचार पर झूठ। बंदा भाजपा में आए तो राजनीतिक धंधा, विपक्ष में है तो वो गंदा, ये भी झूठ।

### कांग्रेस का घोषणा पत्र भ्रम और झूठ का पुलिंदा : सुधांशु त्रिवेदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को भ्रम और झूठ का पुलिंदा बताते हुए कहा है कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चार पीढ़ियों तक देश में लंबे समय तक राज करने वाली कांग्रेस अब दावा कर रही है कि वो चमत्कार कर देगी। कांग्रेस आज ऐसे-ऐसे वादे कर रही है, जो काम उसने न केंद्र की सत्ता में रहते हुए किया और न ही विभिन्न राज्यों की सत्ता में रहते हुए किया। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र के नाम पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र का नाम 'न्याय पत्र' रखा है और इसका मतलब यह है कि इन्होंने मान लिया है कि 55 साल तक इन्होंने अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने भारत के युवाओं की क्षमता के साथ कभी न्याय नहीं किया, भारत की आर्थिक क्षमता, औद्योगिक क्षमता, सैन्य क्षमता और सुरक्षा के साथ न्याय नहीं किया, जिस कांग्रेस ने भारत के सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता के साथ कभी न्याय नहीं किया, आज वही कांग्रेस न्याय की बात कर रही है।

# राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए होम वोटिंग शुरू

**एजेंसी। जयपुर**



निर्वाचन आयोग ने राजस्थान के 85 की उम्र पार कर चुके वरिष्ठ मतदाताओं सहित 40 फीसद तक दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर से मतदान करने की व्यवस्था की है। यह व्यवस्था प्रदेश की उन 12 सीटों के लिए की गई है, जहां पर पहले चरण में चुनाव होंगे। पोलिंग पार्टियां उन लोगों के घरों तक पहुंच रही हैं, जिन्होंने घर से वोट करने का विकल्प चुना है। निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि पहले चरण की 12 सीटों पर होने जा रहे मतदान के लिए 36,558 मतदाताओं ने घर से ही वोट करने की इच्छा जाहिर की है। पहले चरण के अंतर्गत जयपुर, सीकर, गंगानगर, बिकानेर सीट पर मतदान किए जाएंगे। यहां 27,524 वरिष्ठ मतदाता हैं और 9,306 दिव्यांग मतदाता हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि 76,636 मतदाताओं ने घर से ही मतदान करने की इच्छा जाहिर की है। ये मतदाता प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान करेंगे। इसमें 58,954 बुजुर्ग मतदाता और 17,682 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। प्रवीन गुप्ता ने कहा कि बूथ लेवल वोटिंग ऑफिसर्स घर-घर जाकर घर से ही वोट करने की सुविधा के बारे में जानकारी दे रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के लोकसभा क्षेत्रों में पांच अप्रैल से मतदान प्रक्रिया शुरू हो गयी है और 14 अप्रैल तक चलेगी। वहीं, अगर किसी कारणवश पहले चरण में किसी मतदाता को घर से मतदान करने की सुविधा नहीं मिल पाती है, तो उसे दूसरे चरण यानी कि 15 और 16 अप्रैल को होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी।

### भाजपा ने ममता पर पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल भाजपा ने शुक्रवार को भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) में शिकायत दर्ज कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर एक दिन पहले कूच बिहार में तृणमूल कांग्रेस की एक सार्वजनिक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। राज्य भाजपा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की गुरुवार को प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणियां असंसदीय और अत्यधिक आपत्तिजनक हैं, और इसलिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन के बराबर हैं। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को कूच बिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित किया, जहां उन्होंने बंगाल सरकार और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ तीखा हमला किया।

उन्होंने उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण के आरोपियों को बचाने के प्रयास करने का आरोप लगाया। पीएम मोदी के कार्यक्रम से ठीक कुछ घंटे पहले मुख्यमंत्री बनर्जी ने भी कूचबिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। भाजपा की शिकायत के अनुसार, सीएम बनर्जी ने कूच बिहार में अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ असंसदीय और अत्यधिक आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

### केजरीवाल ने की वकील के साथ अधिक वक्त बिताने की मांग, याचिका पर फैसला सुरक्षित

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने देश के कई हिस्सों में लंबित मामलों के लिए अपने वकील के साथ अधिक समय बिताने की अनुमति मांगी थी। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले को 9 अप्रैल को फैसला सुनाने के लिए सूचीबद्ध किया। गुरुवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने याचिका दायर कर कहा था कि उनके वकील के साथ बात करने के लिए उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिलता, उन्हें विभिन्न राज्यों में कई मामलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें वकील के साथ बात करने के लिए कुछ और समय दिया जाय। उन्होंने अदालत से अपने वकील के साथ मिलने की संख्या प्रति सप्ताह पांच तक बढ़ाने का आग्रह किया। कोर्ट ने इस पर सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

### भूपेश बघेल का बैलेट से चुनाव कराने का फॉमूर्ला फेल

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार ईवीएम के बदले बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं और इसके लिए उन्होंने एक फॉमूर्ला भी तैयार किया था। उनका यह फॉमूर्ला उनके ही निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव में फेल हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने दावा किया था कि अगर एक संसदीय क्षेत्र में 384 से ज्यादा लोग नामांकन भरते हैं तो मतदान ईवीएम से नहीं बैलेट पेपर से होगा। इसके लिए वो तैयारी भी कर रहे थे। कहा जा रहा है कि नामांकन पत्र तो 200 से ज्यादा राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में खरीदे गए, मगर 23 उम्मीदवारों ने ही 32 नामांकन पत्र भरे हैं। बताया जाता है कि मतदान के लिए अधिकतम ईवीएम की 24 यूनिट का उपयोग ही किया जा सकता है और इनमें 384 उम्मीदवारों के नाम ही दर्ज किए जा सकते हैं।

# बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट पर गिरफ्तारी संबंधित झूठे दावे एनआईए ने किया खंडन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट मामले में सोशल मीडिया और मीडिया के कुछ हलकों में किए जा रहे दावों का खंडन करते हुए कहा कि मामले में किसी नए आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का इशारा उन झूठे दावों पर था जिनमें कहा गया था कि रामेश्वर कैफे ब्लास्ट मामले में शुक्रवार को आरोपित के तौर पर भाजपा कार्यकर्ता की गिरफ्तारी की गई है। एनआईए ने एक विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि मामले में कोई नई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# नीतीश का शासनकाल 'अधिकारियों का जंगलराज' : प्रशांत किशोर

**एजेंसी। पटना**



चर्चित चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार की स्थिति में ज्यादा अंतर नहीं आया है। उन्होंने कहा कि अगर लालू प्रसाद का शासनकाल 'अपराधियों का जंगलराज' था तो नीतीश कुमार का शासनकाल 'अधिकारियों का जंगलराज' है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके शासनकाल के लिए लोग अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार बिहार के किसी गांव में बिना सुरक्षा और सरकारी अमला के पैदल नहीं चल सकते।

आज बिहार में अफसरशाही, भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। बिना पैसा दिए एक काम नहीं होता है। बिहार की बदहाली का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जिन गांवों और पंचायतों में जाने का मौका मिला है, वहां पलायन की समस्या बहुत बड़ी है। गांवों में 60 प्रतिशत तक नवयुवक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार के शासनकाल की सबसे बड़ी नाकामी है बिहार में शिक्षा व्यवस्था का ध्वस्त हो जाना। बिहार में भूमिहीनों की समस्या का जिक्र करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में गरीबी और बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण है बड़ी संख्या में भूमिहीनों का होना।

# सीएम सावंत ने गोवा में खनन फिर से शुरू किए जाने की सराहना की

**एजेंसी। पणजी**



गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गुरुवार को लगभग 12 वर्षों के अंतराल के बाद राज्य में खनन गतिविधि फिर से शुरू किए जाने की सराहना की और इसे ऐतिहासिक दिन करार दिया। सीएम सावंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह गोवा के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

मैं बिचोलिम (उत्तरी गोवा में) में खनन शुरू करने के लिए वेदांता को बधाई देता हूं। इसने गोवा राज्य की प्रमुख आर्थिक रीढ़ में से एक को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने आगे कहा कि 2012 से खनन पर प्रतिबंध के कारण हितधारकों, लोगों और राज्य को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सीएम ने मुद्दे को हल करने के लिए लगातार समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को भी धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार के लगातार प्रयासों से हमने राज्य में खनन ब्लॉकों की नीलामी के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई। इससे कई हितधारकों को रोजगार सृजन में लाभ होगा और राज्य को बढ़े हुए राजस्व से लाभ होगा। सीएम सावंत ने कहा, राज्य के बढ़े हुए राजस्व से राज्य में कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे के विकास में अधिक निवेश करने और राज्य को विकसित गोवा की ओर ले जाने की क्षमता बढ़ेगी।

### मणिपुर में सेना ने अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद का जखीरा किया बरामद

**एजेंसी। इंफाल**



लोकसभा चुनाव से पहले सेना ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में गुरुवार को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने बिष्णुपुर के सदु कबुई गांव के पास खुजोई रोक नाला से हथियार, गोला-बारूद जैसे सामान बरामद किए। बरामद हथियारों में एक 9एमएम कार्बाइन मशीन गन, एक स्टेन गन एमके-2, एक .303 राइफल, एक 9एमएम पिस्तौल, एक बंदूक, 14 ग्रेनेड, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री शामिल हैं। संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही और अवैध हथियारों व गोला-बारूद की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट इनपुट के आधार पर सेना ने एसएसबी और कमांडो सहित मणिपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया और अत्याधुनिक हथियार बरामद किए।

## आज का राशिफल

**मेष** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे।

**वृषभ** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**सिंह** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या** कन्या : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**धनु** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें।

**मकर** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुम्भ** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री कृपारानी की कांग्रेस में वापसी

**एजेंसी। आंध्र प्रदेश**



**कडप्पा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. किल्ली कृपारानी सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) छोड़ने के दो दिन बाद शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। कडप्पा लोकसभा क्षेत्र में आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला रेड्डी द्वारा बस यात्रा के शुभारंभ पर डॉ. कृपारानी और उनके पति राममोहन राव कांग्रेस में शामिल हुए। शर्मिला रेड्डी ने पार्टी का दुपट्टा भेंट कर उनका कांग्रेस में स्वागत किया। यह डॉ. कृपारानी के लिए घर वापसी है। इस अवसर पर डॉ. कृपारानी ने कहा कि उन्होंने पांच वर्षों में उत्तरी आंध्र में मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी और वाईएसआरसीपी के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वाईएस राजशेखर रेड्डी उनके लिए भगवान थे। ह्लमैं वाईएसआर को उनकी बेटी शर्मिला में देखती हूं। राज्य का विकास तभी होगा जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में आएगी।" 2019 चुनाव से पहले डॉ. कृपारानी वाईएसआर कांग्रेस में शामिल हुई थीं।

### जेल से मनीष सिसोदिया ने अपने समर्थकों को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति मामले में सलाखों के पीछे बंद आप नेता मनीष सिसोदिया ने जेल से चिट्ठी लिखी है। उन्होंने यह चिट्ठी ऐसे समय में लिखी है, जब मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरे देश में आप का बीजेपी के खिलाफ हल्ला बोल जारी है। सिसोदिया ने जेल से लिखी अपनी चिट्ठी में एक या दो नहीं, बल्कि अनेकों मुद्दों का जिक्र किया है।

### सीबीएसई बोर्ड 11वीं व 12वीं की परीक्षा के पैटर्न में किया गया बदलाव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सीबीएसई ने 11वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षा के पैटर्न को बदलने का निर्णय लिया है। इस बदलाव के अंतर्गत परीक्षाओं से लंबे उत्तर वाले प्रश्न हटाने का फैसला किया गया है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस बदलाव का मूल उद्देश्य बच्चों में आंसर रटने की प्रवृत्ति खत्म करना और सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। सीबीएसई द्वारा जारी किए गए नए परीक्षा पैटर्न शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से लागू कर दिए गए हैं। सीबीएसई का कहना है कि 11वीं और 12वीं कक्षा में लंबे उत्तर वाले प्रश्नों की बजाय अब से कॉन्सेप्ट आधारित सवाल पूछे जाएंगे।

# साजिश के तहत हुई है केजरीवाल की गिरफ्तारी : संजय सिंह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक साजिश के तहत हुई है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के उन आरोपों को दोहराया जिनमें कहा जा रहा है कि ईडी ने दबाव डालकर कुछ आरोपियों से केजरीवाल के खिलाफ बयान दिलवाया और फिर उन्हें राहत दे दी। संजय सिंह ने कहा कि मंगुटा रेड्डी और उनके बेटे राघव रेड्डी पर ईडी ने दबाव डालकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान दिलवाया गया और साजिश के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने यह भी आरोप दोहराया कि शरत रेड्डी पर भी ईडी ने दबाव डालकर केजरीवाल के खिलाफ बयान लिया। उन्होंने कहा कि बाद में रेड्डी से भाजपा ने 55 करोड़ रुपए का चंदा लिया। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार शाम संजय सिंह की तिहाड़ जेल से रिहाई हुई।

### यूपी में चुनाव प्रचार करेंगे संजय सिंह

**लखनऊ।** यूं तो उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने किसी भी उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा है, लेकिन अभी हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए संजय सिंह सूबे में इंडिया गठबंधन के पक्ष में पूरे दमखम से चुनाव प्रचार करते दिखेंगे। इस बीच, संजय सिंह ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा, मैंने 6 महीने सलाखों के पीछे बिताए हैं, जिससे हमारा संकल्प और मजबूत हुआ है। अब हम इस संदेश को पूरे देश में लेकर जाएंगे और मैं आपको बता दूं कि ये आम आदमी पार्टी ही है, जिसने सिद्धांतों से समझौता करने के बजाए जेल जाने को ज्यादा तवज्जो दिया। बता दें, संजय सिंह को बुधवार को जमानत मिली।

### हार के डर से इंडिया गठबंधन के लोग लौटा रहे टिकट : जेपीएस राठौर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने मध्य प्रदेश के खजुराहो से सपा उम्मीदवार का नामांकन खारिज होने पर अखिलेश यादव पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं को हार का डर इतना ज्यादा है कि वे अपना टिकट लौटा रहे हैं। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि इंडी गठबंधन को लड़ाने के लिए उम्मीदवार ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। हाल ये है कि सपा मुखिया जबरन घर में घुसकर टिकट पकड़ा रहे हैं। उन्होंने खजुराहो से सपा प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने और सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं को हार का डर इतना ज्यादा है कि वे अपना टिकट लौटा रहे हैं।

# पीएम मोदी के शासन में जो गलत काम करेगा, जेल जाएगा : शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं के बयानों पर शुक्रवार को तंज कसा और कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शासन है, जो गलत करेगा वह जेल जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने शुक्रवार को संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस और कांग्रेस के नेता बार बार ये रट लगा रहे हैं कि लोकतंत्र खतरे में है, संविधान खतरे में है। खतरे में लोकतंत्र नहीं है, खतरे में अगर कोई है तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस गर्त में जा रही है।

कांग्रेस व विरोधी दलों द्वारा कई नेताओं के जेल जाने पर सरकार पर किए जा रहे हमलों का जवाब देते हुए चौहान ने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा, मेरी उम्र थी 17 साल, मैं 11वीं में पढ़ता था, मुझे इमरजेंसी में जेल भेजा गया। स्वर्गीय इंदिरा गांधी की सरकार थी, संविधान को तार-तार किसने किया था, लोकतंत्र का गला किसने घोटा था? मासूम बच्चों को जेल में किसने भेजा था? उन्होंने आगे कहा, आज एक बात साफ है। पहले यह धारणा रही होगी नेता कोई भी कितना बड़ा अपराध कर दे, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। लेकिन यह भारतीय जनता पार्टी का शासन है। अगर कोई गलत काम करेगा तो जेल जाएगा।





# आईपीएल 2024 : मुंबई इंडियंस टीम में शामिल होने के लिए तैयार सूर्यकुमार यादव



**एजेंसी। मुंबई**
सूर्यकुमार यादव बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में ठीक होने के बाद मुंबई वापस आ गए हैं और वह अब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले मुंबई इंडियंस कैंप में शामिल होने के लिए तैयार हैं। सूर्यकुमार ने अब तक आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लिया है क्योंकि वह इस साल की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबरने के लिए एनसीए में थे। हालांकि यह अभी भी पुष्टि नहीं हुई है कि वह रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए फिट हैं या नहीं। सूर्यकुमार का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच दिसंबर में जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी-20 था, जहां उन्होंने 56 गेंदों में 100 रन बनाए थे। उस मैच के दौरान उनके टखने में चोट लग गई थी। टखने की सर्जरी के अलावा, उन्हें स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी भी करानी पड़ी। परिणामस्वरूप, उन्हें घरेलू मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की तीन मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया, जो जून में विश्व कप से पहले उनका आखिरी टी-20 सीरीज था। मुंबई अब तक अपने तीनों मैच हार चुकी है और अंक तालिका में सबसे नीचे है।

# इस आईपीएल में विराट कोहली काफी दबाव में हैं : स्टीव स्मिथ





**विराट एक अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, और शायद दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ी है।**

**एजेंसी। मुंबई**
ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि मौजूदा आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाजों की सामूहिक विफलता के कारण विराट कोहली 'काफी दबाव में' हैं, और वह चाहते हैं आरसीबी टीम के साथी अच्छा प्रदर्शन करें। कोहली ने इस आईपीएल सीजन में आरसीबी के लिए चार मैचों में 67.66 के औसत से दो अर्द्धशतक के साथ 203 रन बनाकर अकेले संघर्ष किया है। दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इतने ही मैचों में 90 रन बनाकर काफी पीछे हैं। कोहली की निरंतरता के बावजूद आरसीबी चार मैचों में तीन हार के साथ लड़खड़ा गई है और अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। ग्लेन मैक्सवेल, कप्तान फाफ डु प्लेसिस और कैमरून ग्रीन जैसे बल्लेबाज अब तक बल्ले से कमजोर रहे हैं। स्मिथ ने कहा, 'उन्हें अपने साथ खड़े होने के लिए अन्य प्रमुख बल्लेबाजों की जरूरत है और अगर वे ऐसा करते हैं, तो वे अपने सीजन के लिए चीजें बदल सकते हैं। लेकिन फिलहाल, वे इतने दबाव में नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे संदेह है कि वह खुद पर अतिरिक्त दबाव डाल रहे होंगे। (लेकिन) कुछ अन्य शीर्ष क्रम और मध्य क्रम (बल्लेबाजों) को विराट की मदद करने की जरूरत है।' स्मिथ ने चेतावनी दी कि कोहली हर मैच में रन नहीं बनाएंगे और आरसीबी के बल्लेबाजों को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, 'उन्होंने आईपीएल में अभियान की बहुत अच्छी शुरुआत की और उन्हें कुछ समर्थन की जरूरत है। वह हर मौके पर रन नहीं बना पाएंगे।' स्मिथ ने कहा, 'लेकिन, मुझे संदेह है कि वह इस तरह से सोच रहा होगा। मुझे नहीं लगता कि वह बाहर जाएगा और खुद पर अतिरिक्त दबाव डालेगा। वह बस बाहर जाएगा और खेलेगा और देखेगा कि उस खेल में क्या होता है।'

स्मिथ ने उस आलोचना को खारिज कर दिया जो कोहली को अपने करियर में अपनी बल्लेबाजी स्ट्राइक-रेट को लेकर बार-बार झेलनी पड़ी है, उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी खिलाड़ी परिस्थितियों को भारतीय बल्लेबाजों की तरह नहीं पढ़ सकता है। कोहली इस साल के आईपीएल में 140 से अधिक रन बना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'विराट एक अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं। वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, और शायद दुनिया के उन्होंने कहा, 'मुझे संदेह है कि वह खुद पर अतिरिक्त दबाव डाल रहे होंगे। (लेकिन) कुछ अन्य शीर्ष क्रम और मध्य क्रम (बल्लेबाजों) को विराट की मदद करने की जरूरत है।

# आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी। जयपुर**
खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला।

पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 29 रन बनाए लेकिन उनसे इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। सवाई मानसिंह स्टेडियम की पिच आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम से मिलती जुलती है जिस पर बल्लेबाजों को शॉट्स खेलने में आसानी होगी।

दूसरी ओर रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आए थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है।

**राजस्थान रॉयल्स :** यशस्वी जयसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (विकेटकीपर/कप्तान), जो रूट, ध्रुव जुरेल, शिम्रोन हेटमायर, रविचंद्रन अश्विन, एडम जम्पा, संदीप शर्मा, केएम आसिफ, युजवेंद्र चहल
**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर :** विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), अनुज रावत, ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर, दिनेश कार्तिक (डब्ल्यू), माइकल ब्रेसवेल, वेन पार्नेल, कर्ण शर्मा, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज

## चोटिल कुलदीप यादव को मिली आराम की सलाह

**नई दिल्ली।** कुलदीप यादव इस समय ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे हैं, जिसके चलते वह पिछले दो मैच दिल्ली कैपिटल्स के लिए नहीं खेल पाए। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि कुलदीप को आराम करने की सलाह दी गई है लेकिन उनकी वापसी को लेकर अब तक किसी तरह का अपडेट नहीं है। दिल्ली को अपना अगला मैच 7 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलना है। कुलदीप की चोट संभवतः उतनी गंभीर नहीं है और वह टीम के साथ यात्रा भी कर रहे हैं। कुलदीप ने राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले दो मैच खेले थे और तीन विकेट लिए थे। हालांकि विशाखापटनम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वह अगले दो मैच नहीं खेल पाए। कुलदीप की चोट पर भारतीय चयनकताओं की भी नजर होगी क्योंकि वह आगामी टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के स्पिन स्लॉट के प्रबल दावेदार हैं।

## इमा का सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में शुक्रवार को बहूबाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक एवं राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते एवं काता का प्रशिक्षण दिया। खिलाड़ियों को रिंग में फाइट के दौरान स्कोर करने के तरीके और गलत तरीके से फाइट करने पर दी जाने वाली वार्निंग की जानकारी दी गई। साथ ही, किस रणनीति से फाइट को जीता जा सकता है। इससे अवगत कराया गया। राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि बिशप स्कूल के मेजबानी में सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड और इमा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 और 21 अप्रैल को आयोजित 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप देखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें खिलाड़ियों को एडवांस फाइट के तकनीक से अवगत कराया जा रहा है, जिससे खिलाड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन कर सकें।



## एश्टन टर्नर ने लगातार तीसरे ब्लास्ट सीजन के लिए डरहम के साथ किया करार

**डरहम।** वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज एश्टन टर्नर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ आईपीएल में अपने कार्यकाल के बाद विटैलिटी ब्लास्ट में लगातार तीसरा सीजन खेलने के लिए डरहम वापस जा रहे हैं। 31 वर्षीय टर्नर ने बीबीएल के दौरान घुटने की सर्जरी के बाद से दिसंबर में अपना ऑस्ट्रेलियाई घरेलू सत्र समाप्त नहीं किया है, लेकिन वह वर्तमान में आईपीएल में एलएसजी के साथ हैं, हालांकि उनको अभी तक एकादश में जगह नहीं मिली है। ईएसपीएन क्रिक इंफो के अनुसार, वह डरहम के ब्लास्ट अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं, उन्होंने पिछले दो सीजन में उनके लिए 22 मैच खेले हैं, जिसमें मध्य क्रम में 153.38 की स्ट्राइक-रेट के साथ 34.00 की औसत से 408 रन बनाए हैं। टर्नर ऑस्ट्रेलिया में टी20 मध्यक्रम विशेषज्ञों में से एक हैं और पिछले दो इंग्लैंड गर्मियों में डरहम और मैनचेस्टर ओरिजिनल दोनों में लोकप्रिय खिलाड़ी रहे हैं। टर्नर ने पिछले पांच वर्षों में स्कॉर्चर्स की कप्तानी में दो बीबीएल खिताब और डब्ल्यूए ने तीन मार्श कप (ऑस्ट्रेलियाई घरेलू 50-ओवर) खिताब जीते हैं। चोट के कारण बीबीएल से उनकी अनुपस्थिति का स्कॉर्चर्स की विफलता पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए नौ वनडे और 19 टी20 मैच खेले हैं, उनका सबसे हालिया अंतरराष्ट्रीय मैच पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज था।

## सेंथिल कुमार जर्मन ओपन क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11.5, 11.8, 9.11, 11.9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6.11 , 7.11, 11.6, 11.3, 11.9 से हराया था।



# पेरिस ओलंपिक से पहले ऑस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम



**एजेंसी। नई दिल्ली**
शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा।

**हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा**

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है।' उन्होंने कहा, हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा।'

भारत ने आखिरी बाद 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिए दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, ह्वहम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।'

## युगांडा महिला टीम का नेतृत्व करेंगी जेनेट मबाबाजी

**एजेंसी। कंपाला**
युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने शुक्रवार को यूएई के अबू धाबी में 19 अप्रैल से 2 मई तक होने वाले टी20 महिला विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा की। जेनेट मबाबाजी 15 सदस्यीय युगांडा टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि रीता मुसामाली को टीम का उप-कप्तान नामित किया गया है। टी20 ग्लोबल क्वालीफायर के लिए टीम में केवल एक बदलाव हुआ है, जिसमें इमैक्युलेट नंदेरा की जगह प्रोस्कोविया अलाको की वापसी हुई है। टीम के बाकी सदस्य ओमटेक्स में भारत के प्रशिक्षण दौरे और घाना में अफ्रीकी खेलों का हिस्सा थे। विक्टोरिया पर्ल्स क्वालीफायर में विश्व कप के लिए जगह बनाने की कोशिश करेगी जिसमें वे श्रीलंका, यूएसए, थाईलैंड और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप ए में हैं। मेजबान यूएई, आयरलैंड, नीदरलैंड, वानुअतु और जिम्बाब्वे ग्रुप बी में हैं।



टीम 19 अप्रैल को युगांडा से रवाना होगी और 25/04/2024 को ग्रुप मैच शुरू होने से पहले वानुअतु और यूएई के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगी। युगांडा को पहली बार स्कॉटलैंड और थाईलैंड के खिलाफ रोशनी में खेलने का अनुभव होगा। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, यूएसए और श्रीलंका के खिलाफ दिन के मैच हैं। दक्षिण अफ्रीका में 2023 में टी20 विश्व कप की शीर्ष छह टीमें - ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड और वेस्ट इंडीज ने सीधे योग्यता अर्जित की, जबकि बांग्लादेश ने मेजबान और पाकिस्तान ने आईसीसी में अपनी स्थिति के आधार पर योग्यता प्राप्त की।

## खबरें व्यापार जगत की

### बैंकों के लिए लिक्विडीटी कवरेज की समीक्षा करेगा आरबीआई



**मुंबई।** बैंकों में कभी-कभी ऐसी स्थिति हो जाती है जब एक साथ भारी संख्या में ग्राहक पैसा निकालने लगते हैं, जिससे बैंक की वित्तीय हालत चरमरा जाती है। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए आरबीआई ने लिक्विडिटी कवरेज रेशियो की समीक्षा करने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। दास ने कहा कि इस मुद्दे पर हितधारकों के परामर्श के लिए शीघ्र ही एक मसौदा जारी किया जाएगा। दास ने बताया, टेक्नोलॉजिकल विकास ने बैंक ग्राहकों को अपने बैंक खातों से तुरंत पैसे निकालने या ट्रांसफर करने में सक्षम बनाया है। ग्राहक सुविधा में सुधार के साथ-साथ, इसने बैंकों के लिए संभावित स्थितियों से निपटने की चुनौतियां भी पैदा कर दी हैं। ऐसा भी हो सकता है जब कई कारणों से बड़ी संख्या में जमाकर्ता तुरंत और एक साथ बैंकों से अपना पैसा निकालने का निर्णय लें। उन्होंने बताया कि पिछले साल कुछ इलाकों में हुए घटनाक्रम से पता चलता है कि ऐसी स्थितियों से निपटने में बैंकों को कितनी मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, इस ढांचे को व्यापक समीक्षा करने की जरूरत पैदा हो रही है।

### क्राफ्टन इंडिया के सीईओ इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी के वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त

**नई दिल्ली।** इंडियन डिजिटल गेमिंग सोसाइटी (आईडीजीएस) ने बीजीएमआई डेवलपर क्राफ्टन इंडिया के सीईओ सीन ह्यूनिल सोहन को अपना नया वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। आईडीजीएस ने शुक्रवार को कहा,वीपी के रूप में सोहन भारत में डिजिटल गेमिंग के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वह गेमिंग पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर समावेशिता, विविधता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों को चलाने के लिए अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे। सीन निल सोहन ने कहा, यह भूमिका भारत में गेमिंग उद्योग के विकास में योगदान करने का एक जबरदस्त अवसर प्रस्तुत करती है। मैं इनोवेशन, समावेशिता को बढ़ावा देने और भारत में गेमिंग इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। वह उन नीतियों की वकालत करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम करेंगे जो गेमिंग उद्योग की निरंतर वृद्धि का समर्थन करती हैं और इसके सामाजिक प्रभाव को बढ़ाती हैं। आईडीजीएस के प्रेसिडेंट राजन नवानी ने कहा, स्ट्रांग बैकग्राउंड और नेतृत्व के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, सोहन गेमिंग उद्योग में एक अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति हैं। उद्योग जगत का उनका अनुभव, उनकी असाधारण नेतृत्व क्षमताओं के साथ, निस्संदेह समाज की निरंतर सफलता के पीछे एक प्रेरक शक्ति होगी। आईडीजीएस का प्राथमिक लक्ष्य गेमिंग इकोसिस्टम के हितधारकों को एक साथ लाकर सहयोग, वकालत और इनोवेशन के लिए एक मंच प्रदान करना है।



### मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया कोई बदलाव



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रास्फीति पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से शुक्रवार को लगतार सातवीं बार अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के छह में से पांच सदस्यों ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। दास ने कहा कि एमपीसी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए पहल जारी रखने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था की स्थिरता व विकास के लिए आरबीआई की अवस्फीतिकारी नीति जारी रहेगी। दास ने कहा कि खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति का असर आगे भी जारी रहेगा। केंद्रीय बैंक ने आखिरी बार फरवरी 2023 में रेपो रेट में बदलाव किया था। तब इसे बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। आरबीआई ने मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच दरों में 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। गौरतलब है कि रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर आरबीआई अन्य बैकों को अल्पकालिक ऋण देता है। आरबीआई की 6 प्रतिशत की ऊपरी सीमा से घटकर मुद्रास्फीति अब लगभग 5 प्रतिशत पर आ गई है। लेकिन केंद्रीय बैंक का लक्ष्य इसे 4 प्रतिशत तक लाना है, जिसे वह अर्थव्यवस्था के लिए आदर्श मानता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कई बार कहा है कि हालांकि मुद्रास्फीति में कमी आ रही है, लेकिन जब तक यह चार प्रतिशत तक नहीं आ जाती, तब तक केंद्रीय बैंक अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करेगा।

### आरबीआई ने यूपीआई से कैश डिपॉजिट मशीन में पैसे डालने की दी इजाजत

**मुंबई।** आरबीआई ने लेनदेन में सुविधा बढ़ाने के लिए ग्राहकों को यूपीआई के माध्यम से कैश डिपॉजिट मशीनों (सीडीएम) में पैसे जमा करने की अनुमति देने का फैसला किया है। सीडीएम के माध्यम से कैश जमा फिलहाल डेबिट कार्ड से हो रहा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, ह्लएटीएम में यूपीआई का उपयोग कर बिना कार्ड के कैश निकालने के अनुभव को देखते हुए, अब यूपीआई का उपयोग कर सीडीएम में नकदी जमा करने की सुविधा भी प्रस्तावित है। यह उपाय ग्राहकों की सुविधा को और बढ़ाएगा और बैंकों में मुद्रा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के लिए चीजें आसान होने के अलावा, बैंकों को भी फायदा होगा। वे अभी अपने ब्रांच में कैश जमा करने में बहुत समय लगाते हैं।

### दक्षिण कोरिया में इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री में 25 फीसदी की गिरावट

**सोल।** जारी हुए मार्केट रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया में पहली तिमाही में इलेक्ट्रिकल व्हीकल की बिक्री में 25 फीसद की गिरावट दर्ज की गई, जबकि गैसोलीन हाइब्रिड मॉडल की बिक्री में 46 फीसद की तेजी आई है। कार्ल्स यू ने एक बयान में कहा,जनवरी से लेकर मार्च तक इलेक्ट्रिक व्हीकल का रजिस्ट्रेशन पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में 34,186 से गिर कर 25,550 तक आ गया। बयान में आगे कहा गया, ऱऐसा पहली बार हुआ है जब इलेक्टिक व्हिकल की बिक्री में तेज गिरावट दर्ज की गई। इसके विपरीत, पहली तिमाही में गैसोलीन हाइब्रिड वाहन की बिक्री एक साल पहले के 68,249 से बढ़कर 99,832 इकाई हो गई। हालांकि मार्च तिमाही में गैसोलीन से चलने वाले वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 241,742 से 19 प्रतिशत गिरकर 196,472 इकाई रह गई।

## एक नजर

### ट्रांसपोर्टर ने पुलिस प्रशासन से लगायी न्याय की गुहार

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज थाना के समीप स्थित सीमना रोड़ लाइन ट्रांसपोर्ट के प्रो. मो. सागीर आलम ने बिहार के औरंगाबाद जिला के दाउदनगर अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक तथा ओबरा के थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा कि बीते 21 सितंबर 23 को उनके मोबाइल नंबर पर फोन कर बताया कि वह गाड़ी का मालिक तथा ड्राइवर दोनों है। उसने अपने 22 चक्के की गाड़ी नंबर बीआर 06 जीडी 3525 बताते हुए भाड़े की मांग की। कागजात की जांच के बाद उक्त गाड़ी को लोडिंग के लिए ओबरा के चपरी स्थित गोदाम में भेज दिया। जहां जानकी ट्रेडर्स के स्टाफ सोनू जायसवाल को फोन कर गाड़ी मालिक के सारे कागजात भी उन्हें भेज दिया। जिसके बाद सोनू जायसवाल द्वारा बताया गया की गाड़ी पहुंच गया है, और लोड हो रहा है। बाद में चालान बिल्टी लेने के लिए गाड़ी मालिक सह ड्राइवर को औरंगाबाद ओवर ब्रिज के पास बुलाया गया। रात्रि 9 बजे के बाद गाड़ी मलिक का फोन अचानक बंद बताने लगा। संपर्क टूटने पर दूसरे दिन 22 सितंबर को ओबरा थाना से संपर्क करने पर पता चला कि जानकी ट्रेडर्स के मालिक के भाई मुन्ना जायसवाल के द्वारा उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### मेधावी छात्रा को साइकिल देकर किया गया सम्मानित



**हरिहरगंज :** शुक्रवार को प्रखंड के तेंदुआ स्थित बीएनएस पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें नर्सरी से नवम तक वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले कुल 36 विद्यार्थियों को इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, मेडल, पेन व कॉपी देकर सम्मानित किया। वही स्कूल टॉपर छात्र प्रिया कुमारी को रेंजर साइकिल तथा रितिका सिंह को स्कूल ड्रेस भेंट की गयी। इस मौके पर निदेशक राकेश रौशन ने कहा कि हर बच्चों को मेहनत के साथ पढ़ना चाहिए, जिससे अगली बार हर बच्चा टॉप करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह, शिक्षक रितेश, राकेश, शैलेश गौरव, लव कुमार, हिमांशु के अलावे शिक्षिका संगीता जायसवाल, आरती, जागृति, संजू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थें।

# बढ़ती गर्मी में सावधानी व बचाव जरूरी : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिले में तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। इससे गर्मियों में होने वाली परेशानियों का खतरा भी बढ़ गया है। इन परिस्थितियों में लोगों को डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है इससे बचाव को लेकर हम सबों को विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है. उपायुक्त ने बताया कि गर्म हवा व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इससे किसी व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है.

**सावधानी बरतने की अपील**

- लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें। साथ ही जारी गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए धूप से सीधे संपर्क में आने से परहेज करें।
- गर्मी में धूप में निकलने से बचें लेकिन अगर दिन में निकलना जरूरी है तो सनबर्न से बचने के लिए छतरी, टोपी और ठंडा पानी साथ लेकर चलें।
- लिक्विड डाइट का ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें। जैसे नींबू पानी, गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी आदि। इस गर्मा में मौसमी फलों का जैसे खरबूज, तरबूज, आम, ककड़ी का सेवन जरूर करें। ध्यान दें कि शरीर में पानी की कमी ना हो।
- आरामदायक कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलें तो बेहतर है कि आप ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें
- मसालेदार भोजन के अलावा गर्मी में लू, हीट स्ट्रोक से बचने के लिए घर का बना फ्रेश खाना खाएं।

उन्होंने सभी जिलेवासियों से धूप में घर से बाहर निकलते समय हल्के रंगो के ढीले सूती कपड़े पहनने, चश्मा व छाता रखने और गमछा ओढ़कर ही घर से निकलने की अपील की है। शशि रंजन ने कहा कि गर्मी के स्ट्रोक, गर्मी के दाने या गर्मी से ऐंठन जैसे कि कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, मितली और दौरे के लक्षणों को पहचानें। यदि आप थकान व कमजोरी व बीमार जैसा महसूस कर रहें है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श करें।

## उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध चला अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/मयूरहंड**

उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक, थाना प्रभारी मयूरहंड एवं पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से मयूरहंड थाना क्षेत्र के मौजा-नौडीहा, सोकी के विभिन्न स्थलों पर अवैध बालू उत्खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के क्रम में खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने बताया कि नोडिह टांड में लगभग 33 हजार सीएफटी ट्रेक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। स्थनीय ग्रामीणों से पूछताछ में किसी के द्वारा बालू भंडारण से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। साथ हीं नौडीहा क्षेत्र अंतर्गत किसी को भी बालू भंडारण के लिए अनुज्ञप्ति पत्र प्राप्त नही है। अतः अवैध बालू खनिज को जप्त करते हुए मयूरहंड थाना में अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध प्राथमिकी कांड सख्या 20/2024 दर्ज कराई गई है।

जप्त बालू खनिज को स्थानिय मुखिया मीना देवी के पति ईश्वरी मेहता को जिमेनामा एवं जप्ती सूचि सौंपते हुए सुरक्षार्थ आदेश एवं सतत निगरानी हेतु थाना प्रभारी मयूरहंड से अनुरोध किया गया है।

## बाबुलाल मरांडी के आगमन को लेकर कार्यकताओं ने हुसैनाबाद में की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**

अनुमंडल मुख्यालय के जेपी चौक समीप पूर्व उपप्रमुख यमुना सिंह के आवास पर भाजपा कार्यकताओं ने समीक्षा बैठक कर आगामी रविवार को दिन के 11 बजे हैदरनगर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर रुपरेखा तैयार की है। बैठक की समीक्षा कर रहे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह व रामप्रवेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसथभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों के अलावे कुल 341 बूथों के कार्यकताओं को विभिन्न माध्यमों से सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज, पिपरा, उर्दवार, हुसैनाबाद शहरी व ग्रामीण, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के मंडल अध्यक्षों ने 200 से अधिक वाहनों से ग्रामीण समर्थक व ग्रामीणों को



इस चुनावी जनसभा लाने में संकल्प लिया है। बैठक में शामिल रामराज मेहता, नीरज कुमार सिंह, उमेश चंद्र शिव, बल्लू बलराम, अजय प्रसाद गुप्ता, संजय मेहता सहित अन्य मंडल अध्यक्षों व कार्यकताओं ने हैदरनगर हाईस्कूल मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल का जाएजा लेने के बाद कहा कि आगंतुकों के लिये भीषण गर्मी को देखते हुए समुचित पेयजल व आपातकलीन चिकित्सा सेवा बहाल रहेगी। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल, रणविजय सिंह, सरयू प्रसाद गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## समाज के परमार्थ के लिए ही धरा पर अवतरित होते हैं संत सरोवर और तरुवर : धर्म गुरु कौशल

### यज्ञ का प्रसाद खाने व पौधा रूपी प्रसाद को लगाने से स्वस्थ होगी आने वाली पीढ़ी : पर्यावरणविद मुखिया व धीरज

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर पलामू**

जिले के चैनपुर श्री राम चौक रोटरी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ में पहुंचकर परमपूज्य श्रीं श्रीं आचार्य राम तपस्या यादव जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम समापन के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, उनकी धर्मपत्नी सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने



यज्ञशाला का पंचकर्मा कर पूजा अर्चना की। पर्यावरणविद कौशल, मुखिया पूनम और यज्ञ के आयोजक धीरज गुप्ता ने यज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुओं को थाईलैंड का बारहमासी आम, हिमाचल का कपूर, कर्नाटक का चंदन , केला, समी, बरगद, पीपल, और आंवला का पौधा वितरित किया । श्रद्धालुओं को पौधा देते हुए कहा कि यज्ञ का प्रासाद खाने से उनके परिजनों का तन- मन शुद्ध हो जाता है। यज्ञ के हवन से ब्रह्मांड और पर्यावरण धर्म के तहत पौधा रूपी प्रसाद को लगाने एवं दान करने से आने वाली पीढ़ी तक स्वस्थ व सुरक्षित हो जाता है ।

पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तरह देश के बड़े संत - महात्मा जनकल्याण व धर्म प्रचार के लिए यज्ञ कराते हैं उसी तरह वे प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद जगहों पर बड़ा आयोजन कर पौधरोपण करते हैं। तभी लोगों को प्रदूषण नामक शत्रु से मुक्ति मिलेगी । वहीं यज्ञ में हवन के लिए उसी माध्यम से लकड़ी मिल पाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हवन कुंड से निकली धुंआ से न सिर्फ कई बीमारियों व विषाक्त जीवाणुओं से मुक्ति मिलती है बल्कि प्रदूषण से भी निजात मिलता है। पर्यावरणविद ने कहा कि लोगों को अपने जीवन के हर क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष पौधा लगाना और यज्ञ करना अपने रूटीन में शामिल करना चाहिए ।

## सर्च ऑपरेशन के दौरान 25 किलो का बम बरामद



**लातेहार।** पुलिस और सुरक्षा बलों ने एक बार फिर से माओवादियों के नापाक मंसूबे को विफल कर दिया है. शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने सर्च अभियान के दौरान जयगीर जंगल से एक सिलेंडर बम बरामद किया। जिसे बाद में बम निरोधक दस्ते के द्वारा डिफ्यूज कर दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि माओवादियों ने चुनाव के दौरान हिंसक घटना को अंजाम देने के लिए सिलेंडर बम छिपा कर रखा होगा लातेहार एसपी अंजनी अंजन और सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट डीके जोशी के निर्देश पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस के द्वारा जयगीर पहाड़ी के आसपास शुक्रवार को सर्च अभियान चलाया जा रहा था। सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने देखा कि पहाड़ी के एक किनारे में पत्थरों के नीचे सिलेंडर बम छिपाकर रखा गया है। सुरक्षा बलों ने तत्काल सिलेंडर बम को कब्जे में ले लिया और इसकी सूचना पर अधिकारियों को दी। बाद में अधिकारियों के निर्देश के बाद सिलेंडर बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते के द्वारा डिफ्यूज कर दिया गया। लातेहार एसपी अंजनी अंजन और सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट डीके जोशी का मानना है कि नक्सलियों के द्वारा सिलेंडर बम का प्रयोग चुनाव के दौरान अराजकता फैलाने के लिए किए जाने की योजना होगी।

### 213 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चतरा/हंटरगंज।** एसपी विकास कुमार पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में गठित पुलिस की स्पेशल टीम ने वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के घटघाटी-करैलीबार मुख्य पथ पर स्थित पच्चीसातरी गांव के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बाईक से ब्राउन शुगर की तस्करी करते दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर अनुज कुमार व सुबोध कुमार दोनों वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र के सजनी और करैलीबार के रहने वाले हैं। इस दौरान पुलिस की टीम ने उनके पास से 213 ग्राम प्रतिबंधित ब्राउन शुगर बरामद किया।

## उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई 1000 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

शुक्रवार को पलामू जिले में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छतरपुर फोरलेन सड़क के किनारे चौखड़ा गांव स्थित एक घर से 1000 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। जिसकी बाजार कीमत करीब 50 लाख बताई जा रही है। उत्पाद विभाग ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की थी। पलामू के उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में एक घर में छापेमारी की कार्रवाई की गयी। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि बड़े पैमाने पर एक घर में अवैध रूप से शराब रखी गयी है। जिसके आलोक में कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग ने छतरपुर के चौखड़ा गांव के मनोज यादव के घर में छापेमारी की, जहां से बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गयी।

## न्यूज बॉक्स

### एसपी के आदेश पर लोकसभा चुनाव को लेकर चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर लोकसभा चुनाव को लेकर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के निर्देश पर टिओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर के बैरिया चौक के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दर्जनों दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोक कर वाहन के डिक्की का गहनता पूर्वक जांच की गई। जानकारी के अनुसार पलामू एसपी के आदेश पर लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिदिन पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।वही दुसरी और ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में शहर के छह मुहान चौक के पास शुक्रवार की दोपहर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट के करीब 10 वाहनों को पकड़ा गया। पकड़े गए सभी वाहनों को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस को भेजा गया है।

### दो पक्षों के बीच हुए विवाद को पथरा ओपी प्रभारी ने सुलझाया

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के जिद्दी गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार सिंह को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मंटू कुमार सिंह जिद्दी गांव पहुंच दोनों पक्षों के बीच हो रहे विवाद को समझा बुझाकर मामला को शांत कराया। इस संबंध में पथरा ओपी थाना प्रभारी मंटू कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिला था कि जिद्दी गांव में नाली निर्माण को लेकर आपस में गांव के ही राजेंद्र यादव और दूसरे पक्ष के इंद्रदेव यादव मल्लू यादव झगड़ा कर रहे है। सूचना मिलने पर मंटू सिंह गांव पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को समझा बूझकर मामला को शांत कराया।ग्रामीणों ने कहा की यदि मंटू सिंह समय पर गांव में नहीं पहुंचते तो दोनों पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर झगड़ा बढ़ सकता था। मामला सुलझाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने मंटू कुमार सिंह को धन्यवाद दिया है।

### जेनरल फिजिशियन क्लिनिक का कुंदा में शुभारंभ

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित महेश गुप्ता के मकान में शुक्रवार को जेनरल फिजिशियन क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। क्लिनिक का मनोज कुमार साहू व सिकीदाग मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रुप से विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। बताया गया कि डॉक्टर कामेश्वर साहु के देख-रेख में चलने वाले जेनरल फिजिसियन क्लिनिक का संचालन किया जाएगा। वहीं मौके पर उपस्थित मुखिया मनोज साहू ने कहा कि कुंदा जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में जेनरल फिजिसियन का होना बहुत ही गर्व की बात है। यहां कम खर्च में लोगो को बेहतर इलाज की सुविधा मिल पाएगी। वही संचालक डॉक्टर साहू ने कहा कि मैं जेनरल फिजियन का प्रेक्टिस सन 2006 से अपने पैतृक गांव जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत एघारा पंचायत के नेभी में कर रहे हैं। लेकिन यहां के ग्रामीणों के सहयोग से आज कुंदा में क्लीनिक का शुभारंभ किया हूं। हमारे यहां जेनरल सभी बीमारी का उपचार नियुन्तम शुल्क में किया जाएगा। साथ ही बताया गया कि क्लिनिक में बच्चों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध है।

### क्षतिग्रस्त चारहरदीवारी को सीओ ने जल्द दुरुस्त करने का दिया निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुपिन के क्षतिग्रस्त चाहरदीवारी का अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने जायजा लिया। ज्ञात हो कि भारी वाहन द्वारा गुरुवार को विद्यालय के चाहरदीवारी को टक्कर मार कर ध्वस्त कर दिया गया था। जिससे विद्यालय के करीब 30 से 35 फीट चाहरदीवारी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जिसपर अंचल अधिकारी श्री सहाय ने संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को जायजा लिय और क्षतिग्रस्त चारहरदीवारी को जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं प्रधानाध्यापक ने जल्द चारदीवारी निर्माण पूर्ण करने की बात कही। इस क्रम में अंचल अधिकारी ने मतदान केंद्र 161 व प्लस टू उच्च विद्यालय बारिसाखी के बूथ 157, 158 व 159 का निरीक्षण किया। इस क्रम में रुपिन में जर्जर रैंप को दुरुस्त करने का व विद्यालय परिसर में खराब पड़े समरसेबल व मोटर को चुनाव से पहले दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति कि हुई बैठक



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना परिसर में शुक्रवार को रामनवमी और ईद को शांती पूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति कि बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार और संचालन थाना प्रभारी चंदन कुमार ने किया। बैठक में दोनो पर्व शांतीपूर्ण माहोल में मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं सिमरिया चौक को अतिक्रमण मुक्त कर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी गई। बैठक मे समाजसेवी जयप्रकाश सिंह, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु, आलोक रंजन, रणजीत सिंह, मोहम्मद उस्मान सहित दोनों समुदाय कई लोग उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

**चलती बस में ...**

बरगो गांव से 12 तीर्थ यात्री शामिल है। शेष दुमका जिले के विभिन्न प्रखंडों के बताए जाते हैं। यह घटना रात्रि करीब तीन बजे की है। सुबह 5 बजे तीर्थ यात्रियों द्वारा गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे से संपर्क किया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और कमिश्नर ने मदद की अपील की । इसके बाद यूपी सरकार और प्रशासन की मदद से सभी तीर्थ यात्रियों को खाना खिलाकर दूसरी बस से गंतव्य की ओर भेज दिया गया है। सभी यात्री दुमका लौट रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जरमुंडी के बरगों गांव से तीर्थाटन के लिए गए 12 लोगों में देव ज्योति मंडल, जानकी देवी, सोनिका कुमारी, हरिनारायण मांझी, विद्यापति मंडल, विजय कृष्ण मंडल, लक्ष्मीकांत मंडल, रूनो देवी, हिना कुमारी, सुमन कुमार सौरभ व भूदर चंद्र मंडल शामिल हैं।

**आरबीआई ने रेपो...**

आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान से कम है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर सात फीसदी रहने, सितंबर तिमाही में 6.9 फीसदी रहने का अनुमान है। हालांकि, दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी और चौथी तिमाही में अर्थव्यवस्था के सात फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ग्रामीण मांग गति पकड़ रही है, विनिर्माण क्षेत्र में निरंतर वृद्धि से निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार मार्ग में व्यवधान से कुछ दिक्कतें आ सकती हैं। गौरतलब है कि इस हफ्ते की शुरूआत में एक अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरबीआई की 90वें स्थापना दिवस पर कहा था कि रिजर्व बैंक को वृद्धि को 'सर्वोच्च प्राथमिकता' देते हुए भरोसे और स्थिरता पर ध्यान देना चाहिए। आरबीआई ने एक अप्रैल से शुरू चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए महंगाई दर यानी मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.40 फीसदी के अनुमान से कम है। दास ने कहा कि मानसून की स्थिति को सामान्य मानते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर 4.50 फीसदी रहने का अनुमान है। शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में खुदरा महंगाई दर 4.90 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.80 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.60 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.50 फीसदी रहने की संभावना है। हालांकि, दास ने अप्रैल-जून के बीच खाद्य पदार्थों की कीमतों के मोर्चे पर सतर्क रहने की जरूरत बताई है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में कमी का असर आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति पर दिखाई देगा। रिजर्व बैंक की एमपीसी में छह सदस्य हैं, जिसमें बाहरी और आरबीआई के अधिकारी दोनों शामिल हैं। आबीआई के गवर्नर दास के साथ रिजर्व के अधिकारी राजीव रंजन, कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, जबकि माइकल देबब्रत पात्रा, डिप्टी गवर्नर हैं। वहीं, शशांक भिड़े, आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा बाहरी सदस्य हैं। उल्लेखनीय हे कि रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2023 में रेपो रेट को बढ़ाकर 6.5 फीसदी किया था। उससे पहले मई, 2022 से लगातार छह बार में नीतिगत दर रेपो रेट में 2.50 फीसदी की वृद्धि की गई थी। आरबीआई की तीन दिवसीय एमपीसी बैठक तीन अप्रैल को शुरू हुई थी। यह चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक समीक्षा बैठक है, जो हर दो महीने में होती है।

**कांग्रेस के 48 पेज के...**

उन्होंने यह भी कहा कि हमने हर वादा निभाया है, न्याय पत्र में दिए सारे वचन भी निभाएंगे। कांग्रेस का यह घोषणा पत्र युवा, महिला, मजदूर और किसान पर केंद्रित है और इसमें विभिन्न योजनाओं का फायदा पहुंचाने का वादा किया गया है। इसमें युवाओं को अप्रेंटिस पूरा होने के साथ नौकरी दी जाएगी। गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये की वार्षिक सहायता दी जाएगी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में देशभर के लोगों का 25 लाख रुपये तक के फ्री इलाज का वादा किया गया है। बुजुर्गों को रेलवे में रियायत देने का वादा किया गया है।

जिसे कोरोना काल में बंद कर दिया गया था। कांग्रेस ने इस घोषणा पत्र में एक देश और एक चुनाव का विरोध किया है। वहीं वादा किया है कि गठबंधन की सरकार आने के बाद मतदान के तौर तरीके में बदलाव किया जाएगा। हालांकि, मतदान ईवीएम के माध्यम से होगा लेकिन वीवीपैट मशीन से की पर्ची को अलग से रख और जमा कराया जा सकेगा। वोटिंग मशीन ईवीएम से वीवीपैट से पर्ची का मिलान होगा। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में कहा है कि वह राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। कांग्रेस शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू कराएगी।

कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50 प्रतिशत की कैप हटाएगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को एक साल के भीतर भरेगी। वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए पेंशन में केंद्र सरकार का योगदान महज 200-500 रुपए प्रति महीने है। कांग्रेस पेंशन की इस राशि को बढ़ाकर न्यूनतम 1,000 रुपए प्रति माह करेगी। कांग्रेस 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की आधी (50 प्रतिशत) नौकरियां आरक्षित करेगी। कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उच्च पदों जैसे, न्यायाधीशों, सरकार के सचिवों, उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों, कानून अधिकारियों और बोर्ड के निदेशकों पर अधिक महिलाओं की नियुक्ति हो। कांग्रेस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देगी। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा। कांग्रेस ने मीडिया की पूर्ण स्वतंत्रता सहित भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहाल करने, मानहानि के जुर्म को अपराधमुक्त करने और कानून द्वारा, नागरिक क्षति के माध्यम से त्वरित उपाय प्रदान करने, कांग्रेस मनमाने और अंधाधुंध निलंबन को समाप्त करने का वादा भी किया है। कांग्रेस के न्याय पत्र में कहा गया है कि अगर केंद्र में कांग्रेस की सरकार आती है तो खाली पड़े 30 लाख पदों की भर्ती की जाएगी। जाति जनगणना होगी, एमएसपी पर कानून बनेगा। मनरेगा मजदूरी 400 रुपए दिया जाएगा। कांग्रेस ने के इस न्याय पत्र में जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का ऐलान किया गया है। साथ ही सच्चर कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की भी बात कही गई है।

**ईडी को मिले ...**

ने आरोप शिकायतवाद (पीसी) दायर किया है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अन्य के खिलाफ के शिकायतवाद पर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है। शनिवार 30 मार्च को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में ईडी के अधिकारियों ने लगभग 5500 पन्नों की प्रॉसिक्यूशन कम्प्लेन दाखिल की है, जिसमें इस बात की विस्तृत जानकारी दी गई है कि भूमि घोटाले के माध्यम से कैसे मनी लॉन्ड्रिंग की गई।

इस केस के प्रमुख आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। विनोद सिंह, राजकुमार पाहन, हिलेरियस कच्छप पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। कोर्ट द्वारा संज्ञान लिये जाने के बाद आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप को अब कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है, क्योंकि अदालत ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन और हिलेरियस कच्छप के विरुद्ध समन जारी करने का निर्देश दिया है। हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लैंड स्कैम से जुड़े मामले में सात घंटे से ज्यादा देर तक की गई पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

**21 अप्रैल को झामुमो का...**

की बैठक शुक्रवार को सीएम आवास में हुई। सुबह 11 बजे से शुरू हुई यह बैठक करीब पांच घंटे तक चली। बैठक में पार्टी ने चुनाव के मद्देनजर रणनीतियों पर चर्चा की। इस दौरान विधायकों को कार्य सौंपे गए। इसमें तय किया गया कि 21 अप्रैल को रांची के प्रभाततारा मैदान में महारैली का आयोजन किया जाएगा। बैठक के बाद एक सवाल के जवाब में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि निश्चित रूप से कल्पना सोरेन गांडेय उपचुनाव लड़ेंगी।

**राजधानी के प्रभाततारा मैदान में होगी महारैली :** विधायकों व सांसदों की बैठक में झामुमो ने महारैली की रूपरेखा भी तय की गई। यह महारैली 21 अप्रैल को राजधानी रांची के प्रभाततारा मैदान में आयोजित की जाएगी। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में निकाली गयी न्याय यात्रा का समापन भी इस रैली के माध्यम से होगा। वहीं, इस रैली के माध्यम से केंद्र की तानाशाह सरकार को संदेश दिया जाएगा।

**मोदी को हराने के लिए...**

बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जीत हार दिल्ली में तय नहीं होता है। जीत हार तो बूथों पर तय होता है। इसलिए बूथ कार्यकर्ता मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक जाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह सरकार घोटालेबाज सरकार है। अगर समय रहते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अपने पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन की तरह राज्य के जल, जंगल, जमीन की लूट को नजरअंदाज करते रहे तो उन्हें भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए पूरे मामले की जांच कराने में सहयोग करना चाहिए। मरांडी ने कहा कि हेमंत घोटालों में शामिल थे, जिसके कारण उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि ईडी ने घोटाले की परत दर परत जांच कर रही है। जिससे पता चला कि झारखंड में लूट में हेमंत सोरेन की संलिप्तता है। उन्होंने पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की उपलब्धियों पर जोर दिया। मौके पर भाजपा के दर्जनों नेता सैकड़ो बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद थे।




## एक नजर

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक और आतंकवादी को ढेर कर दिया। सेना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने बतााया कि सहुरा नाला में घुसपैठ करने वाले समूह के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आतंकवादी को ढेर कर दिया गया। अब दो आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। इससे पहले शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधियों को भांपते हुए तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरे को बाद में ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया, घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। मौके पर तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मारे गए आतंकवादी की पहचान की कोशिश हो रही है।

### चाकू के हमले में घायल रूसी गवर्नर की हालत गंभीर

**मॉस्को।** चाकू के हमले में घायल रूस के मरमंस्क क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई चिबिस की हालत गंभीर है। उन्हें गुरुवार को एपेटिटी शहर में एक बैठक के बाद चाकू मार दिया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को एपेटिटी-किरोव अस्पताल के मुख्य चिकित्सक यूरी शिर्याव के हवाले से बताया कि 45 वर्षीय चिबिस की हालत गंभीर है और उनका ऑपरेशन किया जा रहा है। हमलावर की पहचान अलेक्जेंडर बायदानोव के रूप में हुई। सुरक्षा गार्डों ने उसे मौके पर ही हिरासत में ले लिया। गवर्नर के प्रवक्ता के मुताबिक, हमला अचानक हुआ। आरोपी को रूसी नेशनल गार्ड (रोसग्वर्डिया) ने तुरंत पकड़ लिया। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने हमला क्यों किया।

### हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके

**शिमला।** प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इस बार इसका केंद्र चंबा जिला रहा। रात 9 बजकर 34 मिनट पर आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5 दशमलव 3 मापी गई। इस भूकंप की गहराई जमीन की सतह से 10 किलोमीटर नीचे रही। इसका असर कांगड़ा, हमीपुर, बिलासपुर, मंडी, सोलन और शिमला तक महसूस किया गया। यह भूकंप ऐसे समय पर आया जब लोग सोने की तैयारी कर रहे थे। तेज झटके महसूस होने के बाद चंबा में लोग घरों से बाहर निकल गए। चंबा से सटे कांगड़ा जिले में भी लोगों ने झटके महसूस किए। फिलहाल भूकंप की वजह से जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### काठमांडू से 4 संदिग्ध पाकिस्तानी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल-भारत सीमा से दो पाकिस्तानियों सहित तीन आतंकियों की गिरफ्तारी के अगले ही दिन शुक्रवार को काठमांडू से चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने काठमांडू के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर चार पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता कुबेर कडायत ने बताया कि भारत के उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वायड द्वारा पकड़े गए पाकिस्तानियों और कश्मीर के आतंकवादियों को मदद करने के आरोप में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए सभी पाकिस्तानी नागरिक हैं।



जयपुर के जामा मस्जिद जौहरी बाजार में मुसलमान पवित्र महीने रमजान (अल-विदा जुमा) के आखिरी शुक्रवार की नमाज अदा करते हैं। (आईएएनएस)

# मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने किया सम्मेलन, लक्षित सीटों के अधिकारी हुए शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग कम मतदान वाली लोकसभा सीटों में मत प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने आज निर्वाचन सदन में एक दिवसीय 'कम मतदाता मतदान पर सम्मेलन' आयोजित किया। प्रमुख शहरों से नगर निगम आयुक्त और बिहार तथा उत्तर प्रदेश से चयनित जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को बुलाया गया था। उन्होंने चिह्नित शहरी और ग्रामीण लोकसभा सीटों में मतदाता सहभागिता और भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक रास्ता तैयार करने के लिए एक साथ



विचार-विमर्श किया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने की। इस अवसर पर आयोग द्वारा मतदाताओं की उदासीनता पर एक पुस्तिका का विमोचन किया गया।

उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनावों में 11 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों अर्थात बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड में मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम रहा है।

उत्तर प्रदेश की फूलपुर संसदीय क्षेत्र में जहां सबसे कम 48.7 प्रतिशत मतदान हुआ था वहीं बिहार में नालंदा संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 48.79 प्रतिशत मतदान हुआ। राजीव कुमार ने कहा कि कुल 266 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों (215 ग्रामीण और 51 शहरी) की पहचान की गई है। इनसे संबंधित नगर निगम आयुक्तों, डीईओ और राज्य सीईओ को इसमें सुधार के रास्ते खोजने के लिए बुलाया गया है।

उन्होंने तीन-आयामी रणनीति पर जोर दिया। इसमें सुविधा बढ़ाना, पहचान कर लोगों तक पहुंचना और आरडब्ल्यूए, स्थानीय आइकन और युवा प्रभावशाली लोगों जैसे महत्वपूर्ण हितधारकों की भागीदारी बढ़ाना शामिल है। सीईसी ने भागीदारी और व्यवहार परिवर्तन के लिए बूथ अनुसार कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा

# मैं कहता हूं-भ्रष्टाचार हटाओ वो कहते हैं-भ्रष्टाचारी बचाओ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान की धरती से विपक्ष पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, 'मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वे (विपक्षी) कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ।

लोकसभा चुनाव से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के चुरू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश ने हमेशा कांग्रेस के पापों की कीमत चुकाई है। लेकिन अब, जब इन परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब लिया जा रहा है, तो वे सभी एक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग चुनावी रैलियां नहीं कर रहे हैं बल्कि वे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए रैलियां कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने आगे विपक्षी पार्टी को चेतावनी देते हुए कहा, मैं इन भ्रष्ट परिवार वालों से कहना चाहता हूं कि आप कितना भी झूठ फैला लें, मोदी डरने वाला नहीं हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देशहित से भी ज्यादा कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने कोर्ट में जाकर कहा था कि प्रभु श्रीराम तो काल्पनिक हैं। अभी कुछ महीने पहले ही अयोध्या में, भव्य राम मंदिर का सपना पूरा हुआ। पूरा देश प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मन रहा था,



लेकिन कांग्रेस पार्टी खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी गरीबों, दलितों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के कल्याण और सम्मान की उपेक्षा करते हुए, अपने हितों को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने ऐतिहासिक रूप से बाबा साहेब आम्बेडकर की उपेक्षा की है, दशकों तक भारत रत्न के साथ उनकी मान्यता में बाधा डाली और आपातकाल लगाया, संविधान को बंधक बना लिया।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे आईएनडीआई गठबंधन पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने में विफल रहा और इसके विपरीत, मोदी ने इस लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया। भाजपा ने देश के पहले दलित राष्ट्रपति और पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति को नियुक्त किया।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष के दुस्साहस की ओर भी इशारा किया और कहा कि हमारी सेना की सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के दौरान, कांग्रेस और उसके सहयोगी सेना की बहादुरी का सबूत मांग रहे थे। इस अहंकारी गठबंधन ने हमारे सशस्त्र बलों का अपमान किया और देश को विभाजित करने की कोशिश की। यही कांग्रेस पार्टी की असली पहचान है। उन्होंने आतंकवाद पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा, आज दुश्मन भी जानता है- भारत घर में घुसकर मारता है। एक राज्य के रूप में राजस्थान के महत्व और पूरे देश में इसके जुड़ाव पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश विकसित भारत के मिशन पर काम कर रहा है। इस विकसित भारत मिशन में राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। जब राजस्थान विकसित हो जायेगा तो पूरा देश विकसित हो जायेगा।

उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने विकसित भारत के लिए मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि हम जो भी ठान लेते हैं उसे हासिल करने का हमारा ट्रैक रिकॉर्ड है। पिछले दशक पर विचार करते हुए, हम दस साल पहले देश की गंभीर स्थिति को याद कर सकते हैं, जब कांग्रेस शासन के दौरान बड़े पैमाने पर घोटालों और लूट के कारण अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। मोदी ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में जो कुछ भी हुआ वह सिर्फ एक ट्रेलर है। अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और हमें अभी भी देश को आगे ले जाना है। मुस्लिम महिलाओं के लिए किये गए अपनी सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा कि केवल बहनों को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को परेशानी से छुटकारा मिला है। उन्होंने कहा कि अब मुस्लिम बहन के पिता को ये चिंता नहीं है कि कोई 2-3 बच्चे पैदा करके तीन तलाक बोल देगा।

### प्रधानमंत्री की 7 अप्रैल को नवादा में, गृहमंत्री शाह की 9 को औरंगाबाद में चुनावी रैली

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के नवादा जिले में 07 अप्रैल को चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद 09 अप्रैल को पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह औरंगाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। बिहार भाजपा अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि औरंगाबाद में जनसभा के बाद शाह फिर पटना लौटेंगे और पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### कांग्रेस आज हैदराबाद और जयपुर में घोषणा पत्र रैली करेगी

नई दिल्ली। कांग्रेस दिल्ली में घोषणा पत्र जारी करने के बाद देश के दो राज्यों में शनिवार को घोषणा पत्र रैली करेगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, आज हमने घोषणापत्र जारी किया। कल (शनिवार) हम आधिकारिक तौर पर दो स्थानों, जयपुर और हैदराबाद में घोषणापत्र लांच करेंगे। घोषणापत्र रैली में लाखों लोग होंगे। केसी वेणुगोपाल ने आगे कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी जयपुर की रैली में शामिल होंगी, जबकि राहुल गांधी हैदराबाद की रैली में शामिल होंगे।

## दो भारत विरोधियों की आपसी भिड़ंत, पाक पर टूट पड़ा कनाडा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले साल कनाडा में चुनाव से पूर्व खालिस्तानियों के समर्थन से राजनीति करने वाले जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर अपने देश में चल रही दिक्कतों के लिए दूसरे देशों पर ऊंगली उठाना शुरू कर दिया है। इस बार भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान पर कनाडा ने बड़ा आरोप लगाया है। कनाडा की जासूसी एजेंसी ने कहा है कि पाकिस्तान देश में विदेशी हस्तक्षेप गतिविधि में शामिल हो सकता है। जून 2019 की वगीकृत ब्रीफिंग में पाकिस्तान का हवाला दिया गया था, जिसे कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा (सीएसआईएस) द्वारा संघीय चुनावी प्रक्रियाओं और



लोकतांत्रिक संस्थानों में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के लिए प्रस्तुत किया गया था, जिसकी अध्यक्षता न्यायमूर्ति मैरी-जोसी हॉग ने की थी। सीएसआईएस जनादेश और खतरा परिदृश्य शीर्षक वाले दस्तावेज में कनाडा में इस्लामाबाद की कथित विदेशी हस्तक्षेप (एफआई) गतिविधि की संभावित प्रकृति के बारे में जानकारी शामिल है।

## कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पर भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने समुद्र में अपनी मछली पकड़ने वाली नाव पर फंसे 27 बांग्लादेशी मछुआरों को बचाकर बांग्लादेश को सौंप दिया है। जांच के दौरान पता चला कि नाव का स्टीयरिंग गियर पिछले दो दिनों से खराब था और तभी से नाव भारतीय जल सीमा में बह रही थी। भारतीय तटरक्षक जहाज अमोघ ने गुरुवार की रात लगभग 11.30 बजे गश्त के दौरान एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव (बीएफबी) सागर कक्र को भारतीय जल क्षेत्र में बहते हुए देखा। इस पर आईसीजी जहाज ने जांच के लिए बोर्डिंग टीम उतारी। नाव में 27 चालक दल और



मछुआरे सवार थे। भारतीय तटरक्षक की तकनीकी टीम ने खराबी की पहचान करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन नाव का पतवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, इसलिए समुद्र में इसकी मरम्मत नहीं की जा सकी। इसके बाद संकटग्रस्त नाव को भारत-बांग्लादेश आईएमबीएल में खींचकर लाने और अन्य बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव या बांग्लादेश तट रक्षक जहाज को सौंपने का फैसला लिया गया।

### लालू यादव के खिलाफ आर्म्स एक्ट मामले में ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट से वारंट

**ग्वालियर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को ग्वालियर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह मामला करीब 26 साल से लंबित हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। साल 1995 में आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस जांच में लालू प्रसाद यादव का नाम सामने आया था। सुनवाई के दौरान साल 1998 में लालू को अदालत ने फरार घोषित किया था। यह फजीर्वाड़ा 23 अगस्त, 1995 से लेकर 15 मई 1997 के बीच किया गया था। यूपी की फर्म के संचालक राजकुमार शर्मा पर आरोप है कि उसने ग्वालियर की हथियारों की तीन कंपनियों से फजीर्वाड़ा कर 1995 से 1997 के बीच हथियार और कारतूस खरीदे थे। शर्मा ने हथियार और कारतूस बिहार में बेच दिए थे।

# समानता के मुद्दे पर भारत को किसी से उपदेश की जरूरत नहीं : उप राष्ट्रपति

### कुछ देशों में अभी भी महिला राष्ट्रपति नहीं है, हमारे यहां बहुत पहले ही महिला प्रधानमंत्री थीं

**एजेंसी। देहरादून**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज कहा कि भारत को समानता के मुद्दे पर इस ग्रह पर किसी से उपदेश की आवश्यकता नहीं है। देशों से अपने भीतर झांकने का आह्वान करते हुए उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कुछ देशों में अभी तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं है जबकि हमारे यहां ब्रिटेन से भी पहले एक महिला प्रधानमंत्री थीं। अन्य देशों में सुप्रीम कोर्ट ने बिना महिला जज के 200 वर्ष पूरे कर लिये लेकिन हमारे यहां है।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में उनके व्यावसायिक पाठ्यक्रम के चरण-एक के समापन पर 2023 बैच के आईएएस अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने युवा



दिमाग से ऐसे 'तथ्यात्मक रूप से अस्थिर राष्ट्र विरोधी आख्यानों के रणनीतिक आयोजन' का खंडन करने का आह्वान किया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में शासन व्यवस्था बेहतर हुई है। लोकतांत्रिक मूल्य और सार गहरा हो रहा है, क्योंकि कानून के समक्ष समानता को अनुकरणीय तरीके से लागू किया जा रहा है और भ्रष्टाचार अब एक व्यापारिक वस्तु नहीं रह गया है। पहले यह अनुबंध, भर्ती, अवसर तक पहुंचने का एकमात्र तंत्र था। उप राष्ट्रपति ने कहा कि देश को निराशा से बाहर निकाला गया है। भारत आशा और संभावना की भूमि बन गया है। यह कहते हुए कि पूरे देश में उत्साह का माहौल है। भारत की वैश्विक छवि बढ़ रही है।

अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने आईएएस परिवीक्षार्थियों से कहा कि लोग उन्हें आदर्श के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि आपको ऐसे कार्यों से मिसाल पेश करनी होगी, जो अनुकरणीय हों। युवा दिमागों को प्रेरित करें और किसी भी क्षमता में बड़ों की प्रशंसा प्राप्त करें। सभ्यतागत मूल्यों को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बताते हुए उप राष्ट्रपति ने युवा अधिकारियों से सेवा-भाव और समानुभूति-सेवा और सहानुभूति की भावना के साथ काम करने को कहा।

नागरिकता संशोधन अधिनियम के बारे में फैलाई जा रही झूठी कहानी और गलत सूचना के प्रति आगाह करते हुए धनखड़ ने रेखांकित किया कि सीएए न तो किसी भी भारतीय नागरिक को उसकी नागरिकता से वंचित करना चाहता है और न ही यह पहले की तरह किसी को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से रोकता है। यह सीएए पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता के अधिग्रहण की सुविधा प्रदान करता है।

सीएए उन लोगों पर लागू होता है जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आमद का निमंत्रण नहीं है। हमें इन आख्यानों को बेअसर करना होगा। ये अज्ञानता से नहीं बल्कि देश को बर्बाद करने की रणनीति से उत्पन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की उपलब्धि पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है।

### बिहार में महागठबंधन के घटक दलों की संख्या बढ़ी

# वीआईपी तीन सीटों पर लड़ेगी चुनाव



**एजेंसी। पटना**

बिहार में महागठबंधन में शामिल घटक दलों की संख्या बढ़ गई है। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) भी महागठबंधन में शामिल हो गई है। वीआईपी महागठबंधन में राजद के कोटे में आई 26 में से तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पटना में शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गई। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को तीन लोकसभा सीटें देने का ऐलान किया है। तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी का महागठबंधन में स्वागत किया तो सहनी ने महागठबंधन में शामिल सभी घटक दलों का आभार जताया। वीआईपी जिन तीन लोकसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेगी, उनमें गोपालगंज, मोतिहारी और झंझारपुर शामिल है। तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी के महागठबंधन में आने पर कहा कि इन्होंने लगातार मेहनत की है। यह गठबंधन सिर्फ इस लोकसभा चुनाव को लेकर नहीं है, बल्कि आने वाले समय में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग '400 पार' का नारा लगा रहे हैं, उन्हें बिहार की धरती सबक सिखाएगी।